*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
08 जुलाई, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 258

त्रिपुरा विधानसभा में हंगामा, कार्यवाही में बाधा पहुंचाने के लिए पांच विधायक निलंबित








### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ग्रामीणों को दवाइयां उपलब्ध कराने की परिकल्पना ले रही आकार

# पूरे राज्य में पंचायत स्तर पर 543 दवा दुकानें स्वीकृत

- प्रक्रिया को बनाया गया सरल, ग्रामीण क्षेत्र में आय भी बढ़ेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य एक आदिवासी बहुल राज्य है, जहां की अधिकांश जनसंख्या सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, जिसे ससमय चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ जरूरी दवा की समय पर उपलब्धता अत्यावश्यक है। समय पर दवा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में कई लोग गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं या असमय उनकी मृत्यु हो जाती है। इस स्थिति से निपटने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के प्रत्येक जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को दवाइयां सुलभतापूर्वक उपलब्ध कराने के लिए सुदूर गांवों में कम-से-कम एक दवा दुकान की स्थापना का निर्देश दिया है। इसके तहत अब तक पूरे राज्य में दवा दुकानों के लिए 543 आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं।





**सबसे अधिक आवेदन देवघर से :** ग्राम पंचायत स्तर पर दवा दुकान स्थापना के लिए अब तक कुल 1593 आवेदन पूरे राज्य से प्राप्त हुए हैं। इनमें 543 आवेदनों को स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि 962 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। सबसे अधिक देवघर से 233, गिरिडीह से 230, धनबाद से 212, रांची से 138, गोड्डा से 102, पलामू से 85 और हजारीबाग और बोकारो से 75-75 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं, दूसरी ओर चतरा में विगत दिनों मुख्यमंत्री द्वारा तीन लोगों को इस निमित स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया और वहां दवा दुकान का शुभारंभ हुआ।

**फार्मासिस्ट की उपस्थिति को अनिवार्य नहीं :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर दवा की बिक्री हेतु, फार्मासिस्ट की उपस्थिति को अनिवार्य नहीं बनाया गया है। प्रपत्र 20ए एवं 21ए में दवा दुकान के लिए अनुज्ञप्ति निर्गत की जा रही है। जरूरत पड़ने पर खुदरा औषधि विक्रेता के माध्यम से सभी प्रकार की दवा ग्रामीणों को उपलब्ध करायी जा सकेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का लक्ष्य ग्रामीणों को ससमय दवा उपलब्ध कराना एवं शिक्षित ग्रामीणों को रोजगार एवं आय के स्रोत के साधन में वृद्धि करना है।

**सरकार का मिल रहा सहयोग :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर अनुज्ञप्तिधारी के द्वारा संबंधित पंचायत के ग्रामीणों को विभागीय हेल्प लाइन नंबर 104 के साथ समन्वय स्थापित करते हुए टेली -मेडिसिन एवं टेली-कंसल्टेंसी की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेंगी। कल्याण विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार गारंटी कार्यक्रम के अंतर्गत अनुज्ञप्तिधारियों को अनुमान्य सहायता उपलब्ध करायी जायेंगी। संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा इच्छुक एवं पात्र अनुज्ञप्तिधारियों को पारस्परिक समन्वय स्थापित करते हुए बैंक से ऋण दिलवाने में सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

## भाजपा ने चार राज्यों के चुनाव प्रभारी बदले

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भाजपा ने चार चुनावी राज्यों में संगठन के प्रभारी नियुक्त किये हैं। प्रह्लाद जोशी को राजस्थान, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को मध्य प्रदेश, ओपी माथुर को छत्तीसगढ़ और प्रकाश जावडेकर को तेलंगाना की जिम्मेदारी सौंपी है। इनके साथ सहप्रभारियों को भी नियुक्त किया है। इन चारों राज्यों में इसी साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं।

## मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी गांधी की दो साल की सजा बरकरार

**अहमदाबाद (आजाद सिपाही)।** गुजरात हाइकोर्ट ने शुक्रवार को मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी की दो साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हाइकोर्ट ने कहा कि इस केस के अलावा राहुल के खिलाफ कम से कम 10 केस पेंडिंग हैं। ऐसे में सूरत कोर्ट के फैसले में दखल देने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस ने गुजरात हाइकोर्ट के फैसले के बाद कहा कि हम अब सुप्रीम कोर्ट जायेंगे। गौरतलब है कि 23 मार्च 2023 को सूरत की सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनायी थी। हालांकि, इस फैसले के 27 मिनट बाद उन्हें जमानत मिल गयी थी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# छत्तीसगढ़ को 'एटीएम' समझती है कांग्रेस : मोदी

- बोले : कांग्रेस ने गंगा जी की झूठी कसम खाकर 36 वादे किये
- पीएम ने 7000 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास भी किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ का निर्माण भाजपा ने किया है। यहां के लोगों को भाजपा ही समझती है। पिछले चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने गंगा जी की झूठी कसम खायी। शराबबंदी समेत 36 वादे किये, लेकिन वादे पूरे नहीं किये। कांग्रेस छत्तीसगढ़ को 'एटीएम' समझती है। हजारों करोड़ का शराब घोटाला कर दिया। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार और कुशासन का मॉडल है। प्रधानमंत्री शुक्रवार को छत्तीसगढ़ में भाजपा की संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने राज्य के लिए 7 हजार करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आज जिन योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया गया है, उससे छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा और बेहतर होगी।

**भ्रष्टाचार कांग्रेस की सबसे बड़ी विचारधारा :** पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ वह राज्य है, जिसके निर्माण में भाजपा की प्रमुख भूमिका रही है। भाजपा ही छत्तीसगढ़ के लोगों को समझती है, उनकी जरूरतों को जानती है। छत्तीसगढ़ के विकास के सामने एक बहुत बड़ा पंजा दीवार बनकर खड़ा हो गया है। ये कांग्रेस का पंजा है, जो आपसे आपका हक छीन रहा है। इस पंजे ने ठान लिया है कि वह छत्तीसगढ़ को लूट-लूट कर बर्बाद कर देगा। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ से 36 वादे जो कांग्रेस ने किये थे, उसमें एक ये था कि राज्य में शराबबंदी की जाएगी। 5 साल बीत गये, लेकिन सच ये है कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में हजारों करोड़ का शराब घोटाला कर दिया है। इसकी पूरी जानकारी अखबारों में भरी पड़ी है।



### मोदी ने गोरखपुर में वंदे भारत को हरी झंडी दिखायी

**गोरखपुर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ के बाद उत्तर प्रदेश के गोरखपुर पहुंचे। यहां वह गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद गोरखपुर जंक्शन से वंदे भारत को हरी झंडी दिखायी। यह ट्रेन अयोध्या होते हुए लखनऊ तक चलेगी। गीता प्रेस के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि गीता प्रेस विश्व का ऐसा इकलौता प्रिंटिंग प्रेस है, जो सिर्फ संस्था नहीं, बल्कि जीवंत आस्था है। मानव मूल्यों को बचाने के लिए गीता प्रेस जैसी संस्थाएं जन्म लेती हैं। गीता प्रेस का कार्यालय करोड़ों-करोड़ लोगों के लिए किसी मंदिर से कम नहीं है। इसके नाम और काम में भी गीता है। जहां गीता है वहां साक्षात कृष्ण भी हैं। वहां करुणा है, ज्ञान का बोध भी है, हां विज्ञान का शोध भी है। यहां सब वासुदेवमय है। यहां की किताबों ने घर-घर में संस्कृति और विरासत पहुंचायी।

### 11 दिनों में एसीबी की दूसरी कार्रवाई

# कोडरमा में रिश्वत लेते सहयोग निबंधक मिताली शर्मा गिरफ्तार

**संजीव/ अमित**

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिले में भ्रष्टाचार किस कदर हावी है, एसीबी ने ट्रैप के मामलों से इसकी बानगी मिल रही है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग ने कोडरमा जिला के सहायक निबंधक मिताली शर्मा को 10 हजार रुपये घूस लेते शुक्रवार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी की कोडरमा में 11 दिनों के भीतर यह दूसरी कार्रवाई है। एसीबी ने बाताया कि वादी रामेश्वर प्रसाद यादव की शिकायत पर मिताली शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की गयी। रामेश्वर कोडरमा व्यापार मंडल सहयोग समिति के सदस्य हैं, जो बीज वितरण हेतु नोडल एजेंसी है। गत 16 जून को सहायक निबंधक मिताली शर्मा ने व्यापार मंडल का निरीक्षण कर स्पष्टीकरण मांगा था। इस पूरे मामले में सहायक निबंधक ने स्पष्टीकरण से बचने के लिए 20 हजार घूस की मांग की थी। इसे लेकर वादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। एसीबी द्वारा मामले के सत्यापन के बाद 6 जुलाई को कांड संख्या 05/23 दर्ज किया गया। वहीं, शुक्र को अग्रिम राशि 10 हजार घूस लेते हुए कोडरमा से गिरफ्तार किया गया है। एसीबी डीएसपी सादिक रिजवी ने बताया कि ट्रैप टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की गयी। मिताली शर्मा (पिता मुकेश शर्मा, बड़ा बाजार, हजारीबाग) को रंगे हाथ रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। इसके पहले गत 27 जून को वनरक्षी अमरेंद्र कुमार को एसीबी की टीम ने घूस लेते गिरफ्तार किया था।








### साहिबगंज में अवैध खनन के मामले में कार्रवाई

# इडी ने पत्थर कारोबारी टिंकल भगत समेत दो को किया गिरफ्तार

**आजाद सिपाही सवंदादात**

**रांची।** साहिबगंज जिले में हुए 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले की प्रवर्तन निदेशालय (इडी) जांच कर रही है। इस मामले में इडी ने कार्रवाई करते हुए पत्थर खदान संचालक टिंकल भगत और भगवान भगत को गिरफ्तार किया है। टिंकल भगत मुक्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का सहयोगी है।

गौरतलब है कि अवैध खनन मामले की जांच के दौरान इडी ने 8 जुलाई 2022 को पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत और टिंकल भगत समेत 15 लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। टिंकल भगत का मिर्जाचौकी में पत्थर का खदान है। वहीं, भगवान भगत का बरहड़वा में पत्थर का खदान है। इडी ने छापेमारी के दौरान भगवान भगत और टिंकल भगत के घर से खनन से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किये थे। इसके बाद 29 जुलाई 2022 को टिंकल भगत समेत छह लोगों के खदान की जांच भी की गयी थी। जिसके बाद इडी ने 03 अगस्त 2022 को टिंकल भगत समेत अन्य लोगों से पूछताछ की थी। इस पूछताछ के बाद अब इडी ने दोनों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक अवैध खनन मामले में इडी को उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत मिले हैं।

# बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए मतदान आज

- लेह से एयरलिफ्ट कर लाये गये केंद्रीय बल के जवान
- विपक्षी दलों ने जतायी भारी हिंसा की आशंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए हिंसा के साए में शनिवार को सभी 22 जिलों में एक ही चरण में मतदान होगा। ग्राम पंचायत, जिला परिषद और पंचायत समिति की लगभग 74,000 सीटों के लिए चुनाव होने हैं। वहीं, चुनाव की घोषणा के बाद से ही बीते 29 दिनों में उत्तर बंगाल से लेकर दक्षिण बंगाल तक के विभिन्न हिस्सों में जिस तरह से बेलगाम हिंसा जारी है, उससे लोग सहमे हुए हैं। मतदान से एक दिन पूर्व शुक्रवार को भी जगह-जगह हिंसा हुई। मुर्शिदाबाद जिले के रानीनगर इलाके में कांग्रेस कार्यकर्ता अरविंद मंडल (45) की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। हत्या का आरोप सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर लगा है। हालांकि तृणमूल ने आरोपों से इन्कार किया है।

# बालासोर ट्रेन हादसे में तीन रेलकर्मी गिरफ्तार

### सीबीआइ ने इन पर गैर-इरादतन हत्या और सबूतों को मिटाने का केस दर्ज किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के बालासोर में पिछले महीने हुए ट्रेन हादसे में सीबीआइ ने शुक्रवार को तीन रेल कर्मचारियों को गिरफ्तार किया। इनमें सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मोहंता, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और टेक्नीशियन पप्पू कुमार शामिल हैं। तीनों पर गैर इरादतन हत्या और सबूत मिटाने का आरोप है। इस हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। सूत्रों का कहना है कि इन तीनों की लापरवाही के कारण ही हादसा हुआ। उधर, दुर्घटना की जांच कर रहे रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने पिछले सप्ताह हादसे के लिए सिग्नलिंग विभाग के कर्मचारियों की मानवीय भूल को जिम्मेदार ठहराया था। सीआरएस की जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि इस दुर्घटना के लिए सिग्नल एंड टेलीकॉम विभाग में कई स्तरों पर खामियां जिम्मेदार थीं। सिग्नल सर्किट डायग्राम में गड़बड़ी नहीं हुई होती तो 293 यात्रियों की जान नहीं जाती। भविष्य में इस वजह से दुर्घटना न हो, इसके लिए सीआरएस ने 14 बिंदुओं पर अपनी सिफारिश पेश की है। इस मामले की जांच सीबीआइ भी कर रही है। सीबीआइ ने जांच के क्रम में कार्रवाई करते हुए तीन रेलकर्मियों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों का यह भी दावा है कि तीनों आरोपी जानते थे कि उनकी लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+ | Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel | Subscribe NOW | No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,000 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 08 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# ‘मिशन पूर्व-पूर्वोत्तर’ के लिए भाजपा ने तैयार किया मेगा प्लान

## ■ 12 राज्यों की 142 सीटों के लिए तीन तरफा रणनीति पर पार्टी ने किया मंथन

## ■ विपक्षी खेमे में बिखराव और मुस्लिमों में पैठ के जरिये 100 सीटें जीतने का है प्लान

**आजाद सिपाही विशेष**

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा पूरी तरह चुनावी मोड में आ गयी है। पार्टी ने असम की राजधानी गुवाहाटी में गुरुवार को पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्र के 12 राज्यों की 142 सीटों के लिए चुनावी रणनीति पर कई घंटे तक मंथन किया। इन 142 सीटों में से भाजपा ने 2019 में 68 सीटों पर कब्जा जमाया था। ऐसे में स्वाभाविक तौर पर भाजपा का फोकस इन राज्यों पर सबसे अधिक है। पार्टी ने इन 12 राज्यों, जिनमें पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओड़िशा, असम, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और नागालैंड शामिल हैं, के लिए ‘मिशन हंड्रेड’ का प्लान बनाया है। अगर भाजपा इसमें सफल हो जाती है, तो उसके लिए 2024 की राह एकदम आसान हो जायेगी। लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए भाजपा को इन राज्यों में जीत हासिल करना बेहद जरूरी है, जबकि हकीकत यह है कि असम को छोड़ कर दूसरे किसी भी राज्य में भाजपा सत्ता में नहीं है। इस लिहाज से भाजपा पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत पर खासा ध्यान दे रही है। इन राज्यों के लिए पार्टी ने तीन तरफा रणनीति तैयार की है। इसमें विपक्षी खेमे में बिखराव का लाभ उठाने, सोशल इंजीनियरिंग पर अधिक ध्यान देने और धार्मिक अल्पसंख्यकों, खास कर मुस्लिमों में पैठ बनाने की योजना शामिल है। भाजपा ने इस रणनीति को जमीन पर उतारने के लिए काम भी शुरू कर दिया है। पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों को उन क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने के लिए कहा गया है, जहां पिछली बार भाजपा को काफी कम अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। इन मंत्रियों के जिम्मे उन सीटों की ग्राउंड रिपोर्ट तैयार करने के साथ विपक्षी खेमे में बिखराव की संभावनाओं को तलाशना भी है। दूसरे चरण में पार्टी उन सीटों पर फोकस करेगी, जहां पिछली बार जीत का अंतर काफी कम था। इन सीटों पर सोशल इंजीनियरिंग के तहत दलितों और पिछड़ों के साथ सवर्णों का समन्वय बनाया जायेगा, ताकि भाजपा के वोटरों के बीच जातीय खेमेबंदी को कम किया जा सके। गुवाहाटी में हुई भाजपा की चुनावी बैठक का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

देश में अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दल अपने-अपने किलों को मजबूत कर रहे हैं और रणनीतियां बना रहे हैं। एक तरफ भाजपा जहां लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए हरसंभव कोशिश में जुटी है, तो वहीं विपक्षी दल अभी एकजुटता की कोशिशों में लगे हुए हैं। भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी माना जाता है और वह दूसरी पार्टियों से अलग केवल अपनी कार्यशैली के कारण है। भाजपा की इस अलग कार्यशैली का उदाहरण 2024 में होनेवाले चुनाव की तैयारियों को देखने से मिल जाता है। पार्टी अभी से ही चुनावी मोड में आ गयी है। इसके तहत अब क्षेत्रीय स्तर पर चुनावी बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है।

भाजपा ने देश के पूर्वी और पूर्वोत्तर हिस्से के 12 राज्यों में चुनावी तैयारियों के लिए छह जुलाई को गुवाहाटी में बैठक की। इस बैठक के दौरान 2024 के लोकसभा चुनाव पर रणनीति को लेकर मंथन किया गया। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और पार्टी के कई सांसद तथा विधायक और राज्य इकाइयों के अध्यक्षों सहित अन्य लोग शामिल हुए। इनमें झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा, असम भाजपा अध्यक्ष भाबेश कलिता, बिहार के सम्राट चौधरी और अन्य शामिल हुए। दिन भर चली बैठक में इन राज्यों में वर्तमान राजनीतिक हालात और पार्टी की स्थिति की समीक्षा की गयी।

### इन राज्यों में हैं 142 लोकसभा सीटें

पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के 12 राज्यों में कुल 142 लोकसभा सीटें हैं। इनमें पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 42 सीटें हैं। इसके बाद बिहार में 40 और ओड़िशा में 21 सीटें हैं। झारखंड और असम में 14-14 सीटें हैं। वहीं, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि



मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम में एक-एक सीट है। 2019 में इन 142 सीटों में से भाजपा ने केवल 68 सीटें जीती थीं। इससे भी खास बात यह है कि पूर्वी भारत के किसी भी राज्य में भाजपा अभी सत्ता में नहीं है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सत्ता में है, तो ओड़िशा में बीजू जनता दल। झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ कांग्रेस और राजद सत्ता में है और बिहार में जनता दल यूनाइटेड के साथ राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस की सरकार है। पूर्वोत्तर में असम में भाजपा सत्ता में है और दूसरे छोटे राज्यों में भी उसकी सरकार है। इस लिहाज से भाजपा के लिए पूर्वी राज्य बेहद अहम हो जाते हैं। बैठक में इन 12 राज्यों के राजनीतिक माहौल पर विचार किया गया। पार्टी ने महसूस किया कि लगातार तीसरी बार देश की सत्ता हासिल करने के लिए इन राज्यों की कम से एक सौ सीटें जीतना बेहद जरूरी है।

### क्या है भाजपा का प्लान

भाजपा ने इन राज्यों की एक सौ सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है, वहीं विपक्ष उसे बुरी तरह हराने का दावा कर रहा है। दोनों के दावे उनके पक्ष में किसी बड़ी लहर से ही पूरे हो सकते हैं। भाजपा के लिए स्थिति अनुकूल इसलिए है, क्योंकि पार्टी अपना पांचवां प्रमुख वादा, यानी समान नागरिक संहिता पर तेजी से आगे बढ़ रही है। विपक्ष भी सत्ताधारी दल की इस रणनीति को नजरअंदाज करने की भूल नहीं करना चाहता। इसलिए भाजपा को अब हर कदम अब बड़ी सतर्कता के साथ उठाना होगा।

### भाजपा के साथ आने लगे हैं मुसलमान

भाजपा का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में वह पारदर्शी सरकार दे रही है। अब तक जो मुसलमान भाजपा से परहेज करते थे, वे भी साथ आने लगे हैं। भाजपा के पक्ष में धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण नहीं होता, बल्कि उसकी राष्ट्रवादी नीतियां, पारदर्शी कार्यशैली और संविधान के अनुरूप सबको आगे बढ़ने के समान अवसर ही उसकी ताकत है। इसलिए विपक्षी दलों की कोई भी चाल जनता को रास नहीं आने वाली है। बैठक में पार्टी की इस छवि को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। भाजपा ने इन बिंदुओं को अपने मेगा प्लान का हिस्सा बनाया है। इस तीन तरफा प्लान का दूसरा हिस्सा उन 74 सीटों पर ध्यान केंद्रित करना है, जहां 2019 में पार्टी हार गयी थी। इन सीटों पर केंद्रीय मंत्रियों और प्रदेश स्तरीय नेताओं को भेजा जा रहा है, जहां से वे ग्राउंड रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को देंगे। इस रिपोर्ट में स्थानीय मुद्दों की पहचान, विपक्षी खेमे की कमजोरियां और भाजपा के संभावित प्रत्याशी की छवि का आकलन शामिल होगा। तीसरे चरण में भाजपा उन 55 सीटों पर फोकस करेगी, जहां पिछली बार उसकी जीत का अंतर एक हजार से लेकर एक लाख के बीच था। पार्टी हर हाल में इस अंतर को बढ़ाना चाहती है। इसके लिए संबंधित सीटों के सामाजिक समीकरण को साधने के लिए एक टीम तैयार की गयी है, जो इलाके के जातीय नेताओं से बातचीत करेगी। भाजपा को विश्वास है कि सोशल इंजीनियरिंग का यह नायाब फॉर्मूला उसकी जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### क्षेत्रीय शक्तियां ही दे रहीं भाजपा को चुनौती

विपक्ष के रणनीतिकार मानते हैं कि पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओड़िशा में क्षेत्रीय शक्तियां ही भाजपा को चुनौती दे रही हैं। इसलिए उसे आगे भी सफलता के लिए सांप्रदायिक आधार पर ध्रुवीकरण को हर हाल में रोकने के उपाय अपनाने होंगे। विपक्षी दल यह अच्छी तरह से समझ चुके हैं कि धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण हुआ, तो वे घाटे में रहेंगी। इसलिए विपक्ष के प्रमुख नेता धार्मिक मुद्दों पर बहुत ही सधी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

गुवाहाटी की बैठक के बाद एक-एक कर पार्टी क्षेत्रीय स्तर पर मंथन कर रही है और स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार रणनीति बना रही है। ऐसे में अब यह देखना दिलचस्प है कि पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत की चुनौती से पार्टी कैसे पार पाती है।

# अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को बेल देने से इडी कोर्ट का इनकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष की जमानत अर्जी पर आज शुक्रवार को सुनवाई हुई। इडी और बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने अमित और दिलीप को बेल देने से इनकार करते हुए उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में दोनों अभियुक्तों ने जमानत की गुहार लगायी थी। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने पक्ष



रखा। अमित अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने बहस की।

**7 जून को इडी ने अमित और दिलीप को किया था गिरफ्तार**

बता दें कि इडी ने 7 जून को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को कोलकाता से गिरफ्तार किया था। रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है।

# वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता को बेल के लिए करना होगा इंतजार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और उनके पिता की अग्रिम जमानत पर शुक्रवार को रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और उनकी पत्नी राजकुमारी देवी की याचिका पर सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता ने बहस के लिए समय मांगा। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया और दोनों की बेल पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 18 जुलाई मुकर्रर की है। इडी द्वारा टेंडर मैनेज कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने के केस में दाखिल प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन में वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी का नाम भी शामिल है। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ समन जारी किया है।

**वीरेंद्र राम को इडी ने 22 फरवरी को किया था गिरफ्तार**

बता दें कि इडी ने 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को इडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान इडी ने लगभग डेढ़ करोड़ की ज्वेलरी सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

# बीएयू के लिए नये कुलपति की तलाश शुरू, 26 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विवि के नये कुलपति की तलाश शुरू हो गयी है। राजभवन द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। वर्तमान कुलपति डॉ ओंकारनाथ सिंह का तीन वर्ष का कार्यकाल 21 सितंबर को समाप्त हो रहा है। राजभवन द्वारा नये कुलपति की नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से सात जुलाई (दिन के 11 बजे) से 26 जुलाई 2023 (अपराह्न तीन बजे) तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। विद्वान, शैक्षणिक रूचि, प्रशासनिक क्षमता सहित अन्य योग्यता रखनेवाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए सात जुलाई से पोर्टल खोला जायेगा। उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुलपति की नियुक्ति के लिए सर्च कमेटी का भी गठन किया गया है।

### तीन वर्ष के लिए होती है नियुक्ति

बिरसा कृषि विवि में कुलपति के पद पर नियुक्ति 3 वर्ष के लिए होती है। आवेदन करने वालों के पास प्रोफेसर के तौर पर कम से कम 10 वर्ष तक काम करने का अनुभव होना चाहिए। साथ ही साथ यूजीसी द्वारा निर्धारित अन्य योग्यताएं को भी पूरा करना अनिवार्य है। अभ्यर्थी की उम्र 65 से अधिक नहीं होनी चाहिए। बता दें कि कुलपति की नियुक्ति के लिए गठित सेलेक्शन कमेटी में गवर्नर नॉमिनी के अलावा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक, यूजीसी के अध्यक्ष व कृषि उत्पादन आयुक्त या कृषि विभाग के सचिव होते हैं। विवि अधिनियम की मानें तो किसी निदेशक या डीन को ही कुलपति का प्रभार दिया जा सकता है। लेकिन उसकी अवधि भी केवल 6 माह की होती है।

## अजब-गजब : पत्नी को नर्स बनाने के चक्कर में दो लाख से ज्यादा का हो गया कर्जदार

# पति ने मेहनत-मजदूरी कर बनाया नर्स, बोली-तुम्हारे संग नहीं रहना, दूसरे युवक के साथ फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** यूपी की पीसीएस पदाधिकारी ज्योति मौर्य का मामला अभी ठंडा हुआ भी नहीं हुआ कि ठीक ऐसा की मामला झारखंड के साहेबगंज में सामने आया है। जहां एक व्यक्ति ने दावा करते हुए कहा है कि उसने अपनी पत्नी को तमाम मुश्किलों से नर्स की पढ़ाई करायी। कर्ज उतारने के लिए मजदूरी की। अब जब वह अच्छे जगह पहुंच गयी है तो अब साथ रहने से मना कर दी है। पति के मुताबिक उसकी पत्नी दूसरे युवक के साथ 14 अप्रैल से फरार है। पति अपने हक के लिए पदाधिकारियों के दफ्तर का चक्कर लगा रहा है।

### क्या है पूरी कहानी

मिली जानकारी के अनुसार साहेबगंज के बांझी बाजार के रहने वाले कन्हाई पंडित की शादी करीब 14 साल पहले हिंदू रीति रिवाज से कल्पना देवी के साथ हुई थी। कल्पना बोरियो प्रखंड क्षेत्र के तेलों गांव की रहने वाली है। पति कन्हाई पंडित के मुताबिक शादी के बाद पति से पढ़ाई करने की जिद करने लगी। पत्नी की जिद के बाद उसने काफी मुश्किल से उसने पत्नी को



जमशेदपुर के एक नर्सिंग कॉलेज से एएनएम की पढ़ाई करायी। पति कन्हाई पंडित के मुताबिक पत्नी को पढ़ाने में उस पर लगभग दो लाख रुपये का कर्ज हो गया। बढ़ते कर्ज को देखते हुए उसने अपनी पत्नी के कहने पर गुजरात कमाने चला गया। इस बीच उसकी पत्नी साहिबगंज में ही जुमावती नर्सिंग होम में बतौर नर्स काम करने लगी।

### अधिकारियों के ऑफिस के काट रहा चक्कर

**पत्नी की बेरूखी से तंग आकर अब कन्हाई पंडित अधिकारियों से शिकायत कर न्याय की गुहार लगा रहा है। पीड़ित ने साहिबगंज जिला अदालत, उपायुक्त और एसपी के पास शिकायत दर्ज करायी है। न्याय की गुहार लगायी है। उसने मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी साहिबगंज से गुहार लगाते हुए पत्नी कल्पना कुमारी, ससुर राजकिशोर पंडित, सास जयंती देवी, साला धर्मेंद्र पंडित के ऊपर मामला दर्ज करते हुए उचित कानूनी करवाई करने का मांग किया है।**

पति कन्हाई पंडित ने बताया कि वह 2019 में गुजरात कमाने गया। वहां वह दो साल से अधिक समय तक रहा। कोरोना के दौरान जब वह घर आना चाह रहा था तब पत्नी ने कहा कि यहां आकर क्या कीजिएगा। अच्छा है वहीं रह रहे हैं। पत्नी की बात सही मानकर वह वहीं रह गया। पत्नी उसे केवल पैसे भेजने को कहती थी।

### घर आने पर पत्नी के रवैये से हुआ परेशान

कन्हाई पंडित के मुताबिक जब वह इस साल होली में घर आया तब उसकी पत्नी कर स्वभाव बदला हुआ पाया। वह दिन और रात ड्यूटी के नाम पर अक्सर घर के बाहर ही रहने लगी। पति-पत्नी जैसा संबंध नहीं रहा। कन्हाई का आरोप है कि मैं पास जाता तो वह झिड़क देती। होली भी पत्नी ने साथ नहीं मनायी। धीरे-धीरे उसे संदेह होने लगा कि उसकी पत्नी अब उससे रिश्ता नहीं रखना चाहती। कन्हाई का कहना है कि इसी बीच पत्नी 10 साल के बेटे को लेकर मायके चली गयी और आखिरी बार 14 अप्रैल 2023 को बात हुई थी। जब पत्नी से बात नहीं हो सकी तो वह अपने ससुराल गया। वहां उसने सास-ससुर का स्वभाव भी बदला हुआ पाया। इससे उसका शक और गहरा हो गया। कन्हाई का आरोप है कि उसकी पत्नी ने अपने घरवालों के साथ मिल कर उसका आर्थिक और मानसिक शोषण किया है। उसका कहना है कि उसकी पत्नी 10 साल के बेटे को लेकर गायब है।

# पासपोर्ट रिलीज करने के मामले की हाइकोर्ट में सुनवाई हुई

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में शुक्रवार को मनी लांड्रिंग मामले में फंसे पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के तत्कालीन निजी सचिव उमाशंकर मालवीय के पासपोर्ट रिलीज कराने को लेकर दायर क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से बहस की गयी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को पूरक शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि वह अपनी बेटी से मिलने लंदन कब और कितने दिनों के लिए जाना चाहते हैं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 14 जुलाई निर्धारित की। इडी की विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने पासपोर्ट रिलीज करने के उमाशंकर मालवीय की याचिका को खारिज कर दिया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.7 °c | 22.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.09 बजे |



# बरकट्ठा : परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में छात्राओं से छेड़खानी, विरोध करने पर आदेशपाल को किया लहूलुहान

## बदमाशों ने दी चेतावनी-मामला आगे बढ़ाया, तो स्कूल में लगा देंगे आग, कर देंगे बर्बाद

- बीच-बचाव को आये शिक्षक को भी पीटकर किया घायल
- मनचलों को मिले कड़ी-से-कड़ी सजा : विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में मनचले छात्राओं को छेड़ रहे थे।

आदेशपाल चितरंजन प्रसाद यादव ने इसका विरोध किया तो बदमाशों को गुस्सा आ गया। बदमाशों ने पीटकर आदेशपाल चितरंजन प्रसाद यादव को लहूलुहान कर दिया। भुक्तभोगी ने शुक्रवार को इस संबंध में बरकट्ठा थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है।

घटना शुक्रवार की सुबह करीब 9:20 बजे की है। आवेदन में बताया गया है कि धनजंय कुमार, गौतम कुमार गुप्ता, राहुल प्रसाद उर्फ नन्हकू समेत अन्य लड़के परिसर में घुसकर छात्राओं के साथ अभद्र भाषा और गलत आचरण कर छेड़छाड़ कर रहे थे। विरोध करने पर हाथ में पहने फाइटर एवं लोहे के रड से मनचलों ने आदेशपाल पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे उनका सिर फट गया और वह खून से लथपथ हो गये। हल्ला सुन बीच-बचाव करने आये शिक्षक राजेंद्र कुमार के साथ भी मारपीट की गयी। फिर मनचले बुलेट और अन्य वाहन पर सवार होकर भाग गये। भागते समय मनचलों नें धमकी दी कि मामले को आगे बढ़ाया तो विद्यालय में आग लगा देंगे एवं बर्बाद कर देंगे। आदेशपाल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में कर सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### दोषियों को मिले कड़ी से कड़ी सजा : विधायक

मामले की जानकारी पाकर स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव एवं स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव घटनास्थल पर पहुंचे और घटना के संबंध में जानकारी ली। साथ ही अस्पताल पहुंचकर पीड़ित आदेशपाल से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली। विधायक ने कहा कि घटना में संलिप्त दोषियों को पुलिस-प्रशासन कड़ी-से-कड़ी सजा दे।

# इंस्पेक्टर उमेश कच्छप भी आदिवासी थे, उनकी मौत की सीबीआइ जांच हो : बाबूलाल मरांडी

- कहा-आदिवासी हितों की रक्षा का दावा करने वाली सरकार बनी तो सरकार ने आदिवासी अफसर की मौत की फाइल ही बंद कर दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दारोगा उमेश कच्छप की मौत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कटघरे में खड़ा किया। शुक्रवार को श्री मरांडी ने कहा कि आदिवासी अफसर उमेश कच्छप ने धनबाद के तोपचांची थाने में खुदकुशी कर ली थी। मौत के पहले अपनी पत्नी से बातचीत में उमेश कच्छप ने वरीय अफसरों का नाम लेकर बताया था कि, कैसे उनके जैसे ईमानदार और सीधे-साधे अफसर को एक चालक पर फर्जी केस कर रंगदारी वसूलने वाले अफसरों को बचाने का दबाव वरीय अधिकारी डाल रहे हैं। इसी तनाव में उमेश कच्छप ने जान दे दी। तब सीआइडी और फोरेंसिक टीम ने पुलिस अफसरों को प्रारंभिक जांच में दोषी पाया था, लेकिन जब आदिवासी हितों की रक्षा का दावा कर करने वाली सरकार बनी तो सरकार ने आदिवासी अफसर की मौत की फाइल बंद कर दी।

उन्होंने कहा कि सरकारी अधिवक्ता ने जांच बंद करने की सलाह दे कर, इस सरकार में क्राइम पार्टनर बन चुके एक अफसर को सीआइडी की जांच में बचाने का प्रयास किया। उमेश कच्छप की बिटिया विनीता आज अपने पिता की मौत का इंसाफ मांग रही है। उच्च न्यायालय से सीबीआइ जांच कराने का गुहार लगा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी आप आदिवासी इंस्पेक्टर की मौत की जांच सीबीआई से क्यों नहीं कराते? मृत आदिवासी दारोगा की बच्ची की सीबीआइ जांच की फरियाद आप क्यों नहीं सुन रहे? काहे और किस गुनहगार को बचाने के लिए अपना पिता खो चुकी इस आदिवासी बच्ची को न्यायालय का चक्कर लगवा रहे हैं? कहा कि हिम्मत करिये, आदिवासी हित में कलम उठाइये और उमेश कच्छप मौत के कारणों की जांच के लिए यह मामला सीबीआइ के हवाले करिये।

### पूर्वोत्तर राज्यों की सांगठनिक बैठक में शामिल होकर रांची पहुंचे बाबूलाल



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी झारखंड सहित 12 पूर्वोत्तर राज्यों की सांगठनिक बैठक में शामिल होकर रांची लौट गये हैं। लौटने के बाद शुक्रवार शाम प्रदेश कार्यालय में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया। वहीं विधायकगण सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ, पुस्तक, अंगवस्त्र देकर नये प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर विधानसभा में पार्टी के सचेतक बिरंची नारायण, विधायक शशिभूषण मेहता, किशुन दास भी उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।
- **वृष** — कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।
- **मिथुन** — कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी।
- **कर्क** — शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे, खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।
- **सिंह** — राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।
- **कन्या** — प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवाभगत में व्यस्त रहेंगे।
- **तुला** — संपति संबंधी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा, कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।
- **वृश्चिक** — नये-नये लोगों से संपर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।
- **धनु** — आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे, नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।
- **मकर** — अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।
- **कुंभ** — सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, गृह-भूमि-वाहन का सुख।
- **मीन** — लंबित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकते हैं।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. : एम-41-एएमसी-एलएम-आर2-आरएनसी-28, दिनांक: 06.07.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची -834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** खुली निविदा के माध्यम से हटिया लॉन्ड्री एवं रांची लॉन्ड्री में यांत्रिक लॉन्ड्री मशीनों के लिए तीन वर्षों की अवधि के लिए एएमसी (वार्षिक रखरखाव ठेका)। **कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित):** ₹ 89,32,015.48। **बयाना राशि :** ₹ 1,78,700/-। **ई-निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 28.07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in

(PR-377)


## राहुल गांधी की संसद सदस्यता की याचिका खारिज करने का विरोध

# कांग्रेस ने निकाला एकजुटता संकल्प मार्च




- राहुल गांधी ने हमेशा सच की लड़ाई लड़ी : राजेश ठाकुर
- अहंकारी सत्ता जनता के हितों से जुड़े सवालों से घबरा गयी है : आलमगीर आलम
- सत्ता का अहंकार ज्यादा दिन तक नहीं टिकेगा: रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने शुक्रवार को गुजरात हाइकोर्ट की ओर से राहुल गांधी की संसद सदस्यता की याचिका खारिज करने के मामले को लेकर एकजुटता संकल्प मार्च निकाला। एकजुटता संकल्प मार्च कांग्रेस प्रदेश कार्यालय से अल्बर्ट एक्का चौक तक केंद्र सरकार के खिलाफ निकाला गया। कांग्रेस के कार्यकर्ता बारिश के बीच हाथों में तख्तियां लेकर इसमें शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा सच की लड़ाई लड़ी और आगे भी लड़ते रहेंगे। ललित मोदी, नीरव मोदी, विजय माल्या, जतिन मेहता, मेहुल चौकसी जैसे भगोड़े केंद्र सरकार की निगरानी में जनता का पैसे लेकर विदेश पहुंच गये, भाजपा ने उन्हें आजाद कर दिया लेकिन राजनीतिक साजिश के तहत राहुल गांधी को कटघरे में खड़ा कर संसद से निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि अहंकारी सत्ता चाहती है कि देश के लोगों की जिंदगियों को बेहतर बनाने वाले सवाल न उठे। महंगाई पर सवाल न पूछे जायें। युवाओं के रोजगार पर कोई बात न हो। किसानों की भलाई की आवाज न उठे। महिलाओं की हक की बात न हो। श्रमिकों के सम्मान का सवाल ना उठाया जाये। सत्ता सच को दबाने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। कांग्रेस विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि अहंकारी सत्ता जनता के हितों से जुड़े सवालों से भटकाने के लिए साम, दाम, दंड भेद सभी हथकंडा अपना रही है लेकिन सत्य पराजित नहीं हो सकता।

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जनता की ताकत के आगे न तो सत्ता का अहंकार ज्यादा दिन टिकेगा और न ही सच्चाई पर झूठ का पर्दा। इनके अलावा स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल, विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक रामचंद्र सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान, युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू अजय नाथ शाहदेव, गजेंद्र सिंह, सतीश पॉल मंजुनी, रामाकांत आनंद, आलोक तिवारी, अमरेंद्र सिंह, बेलस तिर्की, डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, सुरेन राम, अभिलाष साहू, केदार पासवान सहित कई नेता मौजूद थे।

### समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र मामले में हाइकोर्ट में चुनाव आयोग ने प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया

**रांची।** भाजपा के कांके विधायक समरी लाल की ओर से वर्ष 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में दिये गये जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा की चुनाव याचिका में भारत सरकार के चुनाव आयोग की ओर से अधिवक्ता एके सिंह ने शुक्रवार को प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया। विधानसभा चुनाव के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा चुनाव से संबंधित जो रिकॉर्ड मेंटेन किया गया था, उसकी कॉपी प्रतिशपथ पत्र के माध्यम से हाइकोर्ट में दाखिल की गयी। यह मामला शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट में सूचीबद्ध था लेकिन सुनवाई टल गयी। पिछली सुनवाई में मामले में कोर्ट ने याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से दायर हस्तक्षेप याचिका (आइए) पर रिटर्निंग ऑफिसर को जवाब के लिए अंतिम मौका दिया था, जिसे लेकर रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से चुनाव आयोग ने प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया।


**JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
**(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)**

Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)

**NIT No.- JIIDCO/10/SBD/2023-2024**

Designation and Address of the Advertiser :- Executive Engineer, Office of M.D.JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001

1. Mode of submission of tender :- Online through www.jharkhandtenders.gov.in
2. Publishing on website :- Date 11.07.2023
3. Period downloading of Bidding Documents :- Date 11.07.2023 to 17.07.2023
4. Bids online submission :- Date 11.07.2023 to 17.07.2023
5. Bid opening date :- Date 18.07.2023 Time: 3:30 P.M.
6. Details of works :-

| Bid No. | Name of work | Estimated Cost/ECV (Rupees) | Amount of Earnest money (E.M.D) (Rupees) | Cost of BOQ (Non-refundable in Rupees) | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Development of Modular Operation Theatre at Sadar Hospital, Ramgarh, Jharkhand | 4,57,77,617.00 | 4,58,000.00 | 11,800.00 | 06 Months |

7. The original copy of Tender cost and Earnest Money Deposit (EMD) must be submitted in JIIDCO office up to 18.07.2023 by 03:00 P.M. If Tender cost and EMD are not received before above mentioned date and time tender shall not be accepted.
8. Place to receiving tender cost and EMD :- Office of the M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001
9. Bid Validity :- 120 days
10. Place of opening of Technical Bid :- Office of the M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001
11. For any information/complaints the department helpline No. Mo.b. No. 8292234107 may be contacted.
12. Further details can be seen on website- www.jharkhandtenders.gov.in.
13. Any Corrigendum or Addendum will be notified in website:- www.jharkhandtenders.gov.in only.

**Note: The estimated cost mentioned above in sl. No.6 column no. 3 is approximate which may be increased or decreased.**

**Sd/- Executive Engineer**
**JIIDCO, Ranchi**

पत्रांक : 418 , दिनांक : 07.07.2023


## पुलिस हिरासत में उमेश सिंह की मौत की सीबीआइ जांच और मुआवजा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई

# कोर्ट ने राज्य सरकार को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में धनबाद जिले में पुलिस हिरासत में उमेश सिंह की मौत की सीबीआइ जांच और मुआवजा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि उमेश सिंह की पत्नी बबीता देवी को पांच लाख रुपये मुआवजा दिया जाये। अदालत ने छह सप्ताह में मुआवजा भुगतान करने का आदेश दिया है।

साथ ही डीजीपी को उन दो पुलिसकर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है, जिनके कारण उमेश सिंह की जान चली गयी। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि सरकार मानवाधिकारों के उल्लंघन पर मुआवजा देने के लिए बाध्य है, क्योंकि पुलिस की यातना से ही उमेश सिंह की मौत हुई थी। अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में जो पुलिसकर्मी दोषी पाये जाते हैं, मुआवजे की राशि उनसे ही वसूली जाये। अदालत ने इसके लिए धनबाद की निचली अदालत के आदेश को आधार बनाया है। बता दें कि धनबाद सीजेएम ने अपने आदेश में कहा है कि प्रथम दृष्ट्या इस मामले में दो पुलिस वाले स्पष्ट रूप से शामिल प्रतीत होते हैं। इस संबंध में उमेश सिंह की पत्नी बबीता देवी ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि धनुडीह ओपी प्रभारी हरिनारायण राम के निर्देश पर धनुडीह चौकी के मुंशी पवन सिंह ने जून 2015 में उमेश सिंह को घर से हिरासत लिया था। जब उमेश सिंह अगली सुबह घर नहीं लौटा तो उसके स्वजन ने उसकी तलाश शुरू की तो इस क्रम में धनुडीह जोरिया के पास उमेश सिंह का शव मिला। तब शरीर पर चोट के कई निशान पाये गये थे।

साथ ही मृतक की कमीज पुलिस स्टेशन के लाकअप में मिलने की बात सामने आयी थी। अदालत को बताया गया कि बबीता देवी ने झरिया थाना में हरिनारायण राम, पवन सिंह, सतेंद्र कुमार और अज्ञात पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की, लेकिन जांच में कोई प्रगति नहीं है। प्रार्थी ने मामले की जांच सीबीआइ से कराने और दस लाख रुपये मुआवजा देने का आग्रह किया गया था।

झारखंड हाइकोर्ट में राज्य में पुलिस हिरासत और जेल में मौत मामले की न्यायिक जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य के सभी जिला जजों से रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने पूछा है कि उनके पास हिरासत में मौत मामले की न्यायिक जांच के लिए कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है। मामले में अगली सुनवाई के लिए अदालत ने 26 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। इस संबंध में मुमताज अंसारी ने हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता शादाब अंसारी ने अदालत को बताया कि पुलिस हिरासत या जेल में मौत होने पर उसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए। सीआरपीसी की धारा 176 (1 बी) में इस तरह का प्रवधान है। राज्य में 14 लोगों की पुलिस हिरासत में मौत हुई है। इसमें नौ मामलों की न्यायिक जांच नहीं हो पायी है। तीन मामलों में जिला प्रशासन ने जिला जज को न्यायिक जांच के लिए आवेदन भेजा है, जिस पर अभी तक निर्णय नहीं हुआ है। इसके बाद अदालत ने सभी जिला जजों से रिपोर्ट मांगी है।


**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED**
**(Jharkhand Govt. Undertaking)**
**Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712**
**(CIN: U45200JH2002SGC012154)**

**Retender**

**e-Procurement Notice No. 12 / 2023-24**

**Letter No.- SE/03/18** **Date: 07.07.2023**

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below :

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR01/ NIT12/ 2023-24 | Repair of Kitchen at Hazaribag Central Jail in the district of Hazaribag. | 4794295.00 | 5000.00 | 96000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 2 | JPHCL/ GR02/ NIT12/ 2023-24 | Repair Work of Male Ward (Block B) at Khunti Sub Jail in the district of Khunti. | 3546016.00 | 5000.00 | 71000.00 | 120 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 3 | JPHCL/ GR03/ NIT12/ 2023-24 | Repair and Maintenance of Existing 49 Nos. of Tubewells with spare Parts and repairing Gang and conversion of 15 nos. IM-II Head Pump into extra Deep well IM-II and changing of Rising Pipe, Connection rod, C.I. Cylinder, Construction of Platform etc and Deep Bore well (5 nos) at Ghaghidih Jail in the district of East Singhbhum. | 3297115.00 | 5000.00 | 66000.00 | 364 days (45 days only for the 5 Nos. of Bore well construction work) | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 12.07.2023 at 11:00 AM to 24.07.2023 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 24.07.2023. Hard copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 4:00 PM on 25.07.2023. Technical Bids received online will be opened at 11:00 AM on 26.07.2023.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

**Sd/- Superintending Engineer, JPHCL, Ranchi**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# बाबूलाल के नेतृत्व फिर से भाजपा की सरकार बनेगी : रमेश सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को झारखंड का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी एक कुशल नेतृत्वकर्ता हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने सही फैसला लिया है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को पूर्ण विश्वास है कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में झारखंड में लोकसभा की सभी 14 सीटों पर भाजपा की जीत होगी। साथ ही झारखंड में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड से महागठबंधन का सूपड़ा साफ हो जायेगा। आलाकमान ने एक व्यापक जनाधार वाले नेता को प्रदेश भाजपा की कमान सौंपी है। एकीकृत बिहार के समय भी जब बाबूलाल मरांडी को वनांचल भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया था तो उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व का परिचय दिया था। उस समय भी भाजपा ने दक्षिणी बिहार के 14 लोकसभा सीटों में से 12 सीटों पर जीत दर्ज की थी। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद से ही झामुमो, कांग्रेस और राजद निराश और हताश हैं। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी में एक नयी ऊर्जा का संचार होगा और कार्यकर्तों में नयी उमंग के साथ लोकसभा चुनाव में जाने के मानसिक रूप से तैयार होंगे। बाबूलाल कार्यकर्ताओं के हितों का ध्यान रखने वाले नेता हैं। इसलिए कार्यकर्ताओं में इनके प्रति आदर का भाव रहता है।

# बर्बरता की शिकार आदिवासी बेटियों के परिजनों से माफी मांगें सीएम: प्रतुल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान बर्बरता की शिकार हुई हजारों आदिवासी मूलवासी बेटियों के परिजनों से वे माफी मांगें। प्रतुल ने शुक्रवार को कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आदिवासी युवक के पैर धोते हुए पानी को सिर पर लगाया था। साथ ही उसके घर को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। प्रतुल ने कहा कि हेमंत सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार हेमंत सरकार के शासनकाल में 5 हजार बेटियों की इज्जत लूटी गयी है। कहीं किसी बेटी को पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया गया तो कहीं किसी को जिंदा फांसी पर लटका दिया गया। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री में संवेदनशीलता होती और इन बेटियों के घर जाकर परिजनों से माफी मांगने का साहस जुटाया होता तो परिजनों की भी बेटियों को न्याय दिलाने के लिए हिम्मत बढ़ती। प्रशासन भी और सजग होता लेकिन पूरे झारखंड की तो बात छोड़िए मुख्यमंत्री दुमका और बरहेट के अपने क्षेत्र में भी नहीं गये।

# वनवासी कल्याण केंद्र 20 अगस्त से निःशुल्क कोचिंग प्रारंभ करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वनवासी कल्याण केंद्र के संयोजक ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि वनवासी कल्याण केंद्र प्रशासनिक सेवा के लिए 20 अगस्त से निःशुल्क कोचिंग प्रारंभ करेगा। इसमें जेपीएससी और यूपीएससी की परीक्षा देने वाले आदिवासी, वनवासी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं को निःशुल्क में तैयारी करायी जायेगी। अग्रवाल शुक्रवार को बरियातू स्थित आरोग्य भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड की वजह से यह कोचिंग पूर्व में बंद कर दिया गया था। इसे फिर से चालू किया जा रहा है। इसके तहत 40 विद्यार्थियों, जिसमें 20 जनजातीय और 20 अन्य का लिखित और मौखिक परीक्षा के बाद चयन किया जायेगा। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार के बाद सितंबर माह के पहले सप्ताह से कक्षाएं शुरू होंगी।

## ओल्ड अरगोड़ा चौक के पास दिनदहाड़े गोलीबारी

# ऑफिस जा रहे युवक को मारी गोली

### इडी की रडार पर आये विशाल चौधरी के दफ्तर में करता था काम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में अपराधी खुलेआम गोलीबारी कर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। वहीं घटना के बाद पुलिस पड़ताल करती रह जा रही है। खुलेआम गोलीबारी करने की एक और घटना अभी-अभी राजधानी रांची के ओल्ड अरगोड़ा चौक के पास घटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर दिन की तरह ऑफिस जा रहे रंजीत नाम के युवक पर गोलीबारी की गयी है। रंजीत लातेहार के चंदवा का रहने वाला है। वह दो साल से रांची के प्रभा एनक्लेव अपार्टमेंट के दूसरे तल में किराये के फ्लैट में रह रहा है। ऑफिस जाने के दौरान गोलीबारी कर अपराधी आराम से चलते बने। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी जांचने में जुटी हुई है। घटना स्थल पर हटिया डीएसपी सहित स्थानीय थाने की पुलिस ने जांच पड़ताल की। बताया जा रहा है कि रंजीत नाम के जिस युवक को गोली मारी गयी है वह इडी की रडार में आये विशाल चौधरी के दफ्तर में काम करता है।

## क्या है पूरी घटना

अब तक मिली जानकारी के अनुसार अपराधियों ने रांची के पुराना अरगोड़ा चौक के पास रंजीत नाम के एक युवक को गोली मारी। रंजीत को कमर के पास गोली लगी है। अपराधियों के हमले में घायल रंजीत को आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार राहत की बात यह है कि वह खतरे से बाहर है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि घायल रंजीत कोयले का भी कारोबार किया करता था। ऑफिस जाते हुए अपराधियों ने रेकी कर उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अपराधी बाइक में सवार होकर आये थे। इस हमले में रंजीत को कमर से नीचे दो गोलियां लगी हैं। आसपास के लोगों के द्वारा शोर मचाने पर अपराधी मौके से फरार हो गये। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से घायल रंजीत को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

## पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी

घटना की जानकारी मिलते ही हटिया डीएसपी राजा मित्रा, अरगोड़ा थाना प्रभारी ब्रज कुमार, पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक मौके पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक रंजीत के होश में आने के बाद उसका बयान लिया जायेगा। उसके बयान से जानकारी मिल सकेगी इस घटना को अंजाम देने के पीछे की वजह क्या है। पुराने अरगोड़ा चौक के पास कई सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। पुलिस उसे भी देख रही है।

## प्रारंभिक जांच में पुलिस ने क्या पाया

मौके पर पहुंची पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अपराधी नयासराय की ओर से अरगोड़ा चौक की तरफ आये। इसी दौरान अपने ऑफिस जा रहे रंजीत पर फायरिंग की। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं कोई लेकर कारोबार की वजह से रंजीत पर तो हमला नहीं हुआ है।

## तीन दिन में दूसरी घटना

राजधानी रांची में 3 दिनों के भीतर गोलीबारी की यह दूसरी घटना है। दो दिन पहले ही रांची के जानेमाने बिल्डर रहे स्वर्गीय कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय सिंह की सरेआम गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस घटना में शामिल कोई भी अपराधी अभी तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। अभी एक घटना की पड़ताल में पुलिस जुटी ही हुई है कि अपराधियों ने दूसरी घटना को अंजाम दे दिया।

# गौशाला आत्मनिर्भर बने यही प्राथमिकता है:राजीव रंजन प्रसाद

### झारखंड के निबंधित गौशाला संचालन समिति के पदाधिकारियों एवं झारखंड प्रादेशिक गौशाला संघ के पदाधिकारियों की पहली बैठक हुई




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गौ सेवा आयोग के नव मनोनीत अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को झारखंड के निबंधित गौशाला संचालन समिति के पदाधिकारियों एवं झारखंड प्रादेशिक गौशाला संघ के पदाधिकारियों की पहली बैठक पशुपालन निदेशालय हटिया के कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुई। बैठक में गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि गो सेवा आयोग की पहचान अब सिर्फ अनुदान देने वाले संस्था के रूप में नहीं रहेगी। सरकार की स्पष्ट सोच है कि इस राज्य की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर गौ संरक्षक एवं गौ संवर्धक राज्य के रूप में हो। उन्होंने कहा कि गौशाला आत्मनिर्भर बने यह हमारी प्राथमिकता है। आयोग गोवंश की सेवा में लगे गौशाला और सरकार की योजनाओं के मध्य समन्वयक के रूप में होगी। बैठक में बहुत अच्छे और महत्वपूर्ण सुझाव सामने आये। जैसे वर्तमान में अनुदान को लेकर मौजूदा प्रावधानों की जटिलता एवं इनके सरलीकरण को लेकर आग्रह। इसपर आयोग निश्चित रूप से सरकार के साथ समन्वय बना कर आगे कार्य करेगा। राजीव रंजन प्रसाद ने अपने इरादों को स्पष्ट करते हुए कहा कि आयोग देश के कई राज्यों में चलने वाली योजनाओं का भी अध्ययन कर रहा है जिससे इस राज्य में नयी योजना तैयार कर गौशाला को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। आज की बैठक में आये हुए प्रतिनिधियों के विशेष आग्रह की गौशाला को दान में मिली हुई हुई भूमि को संरक्षित रखा जा सके। उन्हें अतिक्रमण और भू माफियाओं से बचाया जा सके। आयोग सरकार से वार्ता कर उन्हें प्रतिबंधित सूची में डलवाने की पहल भी करेगा। साथ ही साथ आयोग के द्वारा पहले ही सभी जिलों के उपायुक्तों को गोचर भूमि के अद्यतन स्थिति की जानकारी के संबंध में पत्र लिखा गया है ताकि आने वाले दिनों में गौ वंश के रक्षा के निमित्त गौ अभ्यारण्य, पशु मुक्तिधाम जैसी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके।

बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, आयोग के सचिव डॉ मनोज निबंधक डॉ अपर्णा पांडेय, प्रादेशिक गौशाला संघ के उपाध्यक्ष ताराचंद जैन ने भी संबोधित किया। वहीं प्रदीप राजगाड़िया, मुकेश काबरा, जितेंद्र कुमार पाठक, कमलेश, कथम चरण प्रधान, महेश गोयल, रविशंकर, ओमप्रकाश राम रतन महर्षि, नागचंद जैन, सुशील कुमार सिंह, गंगाधर शास्त्री, जितेंद्र कुमार पाठक, दीपक कुमार पोद्दार महेश गोयल, राजीव कुमार, कमलेश कुमार, प्रवीण लोहिया, दीपक अग्रवाल, महेश बंसल, कुंदन कुमार ने अपने विचार रखे। बैठक में रांची, धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, सिमडेगा, देवघर, गिरिडीह एवं कतरास गौशाला के प्रतिनिधि शामिल थे।

# जनजातीय छात्राओं के साथ मनाया महेंद्र सिंह धोनी का जन्मदिन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सामाजिक संस्था तान्याज हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का 42वां जन्मदिन शुक्रवार को धूमधाम से मनाया। यह कार्यक्रम कांके डैम के समीप स्थित बिरसा उच्च विद्यालय में किया गया।

विद्यालय के जनजातीय छात्राओं ने अलग-अलग झारखंडी वेशभूषा में माही की बड़ी-बड़ी तस्वीर वाले पोस्टर हाथ में लेकर उनके प्रति रांची का प्रेम और सम्मान प्रदर्शित किया। सबने मिलकर केक काटकर एक स्वर में हैप्पी बर्थडे धोनी कहकर प्रिय क्रिकेटर को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, प्राचार्या डॉ सुषमा तिवारी, तान्याज हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन के फाउंडर राज कुमार साव, अंसिका सिंह, अनवरी अंजुम, हरीश चंद्र, श्याम देव प्रसाद सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# रांची सीआरपीएफ मुख्यालय में बड़े पैमाने पर पौधरोपण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के धुर्वा सेक्टर-दो में 133 बटालियन ने शुक्रवार को बृहद पैमाने में पौधारोपण किया। कमांडेंट अमित कुमार के साथ बटालियन के अधिकारियों और जवानों के परिवार के सदस्यों ने बटालियन मुख्यालय के खेल मैदान में पौधारोपण किया। इसके अलावा आसपास के क्षेत्र के लोगों ने भी पौधारोपण किया।

कमांडेंट ने कहा कि इस पौधारोपण को परिवार के साथ मिलकर करने का उद्देश्य था कि महिलाओं और बच्चों को पौधारोपण की आवश्यकता और अनिवार्यता के प्रति जागरूक किया जाये, जिससे कि इस अभियान को ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच पहुंचाया जा सके। निश्चय ही विश्व के लिए जलवायु परिवर्तन एक विकट समस्या बनती जा रही है और इसको कम करने के लिए पूरे विश्व को एक मंत्र पर काम करने की आवश्यकता है पेड़ लगाओ देश बचाओ। उन्होंने सभी जवानों एवं उनके परिवारों को निरंतर पौधरोपण करने का आह्वान किया। साथ ही पड़ोसी, रिश्तेदार, दोस्त को भी प्रेरित करने को कहा। इस मौके पर कई अधिकारी जवान और उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे।

# बीज वितरण में किसानों को प्राथमिकता: रमाशंकर

### खरीफ मौसम में जनजातीय किसानों को योजना का लाभ देने के लिए जिला कृषि पदाधिकारी को किसानों की सूची सौंपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के जिला परियोजना प्रबंधक वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने जिला कृषि पदाधिकारी रमाशंकर सिंह को खरीफ मौसम में जनजातीय किसानों को योजना का लाभ देने के लिए किसानों की सूची सौंपी। सूची में बुंडू, तमाड़ एवं अनगड़ा के 127 आदिवासी किसानों का विवरण दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि खरीफ अंतर्गत मडुआ आदि के बीज वितरण में इन किसानों को प्राथमिकता दी जायेगी। साथ ही उन्होंने प्रखंड के विभागीय कर्मियों को इस संबंध में दिशा-निर्देश भी दिये। बता दें कि विगत मौसम में भी जेटीडीएस द्वारा कृषि विभाग से अभिसरण अंतर्गत सरसों बीज का किसानों के बीच वितरण किया गया था, जिससे सैकड़ों किसान लाभान्वित हुए थे। इस मौके पर डीपीएम के साथ रवि प्रकाश एवं मोहित कुमार भी शामिल थे।

## सेमिनार : रांची के अस्पतालों में बढ़ी है नियोनोटोलॉजी की विश्वस्तरीय सुविधाएं

# इलाज में मददगार साबित हो रही मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना : डॉ राजेश

### नियोनोटोलॉजी सुविधाओं के विस्तार से बच रही बच्चों की जिंदगी

### टीके और पोषण के अभाव में गरीब परिवार में नियोनोटोलॉजी के ज्यादा मामले




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रोटरी क्लब के तत्वावधान में रोटरी हॉल रांची में नियोनोटोलॉजी विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य वक्ता रानी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल रांची के सीइओ प्रसिद्ध नियोनोटोलॉजिस्ट डॉ राजेश कुमार, रोटरी के पूर्व गवर्नर व राज हॉस्पिटल रांची के सीइओ जोगेश गंभीर, प्रसिद्ध चिकित्सक व क्लब के अध्यक्ष डॉ विनय ढांनढनिया, देवकमल हॉस्पिटल के सीइओ व क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ अनंत सिन्हा, मानंद सचिव ललित त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया।

मुख्य वक्ता डॉ राजेश कुमार ने नियोनोटोलॉजी की चुनौतियों एवं इसकी हालिया प्रगति पर चर्चा करते हुए कहा कि समय पूर्व प्रसव के मामले में बच्चे को कई तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्या होती है। जिसमें सांस लेने में दिक्कत, वजन का काफी कम होना, पीलिया, असामान्य शारीरिक तापमान, कार्डियेक अरेस्ट प्रमुख है। ऐसे बच्चों के लिए गहन देखभाल यूनिट की जरूरत होती है। जन्म के बाद ऐसे बच्चों को बचाने को लिए पहले रांची जैसे शहर में सुविधाएं काफी कम थीं। बच्चों को कोलकाता, मुंबई जैसे शहरों में भेजना होता था। यह बहुत खर्चीला भी होता था। तब बच्चों के बच पाने का प्रतिशत बमुश्किल 50 के आसपास था। लेकिन अब रांची शहर के कई अस्पतालों में नियोनोटोलॉजी से संबंधित विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके कारण आज करीब 80 प्रतिशत ऐसे बच्चों को बचा पाने में सफलता मिल रही है।

डॉ कुमार ने कहा कि गरीब परिवार के मामले में ऐसे केस सबसे ज्यादा पाये जाते हैं। क्योंकि महिला को गर्भावस्था के दौरान सभी जरूरी टीके नहीं लग पाते हैं। उन्हें उचित पोषण की भी कमी हो जाती है। नियोनोटोलॉजी के केस में ऐसे परिवार के ज्यादातर बच्चे का इलाज कराने में उनके अभिभावक सक्षम नहीं हो पाने के कारण पीछे हट जाते थे। डॉ कुमार ने बताया कि वर्तमान में राज्य सरकार मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत तत्काल पांच लाख रुपये की सहायता दे रही है। योजना का लाभ लेने के लिए माता-पिता के नाम से राशन कार्ड एवं बच्चे का बर्थ सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

राज हॉस्पिटल के सीइओ जोगेश गंभीर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से चिकित्सा क्षेत्र में नयी तकनीक, सुविधाओं और ज्ञान से लोग अपडेट होते हैं। नियोनोटोलॉजी के मामले में अब ज्यादा से ज्यादा बच्चों को बचा पाने और उसे सामान्य जीवन देने की संभावनाएं कहीं अधिक बढ़ गयी है।

प्रसिद्ध चिकित्सक व क्लब के अध्यक्ष डॉ विनय ढांनढनिया ने कहा कि नवजात शिशुओं की मृत्य दर को कम करने के लिए जिन सुविधाओं की जरूरत है, वह शहर में उपलब्ध हो रही है। मृत्य दर को कम करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। देवकमल हॉस्पिटल के सीइओ व क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ अनंत सिन्हा ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र की नवीन जानकारियां को साझा कर हम नियोनोटोलॉजी के मामलों में और सुधार कर सकते हैं। अन्य चिकित्सा विषयों पर भी इस तरह के पैनल डिस्कशन का आयोजन किया जाता रहेगा। धन्यवाद ज्ञापन कर्नल यूआर राज ने किया।

### दिल में सुराख वाले बच्चों का कोच्चि में होगा निःशुल्क ऑपरेशन

रोटरी क्लब रांची और रोटरी मिड टाउन रांची के संयुक्त प्रयास के तहत क्लब द्वारा गिफ्ट ऑफ लाइफ योजना की शुरुआत की गयी है। इसके अंतर्गत वैसे बच्चे जिनके दिल में सुराख है, वैसे बच्चों का ऑपरेशन कोच्चि स्थित अमृता इंस्टिट्यूट अस्पताल में कराया जायेगा। पूरी प्रक्रिया निःशुल्क होगी। क्लब के पदाधिकारियों ने ऐसे बच्चों के अभिभावकों से क्लब से संपर्क करने की अपील की है।

# डीएवी हेहल के बच्चों ने लोगों को किया जागरूक




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची के विद्यार्थियों ने विद्यालय के आस-पास की कॉलोनियों में 'वन और हम' विषय पर आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर 'वन महोत्सव' मनाया और लोगों को पेड़ों का महत्त्व बताया तथा उनको काटने से होने वाले नुकसान के प्रति सजग किया।

बच्चों का संदेश था कि लोग घरों में, कार्यालयों में, स्कूलों में पौधारोपण कर पृथ्वी को हरा भरा कर जीवनदायनी बनायें। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि वन महोत्सव भारत में प्रति वर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में पौधरोपण के लिए मनाया जाने वाला उत्सव है। यह पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक परिवेश के प्रति संवेदनशीलता को अभिव्यक्त करने वाला एक आंदोलन है। इसका सूत्रपात तत्कालीन कृषि मंत्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने किया था। प्राचार्य ने ये भी कहा कि 'वन महोत्सव' को जीवन में उत्सव की तरह मनाया जाना चाहिए और प्रत्येक नागरिक को 'वन महोत्सव सप्ताह' में कम से कम एक पौधा जरुर लगाना चाहिए। 'वन महोत्सव' के अवसर पर बच्चों ने विद्यालय परिसर में शिक्षिका अनुराधा सिंह एवं अनुपमा रानी की मदद से पौधारोपण कर 'वन महोत्सव' हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पत्रकारिता विभाग का स्थापना दिवस मना

**रांची (आजाद सिपाही)।** सात जुलाई 2023 को पत्रकारिता विभाग रांची विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया। विभाग के सभागार में निदेशक, शिक्षकों, छात्रों तथा कर्मियों ने पत्रकारिता विभाग के 37वें स्थापना दिवस पर केक काट कर उत्सव मनाया। सात जुलाई 1987 को रांची विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग की स्थापना पद्मश्री बलबीर दत्त, स्व.आरएन झा, पूर्णेंदु शेखर तिवारी तथा अन्य वरिष्ठ पत्रकारों ने मिल रांची विश्वविद्यालय के सहयोग से झारखंड बिहार के पहले पत्रकारिता विभाग की नींव रखी थी। इस अवसर पर निदेशक डॉ बीपी सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका रांची विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग से बहुत ही पुराना और आत्मिय संबंध रहा है और मुझे गर्व है कि मैने दशकों पहले भी यहां अध्यापन किया है। आज हम सबों का सौभाग्य है कि आज 37 सालों में विभाग ने गौरवशाली उपलब्ध्यिां प्राप्त कर इस मुकाम तक पहुंचा है। संस्थापक सदस्य पूर्णेंदु शेखर तिवारी ने विभाग के एक छोटे से कमरे से प्रारंभ होने से लेकर आज तक के यात्रा के बारे में कई खट्टी मीठी यादों को बताया। विभाग के पूर्व छात्र एवं लायब्रेरियन डॉ. सुशील रंजन, प्राध्यापक डॉ. संकर्षण परिपूर्णन, मनोज कुमार शर्मा ने भी छात्रों को विभाग के स्थापना, अपने छात्र जीवन तथा विभाग की उपलब्धियों के बारे में बताया। इस अवसर पर विभागीय कर्मी डहरू टोप्पो, रेखा बाखला सहित बहुत सारे छात्र उपस्थित रहे।

### डीएसपीएमयू पहुंचे विवि निरीक्षक, लिया जायजा



**रांची (आजाद सिपाही)।** राजभवन सचिवालय, झारखंड से विश्वविद्यालय निरीक्षक संजीव राय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के मुख्यालय में पूर्वाह्न 11.30 में पहुंचे और कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, वित्त पदाधिकारी, विभिन्न संकायों के डीन, प्रॉक्टर, परीक्षा नियंत्रक के अलावा विभिन्न संकाय के शिक्षकों के साथ संवाद कर विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना और अकादमिक स्थिति का जायजा लिया। इस बैठक के प्रारंभ में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर विश्वविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया। विश्वविद्यालय निरीक्षक संजीव राय ने इस महत्वपूर्ण बैठक में विश्वविद्यालय में शोध कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। इसके उपरांत उन्होंने आपसी संवाद के क्रम में विश्वविद्यालय के द्वारा संचालित किए जाने वाले विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्लेसमेंट मुहैया कराए जाने पर विशेष जोर देने पर बल दिया। कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने विश्वविद्यालय निरीक्षक संजीव राय को विश्वविद्यालय की अकादमिक और आधारभूत संरचना से अद्यतन कराते हुए कहा कि शिक्षकों की सीमित संख्या के बावजूद विश्वविद्यालय क्रमिक तौर पर विकास की ओर उन्मुख है। कहा कि शीघ्र ही विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं को आधुनिक और विद्यार्थियों के लिए हितकारी बनाया जायेगा। इस बैठक में विभिन्न संकायों के शिक्षकों ने भी विश्वविद्यालय निरीक्षक के साथ कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संवाद कर अपने विचारो को साझा किया। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### मारवाड़ी युवा मंच और आर्मी पब्लिक स्कूल ने किया पौधरोपण



**रांची (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा शुक्रवार को आर्मी पब्लिक स्कूल बूटी मोड़ में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। इसमें कई छायादार वृक्ष लगाए गए। इस कार्यक्रम के संयोजक रोहित सरावगी एवं रितेश चौधरी थे। प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह ने छात्रों को बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वन महोत्सव बड़े उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है। रांची शाखा के अध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा कि मंच परिवार ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर करता रहेगा। इससे प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सके एवं सही मात्रा में हमें ऑक्सीजन प्राप्त हो सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आर्मी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह, उप प्रधानाचार्य कविता वर्मा, निशा वर्मा, साबिर हुसैन एवं रांची शाखा अध्यक्ष अमित चौधरी, पूर्व अध्यक्ष दीपक गोयनका, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, रोहित सरावगी, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़, रितेश चौधरी, राजेश अग्रवाल, सुदीप राजगढ़िया, अरुण पोद्दार एवं स्कूल के बच्चों ने अपनी सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### सांसद संजय सेठ का प्रयास रंग लाया मैक्लुस्कीगंज में आरओबी की स्वीकृति

**रांची (आजाद सिपाही)।** सांसद संजय सेठ के प्रयास से खलारी के लोगों की वर्षों पुरानी मांग शुक्रवार को पुरा हुआ। सांसद सेठ द्वारा लगातार रेल मंत्री से मिलकर खलारी के समस्याओं से अवगत कराते रहें रेलवे बोर्ड की बैठक में भी लगातार अपनी बातों को रखते रहे। इसका परिणाम हुआ कि सौगात के रूप में एक अंडर पास एक आरओबी की स्वीकृति रेलवे द्वारा दे दी गयी है। इसके तहद मैक्लुस्कीगज में आरओबी का निर्माण फाटक के पास होना है। राय स्टेशन और फाटक के बीच में अंडर पास का निर्माण किया जाएगा जिसकी कुल लागत तीन करोड़ रुपया है। जनवरी 2024 तक इस काम को पूरा कर लिया जायेगा। खलारी में पूर्व में जो ट्रेन का ठहराव होता था उस पर भी सकरात्मक बात हुई है जल्दी इस पर रेलवे बोर्ड निर्णय लेगी।

### एसएसपी से मिले राजीव रंजन मिश्रा

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री महावीर मंडल रांची एवं विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों का प्रतिनिधिमंडल पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में सावन महोत्सव के दौरान होने वाली कठिनाइयों एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसएसपी कौशल किशोर से मिले। प्रतिनिधि मंडल ने कांवर यात्रा के जाने-आने वाले मार्गों (नामकुम से पहाड़ी मंदिर तक) में विशेष सुरक्षा व्यवस्था, बिजली व्यवस्था एवं साफ-सफाई कराने की मांग की है। साथ ही राजधानी के सभी प्रमुख मंदिरों की साफ-सफाई जल्द कराने की मांग की। एसएसपी ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे एवं समस्याओं का समाधान करेंगे। मौके पर रामधन बर्मन, अशोक पुरोहित, कैलाश केसरी, मुजीब कुरैशी, उपेंद्र रजक, राहुल सिन्हा, चंकी, गोपाल पारीक, टिंकू महतो, सुनील रंजन सहाय शामिल थे।

# पुलिस और टीएसपीसी के बीच घंटों मुठभेड़, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**15 लाख का इनामी नक्सली आक्रमण भाग निकला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** पुलिस और नक्सली संगठन टीएसपीसी के बीच घंटो चली मुठभेड में किसी के हताहत की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार पुलिस की मुठभेड़ टीएसपीसी के 15 लाख के इनामी नक्सली कमांडर आक्रमण के दस्ते के साथ हुई है। बिहार तथा झारखंड के सीमा पर स्थित कुंदा थाना के अनगडा गांव के समीप इस घटना में पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली भागने में सफल रहे। जिसके पश्चात पुलिस ने घटनास्थल से काफी मात्रा में गोली और हथियार बरामद किया। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि आक्रमण का दस्ता अनगड़ा गांव के पास एकत्रित होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कारवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस के गांव में पहुंचने की भनक लगते ही नक्सलियों ने फायरिंग करना प्रारंभ कर दिया। जिसके जवाब में पुलिस दल ने भी फायरिंग किया। जिसके बाद पुलिस की स्थिति मजबुत देख नक्सली मौके का फायदा देख निकल गये। पुलिस द्वारा क्षेत्र में नक्सलियों के धर-पकड़ के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

# पासवा का छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में 10 को



**मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री हफीजुल हसन अंसारी होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल युवा खेलकूद एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात की एवं उन्हें इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आने का न्योता दिया।हफीजुल हसन ने पासवा द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उन्होंने कहा की बच्चों के इस प्रतिभा सम्मान समारोह में अवश्य शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडल में पासवा की प्रदेश महासचिव सुश्री फलक फातिमा,रांची महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा,संजय प्रसाद, ललित कुमार मिश्रा,अभिषेक कुमार रोहन, अनिकेत कुमार, शुभम कुमार, आसमां परवीन उपस्थित थे।पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद कल 8 जुलाई को सेवा विमान से रांची पहुंचेंगे एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल संचालन का नेतृत्व करेंगे।आलोक कुमार दूबे ने आज बताया 10 जुलाई को राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में पूर्वाह्न 8.00 बजे से ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो जाएगा जो 10 बजे तक चलेगा, पूर्वाह्न 10.30 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। सीबीएसई, आईसीएसई एवं जैक बोर्ड रजिस्ट्रेशन के लिए मार्कशीट का फोटोकॉपी लेकर आना है। सैंकड़ों वोलेंटियर्स कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रयासरत हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में फलक फातिमा, डॉ सुषमा केरकेट्टा, संजय प्रसाद, फिरोज रिजवी मुन्ना, कुमुद रंजन, अल्ताफ अंसारी, राशीद अंसारी नन्दिनी कुमारी, पूजा कुमारी, पल्लवी कुमारी, अजहर खान, सोनाली शर्मा, पूजा सोनी,रूपाली शर्मा, शीतल कुमारी, दीपशिखा कुमारी, पूजा कुमारी, नेहा कुजूर, अनमोल कुजूर, हंस कुमार यादव, आसमा परवीन, ऋषि कुमार, चारु वाला कुमारी, मनीष पाठक, ज्योति कुमारी, शालिनी कुमारी, मानिक पाठक, स्नेहा कुमारी,विजरा कुमारी, रुचि कुमारी, सुनीता कुमारी योगदान दे रही हैं।

# टाइटन ने रांची के हरमू रोड में खोला झारखंड का सबसे बड़ा और पहला ट्रॉम्बो स्टोर नया टाइटन वर्ल्ड

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** देश की सबसे बड़ी घड़ी विक्रेता कंपनी टाइटन ने रांची शहर के हरमू रोड में आज अपने नये रिटेल स्टोर का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटनकर्ता टाइटन कंपनी लिमिटेड के रीजनल बिजनेस हेड ईस्ट सोमप्रभ सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

इस मौके पर सोमप्रभ सिंह ने कहा कि टाइटन के लिए इस नये स्टोर का उद्घाटन बेहद रोमांचित करने वाला है, क्यूंकि यह झारखंड का पहला स्टोर होगा, जहां टाइटन वर्ल्ड टाइटन आईप्लस एवं फास्ट्रैक कंपनी की तीनों पावरफुल ब्रांड्स एक साथ लाये गये हैं और हम शहर के इस क्षेत्र मे अपने ग्राहकों तक शॉपिंग की आधुनिक अनुभव को पेश करा कर बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

शोरूम संचालक सुभाष चंद्र एवं श्री सुजीत सिंह ने विशेष रूप से बताया कि पहले से विगत आठ वर्षों से सफलापूर्वक परिचालित रातू रोड चौक, हरमू रोड स्थित टाइटन वर्ल्ड स्टोर को स्थानांतरित कर इसे भव्य रूप में पेश किया गया है। जिसमे अब टाइटन आईप्लस एवं फास्ट्रैक को भी जोड़ दिया गया है। अब इस नये टाइटन वर्ल्ड शोरूम में टाइटन की बेशकीमती कलेक्शन नेबुला जो 18 कैरेट सोने की बनी होती है, इसके अलावा टाइटन की रागा, एज, रेगालिया, बंधन, पर्पल, टाइटन स्मार्ट आदि अत्याधुनिक घड़ियों का कलेक्शन इकोनॉमी सोनाटा घड़ियां, बच्चों के लिए जूप घड़ियां एवं अन्य अन्तर्राष्ट्रीय घड़ियां जैसे टॉमी हिल्फिगर, पोलिस, केनेथ कॉल, अन्ने क्लेन, जाइलास, जैसी स्टाइलिश घड़ियों की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। यह स्टोर बिक्री पश्चात सेवा यानि वॉच केयर सेंटर युक्त होगी जहां पर कंपनी ट्रेंड टेक्नीशियन द्वारा घड़ियों की मरम्मत की जायेगी। टाइटन आईप्लस पर विश्वस्तरीय लैंसेज, कांटेक्ट लैंसेज, फैशनेबल फ्रेम्स और स्टाइलिश धूप के चश्मे का विस्तृत चयन उपलब्ध रहेगा इस स्टोर मे मुफ़्त ऑख जांच की विशेष सुविधा कंपनी ट्रेंड ऑप्टोमैट्रिस्ट द्वारा उपलब्ध होगी। यूथ ब्रांड फास्ट्रैक की मौजूदगी भी इस स्टोर में रहेगी।

इस मौके पर कंपनी के रीजनल बिजनेस मैनेजर जयकिशन मेहता एवं अमित सिंह, विशाल गुप्ता, कीर्ति रोशन, सोम दत्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। स्टोर मैनेजर आदर्श केरकेट्टा, बबन चौधरी, राहुल गुप्ता एवं अन्य ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### दो किलो अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दो किलो गीला अफीम के साथ एक अंतररायीय अफीम तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पायी। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली की जिले के बाहर का रहने वाला एक व्यक्ति दो किलो गीला अफीम ले जाने के फिराक में है। पुलिस कप्तान के पहल पर जिला मुख्यालय डीएसपी केदार राम की अध्यक्षता में पुलिस की छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पथेल के कोलाघाट के समीप जेएच 13 एच/ 0429 नंबर की एक होन्डा मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति के पास से दो किलो गीला अफीम बरामद किया गया। गिरफतार युवक मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले के सोयद का रहने वाला शंकर सुमन है। उसके पास से एक एआइआर मोबाइल भी बरामद किया गया।

# एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता 73000 मेगावाट के पार

आजाद सिपाही संवाददाता

एनटीपीसी NTPC

**रांची/भुवनेश्वर।** भारत के अग्रणी एकीकृत बिजली उत्पादक, एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता 73024 मेगावाट तक पहुंच गई है। यह उपलब्धि बिहार में बाढ़ सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के चरण-क (3 X 660 मेगावाट) की 660 मेगावाट क्षमता की यूनिट-2 के चालू होने की पृष्ठभूमि में आई है। यह उपलब्धि राष्ट्र को विश्वसनीय और सस्ती बिजली प्रदान करने की एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। इसके साथ, एनटीपीसी लिमिटेड और एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता क्रमशः 57038 मेगावाट और 73024 मेगावाट हो गई है। इसके अलावा, कंपनी वर्ष 2032 तक 60,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली उपयोगिता है, जो देश की बिजली आवश्यकता का 1/4 योगदान करती है। थर्मल, हाइड्रो, सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों के विविध पोर्टफोलियो के साथ, एनटीपीसी राष्ट्र को विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए समर्पित है। कंपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, नवीनता को बढ़ावा देने और हरित भविष्य के लिए स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव



**रांची (आजाद सिपाही)।** वन महोत्सव के अवसर पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने कई प्रकार की गतिविधियां आयोजित कीं। उन्होंने दिन की प्रासंगिकता पर चर्चा करने के लिए सर्कल टाइम का आयोजन किया। उन्होंने इस दिन को मनाने की आवश्यकता और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर ओपन हाउस चर्चा और जस्ट अ मिनट सत्र भी आयोजित किये। साथ ही छात्रों ने पौधे लगाये।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव



**रांची (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची के विद्यार्थियों नेवन महोत्सव मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के चार सदनों- किट्स, बायरन, इलियट तथा शेक्सपियर के विद्यार्थियों ने नाटक का मंचन किया, जिसमें किट्स सदन को प्रथम, बायरन सदन को द्वितीय तथा शेक्सपियर सदन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता एवं उप प्राचार्य श्री केआर झा ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर वन महोत्सव का आगाज किया। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की। विद्यालय के उप प्राचार्य केआर झा ने विद्यार्थियों को अपने संबोधन में कहा कि वन का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। कार्यक्रम का संचालन सीसीए इंचार्ज नबारूण सेनगुप्ता ने किया।

### वन हमारी प्राकृतिक धरोहर हैं, संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है : डॉ नीता पांडेय



**रांची (आजाद सिपाही)।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड रांची में 1 से 7 जुलाई तक सप्ताहिक वन महोत्सव मनाया गया। इसमें बच्चों ने क्विज प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, पौधारोपण आदि किया। प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने बच्चों को वन महोत्सव के महत्व को बताते हुये कहा कि वन हमारे प्राकृतिक धरोहर हैं इसलिए उनका संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। गतिविधियों का संयोजन हमारे चीफ कोऑर्डिनेटर आशा राज के देखरेख में किया गया।

### अपना घर फाउंडेशन के बैनर तले आंख जांच कैंप का आयोजन




**रांची (आजाद सिपाही)।** अपना घर फाउंडेशन के बैनर तले शुक्रवार को नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा मरीजों की आंख जांच कैंप का आयोजन किया गया। इसमें कैंसर पीड़ित मरीजों की आंख जांच और उनके परिजनों की भी आंख की जांच की गयी। इस शिविर में सैकडौं लोगों ने अपनी आंख जांच करवायी। साथ ही वैसे लोग जो डॉक्टरों के पास नहीं पहुंच पाते हैं। उनके लिए यह जांच गेम केक सहायता के रूप में कार्य कर रही है। इसमें श्रेष्ठ नेत्रालय की टीम के लोगों का सहयोग रहा। अपना घर के संरक्षक नीरू दास और श्रेष्ठ नेत्र के हॉस्पिटल हेड आशुतोष मिश्रा का साथ ही राजीव रंजन का प्रमुख योगदान रहा। श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय के हॉस्पिटल हेड आशुतोष मिश्रा का विशेष योगदान रहा।

### जेडआरयूसीसी साउथ ईस्टर्न रेलवे के जोनल सदस्य बने परमेश्वर चौधरी



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची रेल मंडल अंतर्गत डीआरयूसीसी सदस्यों की तीसरी बैठक आज डीआरएम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सभी डीआरयूसीसी सदस्यों द्वारा उठायी गयी यात्री समस्याओं पर चर्चा की गई एवं उनके निराकरण पर विचार किया गया। बैठक में डीआरयूसीसी सदस्यों के बीच एक सदस्य को, जेडआरयूसीसी सदस्य दक्षिण पूर्व रेलवे के लिए नामित किया जाना था, परंतु दो उम्मीदवारों के नाम का प्रस्ताव आने पर चुनाव आयोजित किया गया। इसमें श्री परमेश्वर चौधरी को 8 वोट प्राप्त हुए तथा उनके विरुद्ध महेंद्र जैन को 5 वोट प्राप्त हुए और चुनाव पदाधिकारी सीनियर डीपीओ माणिक शंकर ने परमेश्वर चौधरी को विजयी घोषित किया। परमेश्वर चौधरी जेडआरयूसीसी कमेटी साउथ ईस्टर्न रेलवे में रांची रेल मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। बैठक की अध्यक्षता डीआरएम प्रदीप गुप्ता ने की। बैठक का संचालन सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने किया।

### बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ का क्लस्टर मीट




**रांची (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई रांची अंचल के द्वारा ISS ऑडिटोरियम में क्लस्टर मीट का आयोजन किया गया। फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशंस के एक्जीक्यूटिव वायस प्रेसिडेंट और बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई के महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा ने बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 12 लाख करोड़ का आंकड़ा पार करने पर सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। इकाई के अध्यक्ष कॉमरेड अमित कुमार, उपाध्यक्ष कॉमरेड बेंजामिन मुर्मू, उप महासचिव कॉमरेड विजय वाधवा और कोषाध्यक्ष कॉमरेड प्रकाश उरांव ने भी अपना विचार रखा। मंच संचालन सहायक महासचिव कॉमरेड मनीष नारायण ने किया और धन्यवाद ज्ञापन रंजीता बिलुंग ने किया। मौके पर ज्योत्सना बाड़ा, गौरी शंकर साही, मोहम्मद अली हसन, हरीश सिंह, अनजंय कुमार, सुरेश भगत, भरत लाल ठाकुर, मनीष कुमार, शैलेंद्र सिंह, राजेश यादव, रंजन जायसवाल उपस्थित थे।

# तबरेज लिंचिंग केस में सजा

झारखंड के बहुचर्चित तबरेज अंसारी लिंचिंग केस में निचली अदालत ने दोषी करार दिये गये दस लोगों को दस-दस साल के सश्रम कारावास और 15-15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। पीड़ित पक्ष ने इस सजा को कम बताते हुए कहा है कि वह इसे ऊपरी अदालत में चुनौती देगा। जून 2019 की दिल दहला देने वाली इस घटना में 24 साल के युवक तबरेज अंसारी को बुरी तरह पीटा गया था। वह पुणे में वेल्डर का काम करते थे और ईद मनाने झारखंड के सरायकेला स्थित अपने गांव धतकीडीह आये हुए थे। वहीं गांव के कुछ लोगों को संदेह हुआ कि तबरेज बाइक चुराने के मकसद से किसी घर में घुसे थे। इसी संदेह के आधार पर उन्हें बांधकर पीटा जाता रहा। उनसे धार्मिक नारे भी लगवाये गये। सुबह बुरी तरह घायल अवस्था में तबरेज को पुलिस के हवाले किया गया, लेकिन उसके बाद भी अस्पताल में इलाज करवाने के बजाय उन्हें जेल भेज दिया गया। चार दिन बाद जब उनकी हालत बिगड़ी तो बेहोशी की हालत में 22 जून को पहले सदर अस्पताल और फिर जमशेदपुर के टाटा मेन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां बताया गया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गयी थी। यह भी ध्यान देने लायक है कि इस केस में पीड़ित पक्ष के जोर देने के बावजूद हत्या का मामला नहीं बनाया जा सका। दोषियों पर गैरइरादतन हत्या की धाराएं ही लगीं और उनमें भी सर्वाधिक कठोर सजा नहीं दी गयी। यह बात सही है कि अदालत जनभावनाएं नहीं देखती, उसे साक्ष्यों के आधार पर ही फैसला सुनाना पड़ता है। लेकिन न्याय शास्त्र की एक अहम कसौटी यह भी है कि न्याय होना काफी नहीं है, न्याय होते हुए दिखना भी चाहिए। इस मामले में जहां एक तरफ बर्बरता के उदाहरण मिलते हैं, वहीं दूसरी तरफ पुलिस और प्रशासन की घोर लापरवाही भी नजर आती है। सवाल यह भी उठता है कि जो पुलिसिया तंत्र शुरू से ही इस तरह की लापरवाही दिखा रहा था, उसने साक्ष्य इकट्ठा करने में कितनी तत्परता दिखायी होगी। क्या अदालत का काम यह देखना नहीं था कि मामले की जांच सही ढंग से हुई या नहीं और सभी जरूरी साक्ष्य जुटाये गये या नहीं? क्या झारखंड की निचली अदालत में यह जिम्मेदारी सही ढंग से निभायी जा सकी है? ऐसे सवालों के जवाब चलताऊ ढंग से नहीं दिये जा सकते। अदालती प्रक्रिया के तहत ही इन पर विचार किया जाना चाहिए। न्यायपालिका के ऊपरी हिस्सों की यह जिम्मेदारी है कि अगर निचली अदालतों से किसी मामले को सही ढंग से समझने में गलती हो जाती है, तो वे उस गलती को दुरुस्त करें। अच्छी बात है कि पीड़ित पक्ष ने ऊपरी अदालतों में जाने का फैसला किया है। उम्मीद की जाये कि वहां इस केस से जुड़े सभी जायज सवालों के उपयुक्त जवाब मिलेंगे।

**यह बात सही है कि अदालत जनभावनाएं नहीं देखती, उसे साक्ष्यों के आधार पर ही फैसला सुनाना पड़ता है। लेकिन न्याय शास्त्र की एक अहम कसौटी यह भी है कि न्याय होना काफी नहीं है, न्याय होते हुए दिखना भी चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के तहत राज्य में 3,317 ग्राम पंचायतें हैं। ग्राम पंचायतों की 63,229, पंचायत समितियों की 9,730 सीटों और 22 जिला परिषदों की 928 सीटों यानी कुल 73,887 सीटों के लिए मतदान होना है। इनमें से 9,013 सीटों पर मैदान में उतरे उम्मीदवार निर्विरोध चुने जा चुके हैं। इससे पहले वर्ष 2018 में कुल सीटों की तादाद 58,692 थी। उसमें से तृणमूल कांग्रेस ने 20,078 यानी 34.2 प्रतिशत सीटें निर्विरोध जीत ली थीं।**

# पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव : वर्चस्व की लड़ाई में जूझ रहे हैं सब

**प्रभाकर मणि तिवारी**

पश्चिम बंगाल में इस महीने की 8 जुलाई को पंचायत चुनाव के लिए मतदान होना है। वर्ष 2018 के चुनाव में भारी हिंसा और बड़े पैमाने पर चुनावी धांधली के आरोपों के बीच तृणमूल कांग्रेस ने करीब 34 प्रतिशत सीटें निर्विरोध जीत ली थीं। लेकिन इस बार अगर निर्विरोध जीती गयी सीटों को संकेत मानें तो उसकी राह मुश्किल नजर आ रही है। इस बार वह महज 12 फीसदी सीटें ही निर्विरोध जीत सकी है। हिंसा, अदालती मामलों और आरोप-प्रत्यारोप के मामले में यह राज्य नित नए रिकॉर्ड बना रहा है।

पंचायत चुनाव में होने वाली हिंसा, इसे कई चरणों में कराने और समुचित तादाद में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग में कलकत्ता हाइकोर्ट में इतने मामले दायर थे कि एकबारगी तो इस चुनाव पर ही सवाल खड़ा हो गया था, लेकिन अब तमाम याचिकाएं निपटा दी गयी हैं और तय हो गया है कि यह चुनाव एक चरण में 8 जुलाई को ही होंगे।

पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के तहत राज्य में 3,317 ग्राम पंचायतें हैं। ग्राम पंचायतों की 63,229, पंचायत समितियों की 9,730 सीटों और 22 जिला परिषदों की 928 सीटों यानी कुल 73,887 सीटों के लिए मतदान होना है। इनमें से 9,013 सीटों पर मैदान में उतरे उम्मीदवार निर्विरोध चुने जा चुके हैं। इससे पहले वर्ष 2018 में कुल सीटों की तादाद 58,692 थी। उसमें से तृणमूल कांग्रेस ने 20,078 यानी 34.2 प्रतिशत सीटें निर्विरोध जीत ली थीं।

**राज्य की एक-एक ग्राम पंचायत को विकास के मद में 5 साल के दौरान 5 से 18 करोड़ तक की रकम मिलती है।**

चुनावी इतिहास गवाह है कि पंचायत चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाली राजनीतिक पार्टियां ही आगे चल कर लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी बेहतर प्रदर्शन करती रही हैं। इसकी वजह यह है कि वाम मोर्चा सरकार के जमाने से ही ग्रामीण इलाकों में मजबूत पकड़ को ही किसी राजनीतिक पार्टी के लिए सत्ता में पहुंचने की चाबी माना जाता है। वाम मोर्चा ने भूमि सुधारों और पंचायत व्यवस्था की सहायता से सत्ता के विकेंद्रीकरण के जरिए ग्रामीण इलाकों में अपनी जो पकड़ बनाई थी उसी ने उसे यहां कोई 34 साल तक सत्ता में बनाये रखा था।




**वैसे, बंगाल में चुनावी हिंसा की परंपरा काफी पुरानी रही है। वर्ष 1971 में सिद्धार्थ शंकर रे के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद तो राजनीतिक हत्याओं का जो दौर शुरू हुआ उसने पहले की तमाम हिंसा को पीछे छोड़ दिया। वर्ष 1977 के विधानसभा चुनावों में यह उसके पतन की भी वजह बनी।**

वर्ष 2011 में अगर उसे सत्ता से हटना पड़ा तो इसकी कई वजहें थीं। खास कर पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु और सीपीएम के प्रदेश सचिव और पार्टी के चाणक्य कहे जाने वाले अनिल विश्वास की मौत के बाद पार्टी में बुद्धदेव भट्टाचार्य के अलावा पहली कतार का कोई नेता नहीं बचा था।

इसके अलावा लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण पार्टी के नेता बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के दलदल में डूब चुके थे और सत्ता विरोधी लहर चरम पर पहुंच चुकी थी।

सिंगूर में टाटा की नैनो परियोजना और नंदीग्राम में कैमिकल सेज के लिए खेती की जमीन के कथित जबरन अधिग्रहण के खिलाफ हुए आंदोलनों के साथ ही लगभग उसी दौर में यानी वर्ष 2008 के पंचायत चुनाव में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस के जबरदस्त प्रदर्शन जैसी वजहों ने वाममोर्चा सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने में अहम भूमिका निभायी थी।

पंचायत चुनावों की इसी अहमियत के कारण इसे देश के कई राज्यों के विधानसभा चुनावों के मुकाबले ज्यादा सुर्खियां और अहमियत मिलती रही है, इस बार भी अपवाद नहीं है। अगले साल राज्य में अहम लोकसभा चुनाव होने हैं। लोकसभा की 42 सीटें केंद्र सरकार का भावी स्वरूप तय करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। यह इसका राजनीतिक पहलू है।

दरअसल, यह खास कर ग्रामीण इलाकों में वर्चस्व की लड़ाई है। चुनाव चाहे पंचायत का हो या फिर विधानसभा और लोकसभा का, ग्रामीण इलाकों के मतदाता ही निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। ऐसे में जिस पार्टी का पंचायतों पर कब्जा हो, उसे बाकी दोनों चुनावों में काफी मदद मिल जाती है, हिंसा का दूसरा पहलू है भारी-भरकम रकम। ग्रामीण इलाकों में हर साल हजारों करोड़ की परियोजनाएं इन पंचायतों के जरिए ही लागू की जाती हैं। ऐसे में जहां जिसकी लाठी उसकी भैंस की तर्ज पर पंचायतों पर काबू पाने के लिए तमाम राजनीतिक पार्टियां अपनी पूरी ताकत झोंक देती हैं।

पंचायत विभाग के आंकड़ों के मुताबिक मोटे तौर पर एक जिला परिषद अपने 5 साल के कार्यकाल के दौरान करीब 500 करोड़ रुपये खर्च कर सकती है।

जिले के क्षेत्रफल के हिसाब से यह रकम कम या ज्यादा हो सकती है। राज्य की एक-एक ग्राम पंचायत को विकास के मद में 5 साल के दौरान 5 से 18 करोड़ तक की रकम मिलती है। इसका ज्यादातर हिस्सा केंद्र सरकार से मिलता है। इस रकम को खर्च करने का अधिकार पंचायत समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पास होता है।

केंद्र ने वर्ष 2020-21 के दौरान ग्रामीण विकास के मद में राज्य सरकार को 4,412 करोड़ रुपये दिए थे। 2021-22 में यह रकम 3,261 करोड़ थी।

पंचायत विभाग के एक अधिकारी नाम नहीं छापने की शर्त पर बताते हैं कि पैसों को खर्च करने के मामले में पंचायत के सदस्यों के अधिकार किसी विधायक या सांसद से ज्यादा होते हैं। इसी वजह से इस चुनाव के टिकट और इसमें जीत के लिए मारामारी मची रहती है। खास कर ज्यादातर पार्टियां चाहती हैं कि पंचायतों में विपक्षी पार्टी का कोई सदस्य नहीं रहे। इससे उनको अपना काम करने में आसानी होगी और उन पर कोई सवाल नहीं उठेगा।

वैसे, बंगाल में चुनावी हिंसा की परंपरा काफी पुरानी रही है। वर्ष 1971 में सिद्धार्थ शंकर रे के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद तो राजनीतिक हत्याओं का जो दौर शुरू हुआ उसने पहले की तमाम हिंसा को पीछे छोड़ दिया। वर्ष 1977 के विधानसभा चुनावों में यह उसके पतन की भी वजह बनी।

वर्ष 1980 और 1990 के दशक में जब बंगाल के राजनीतिक परिदृश्य में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा का कोई वजूद नहीं था, वाममोर्चा और कांग्रेस के बीच अक्सर हिंसा होती रहती थी।

## जमशेदपुर की खबरें

# श्रीनाथ पब्लिक स्कूल और यंग इंडियंस के बीच एकरारनामा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर में श्रीनाथ पब्लिक स्कूल और यंग इंडियंस के बीच एकरारनामा किया गया।

ताकि संस्था के सभी कार्यक्रमों में स्कूल का सहयोग प्रदान किया जा सके। स्कूल के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने बताया श्रीनाथ विश्वविद्यालय के डीन जे राजेश, सीसीए ग्रुप की कोऑर्डिनेटर प्रवीण अरोड़ा, यंग इंडियंस की पदाधिकारी विजेल मेहता और ऋषि अरोड़ा के बीच विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। यंग इंडियंस युवा भारतीयों के सपनों को साकार करने की काम करती है। युवा नेतृत्व,राष्ट्र निर्माण और युवा विचारक को राष्ट्र के विभिन्न समस्याओं का हल करने में सक्षम बनाती है। संस्था स्कूली छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रत्येक बच्चों की सहायता कर उन्हें समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनाने का प्रयास करती। राष्ट्र के विकास में युवाओं को तरह-तरह के जानकारी उपलब्ध कराए जाते है।

# टाटा स्टील के 38 कर्मचारी निलंबित

## यौन दुर्व्यवहार और कंपनी का कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टील ने अपने 38 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इनमें से कुछ कर्मचारियों पर सेक्सुअल मिसकंडक्ट (यौन दुर्व्यवहार) और कुछ पर कोड ऑफ कंडक्ट (कंपनी की आचार संहिता) तोड़ने का आरोप है। मालूम हो कि इससे पहले टाटा ग्रुप की कंपनी टीसीएस में नौकरी घोटाला सामने आया था, जिसमें लिप्त कुछ कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई थी। टाटा स्टील की एजीएम में चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा स्टील ने कंपनी की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए अपने 38 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसके 38 कर्मचारियों में से 35 को नैतिक मुद्दों से जुड़ी अस्वीकार्य प्रथाओं के लिए और अन्य तीन को यौन दुर्व्यवहार के लिए निलंबित कर दिया गया था। कंपनी ने अधिकार के दुरुपयोग, हितों के टकराव और अनुबंध प्रबंधन समझौतों जैसे मुद्दों पर कई व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी के तहत प्राप्त शिकायतों के आधार पर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### कुल 875 कर्मचारियों की शिकायतें मिलीं थी

चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के मुताबिक, टाटा स्टील को पिछले वित्तीय वर्ष में कुल 875 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 158 व्हिसल ब्लोअर्स से संबंधित थीं, 48 सुरक्षा के संबंध में थीं और 669 एचआर और अन्य व्यवहार संबंधी मुद्दों पर थीं। कंपनी द्वारा बनाई गई ओपन कल्चर के कारण लोगों ने खुलकर अपनी बात रखी है। कर्मचारियों को अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। एक कंपनी के रूप में हम एक वैश्विक बेंचमार्क हैं। इसलिए हम उस संस्कृति को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे, जहां हम उच्चतम मूल्यों को कायम रखते हैं। मालूम हो कि इससे पहले टाटा समूह की एक अन्य कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में छह कर्मचारियों को नौकरी घोटाले के मामले में बर्खास्त किया जा चुका है। नौकरी घोटाला 100 करोड़ रुपए का बताया गया था। इसमें संविदा कर्मियों की नियुक्ति में कुछ स्टाफिंग फर्मों से रिश्वत लेने की बात सामने आई थी।

### ये है कंपनी का कोड ऑफ कंडक्ट

टाटा स्टील कंपनी में कार्यरत सभी कर्मचारियों, अधिकारियों, कस्टमर, सप्लायर, डिस्ट्रीब्यूटर, बोर्ड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स को कोड ऑफ कंडक्ट का पालन करना अनिवार्य है। कंपनी का कोई भी कर्मचारी, कस्टमर, सप्लायर, डिस्ट्रीब्यूटर टाटा स्टील से बाहर कोई काम नहीं कर सकते और न ही किसी कंपनी में महत्वपूर्ण पद ले सकते हैं। किसी भी तरह के पोस्ट उसकी सत्यता जाने इंटरनेट मीडिया या वाट्सएप पर फारवर्ड न करें। किसी भी पोस्ट पर कंपनी, सहकर्मी, कंपनी के कस्टमर, एजेंसी, बिजनेस पार्टनर का हवाला नहीं दें। कार्यस्थल की गरिमा का ख्याल रखते हुए उसका सम्मान करें। ऐसा कार्यस्थल बनाकर दें जहां सभी बिना पक्षपात के भयमुक्त होकर काम कर सकें। किसी कर्मचारी को डराना या उनका शोषण न हो।

# विधायक मंगल कालिंदी ने तीन उप स्वास्थ्य केंद्रों का किया शिलान्यास



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा और बोड़ाम प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग से स्वीकृत तीन उप स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कराया जाना है। इसको लेकर तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को विधायक मंगल कालिंदी ने ग्रामीणों को उचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पटमदा प्रखंड अंतर्गत गोबरघुसी के अपो, बनकुंचिया व बोड़ाम प्रखंड के राजाहाटा गांव में तीन उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण के लिए नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने मौजूद ठेकेदारों को गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण करने का निर्देश दिया। विधायक श्री कालिंदी ने बताया कि तीनों उप स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण एक करोड़ 65 लाख रुपये से किया जाना है। स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण होने से सैकड़ो जरूरतमंद ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। वही विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ बनाने के लिए विधायक का पहल जारी है। नया उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण स्वास्थ्य विभाग से किया जारहा। भवन का निर्माण होने से पंचायत के लोग सर्दी, खासी, जुकाम, बुखार, पेटदर्द जैसे बीमारियों का इलाज करवा सकेंगे। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, छुटुलाल हांसदा, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, हिमांशु महतो, श्यामा पद महतो, काजल सिंह,विनय मंडल,दयाल महतो, मंटु महतो सहित क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के समर्थन में की पदयात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर लगाये गये आरोप को कांग्रेसियो ने भाजपा का षड्यंत्र बताया। कांग्रेसियों का आरोप है भाजपा सरकार ने षड्यंत्र रच कर राहुल गांधी को फंसाया और जेल भेजने का कुचक्र रच रखा है। साथ ही लोकसभा से सदस्यता निरस्त कर सांसद आवास से भी बाहर करा दिया। शुक्रवार को राहुल गांधी के समर्थन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर पूर्वी



सिंहभूम जिला कांग्रेस के द्वारा पदयात्रा किया गया। आनन्द बिहारी दुबे और वरीय नेताओं के नेतृत्व में बिष्टूपुर तिलक पुस्तकालय से निकली पदयात्रा में सैकड़ो राहुल गांधी के समर्थक और कांग्रेसी नेता शामिल रहे। मौके पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने बताया कि भाजपा सरकार ने षड्यंत्र रच कर राहुल गांधी को फंसाने का काम किया। जेल भेजने का कुचक्र रचने का प्रयास कर रहा। लोकसभा से सदस्यता निरस्त कर सांसद आवास से भी बाहर करा दिया। उन्होंने कहा भाजपा नेताओ के दिल में कांग्रेस पार्टी के प्रति नफरत, घृणा, विद्वेष कुट कुट कर भरी है। ऐसी भावना लोकतंत्र के लिए कतई लाभप्रद नही है। वही पदयात्रा के दौरान कांग्रेस नेताओ ने राहुल गांधी के समर्थन में जमकर नारा लगाया। मौके पर कांग्रेसियों ने 2024 में लोकसभा चुनाव के लिए जनता से समर्थन मांगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, जिला उपाध्यक्ष आनन्द मय पात्रा, अवधेश सिंह, योगेन्द्र सिंह यादव, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, रजनीश सिंह, मंजीत आनन्द, मौलाना अंसार खान, संजय यादव, मनोज झा, संजय तिवारी, महिला अध्यक्ष नलिनी सिन्हा, गुरदीप सिंह, जसवंत सिंह जस्सी, सैकड़ो राहुल गांधी समर्थक शामिल रहे।

# टाटा स्टील की बिजली दर में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर हुई जनसुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर आदित्यपुर क्षेत्र में टाटा की बिजली की दर में बढोतरी के प्रस्ताव को लेकर जमशेदपुर के चैंबर भवन व आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में जनसुनवाई किया गया। जस्टिस अमिताभ कुमार गुप्ता के नेतृत्व में विद्युत नियामक आयोग की त्रिसदस्यीय टीम के द्वारा जनसुनवाई की गई।जनसुनवाई के दौरान छह महीने में दो वार बिजली दर में वृद्धि होने पर उपभोक्ताओं ने विरोध की। मौके पर मानवाधिकार कार्यकर्ता जवाहरलाल शर्मा ने टाटा स्टील यूआई सीएल के द्वारा सिक्योरिटी मनी डिपोजिट करवाने को नियम के विरुद्ध बताया। उन्होंने आयोग से कहा बार बार सिक्योरिटी मनी लेने का कोई औचित्य है। श्री शर्मा ने आयोग से बिजली के दाम न बढाएं जाने की अपील की। उन्होंने आयोग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा टाटा लीज समझौते के अनुसार पूरे शहर में लोगों को सब्सिड़ी रेट पर बिजली पानी और नागरिक सुविधाएं देनी हैं। लेकिन यहां सब्सिड़ी रेट की जगह छह महीने में फिर से कीमत बढ़ाई जाने का प्रस्ताव लाया गया है। वही सौरभ विष्णु ने कहा आज भी शहर के सभी जगह बिजली पानी की सुविधा नहीं है। यहां एक तरफ नगर निगम नहीं बनने दी जारही वही दूसरी तरफ लीज शर्तों के मुताबिक पूरे जमशेदपुर को नागरिक सुविधाएं नही मिल रही। कई लोगों ने बिजली की बढ़ती दर के प्रस्ताव का पुरजोर विरोध किया। वहीं कुछ लोगों ने टाटा के प्रस्ताव का समर्थन किया। अंत में आयोग ने कहा वे अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर जो बेहतर होगा फैसला करेंगे। टाटा लीज के संबंध में कहा यह एक अलग मामला है। आयोग की सीमाएं बंधी हुई हैं।

# लोगों को घर तक मिलेगी चिकित्सा सुविधा: मिथिलेश

## मंत्री ने किया मोबाइल हेल्थ यूनिट का उद्घाटन, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** इस्माइल फाउंडेशन के तत्वावधान में संचालित इस्माइल ऑन व्हीलस मोबाइल हेल्थ केयर प्रोगाम का शुक्रवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। मंत्री ने सदर अस्पताल परिसर से हरी झंडी दिखाकर मोबाइल हेल्थ यूनिट वैन को रवाना किया। यह मोबाइल हेल्थ यूनिट जिले भर में लोगों को मोबाइल चिकित्सा सेवा उपलब्ध करायेगी।

जिले के गांव-गांव में लोगों के घर तक पहुंचकर बच्चों और पूरे परिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा निशुल्क जांच, इलाज और दवा उपलब्ध करायेगी मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और नया आयाम जुड़ गया है। मोबाइल हेल्थ केयर के माध्यम से गुणवतापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा लोगों के घर तक पहुंचाया जायेगा। एमएसडी फार्मास्युटिकल के सीएसआर फंड से झारखंड सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से इस्माइल फाउंडेशन के मोबाइल हेल्थ केयर प्रोगाम इस्माइल ऑन व्हीलस के तहत जिले के चिन्हित गावों में वंचित आबादी के प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों को उनके घर के दरवाजे तक जाकर पूरा किया जायेगा। इस वैन के माध्यम से जांच और इलाज के अतिरिक्त लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया जायेगा। सामान्य बीमारियों के इलाज के साथ-साथ बड़ी समस्या के लिए लोगों को उचित स्थान पर रेफर किया जायेगा। मंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिस गांव में भी यह मोबाइल हेल्थ यूनिट जाए वहां लोग स्वागत और सहयोग करें। मंत्री ठाकुर ने कहा कि यह गढ़वा जिले के लिए एक बड़ी पहल है। क्योंकि यह सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवाएं संबंधी योजनाओं को ग्रामीण आबादी तक पहुंचाने में मदद करेगी। मैं इस सीएसआर पहल के लिए एमएसडी फार्मास्यूटिकल्स विशेष रूप से नीलिमा द्विवेदी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इसके लिए झारखंड को चुना।

संस्था के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर पब्लिक पॉलिसी एंड कम्युनिकेशन नीलिमा द्विवेदी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य मोबाइल हेल्थ केयर के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच बढ़ाना है। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी देखभाल पर लोगों की जेब से होने वाले खर्च को कम करना, बीमारियों के प्रति संवेदनहीनता को कम करना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक रूप से हाशिए पर रहने वाली आबादी के दरवाजे तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत लोगों को एमबीबीएस डॉक्टर और चिकित्सा सहायकों द्वारा ओपीडी सेवा उपलब्ध कराने, परामर्श देकर कल्याणकारी सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ने, स्वस्थ जीवन शैली के लिए स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, रेफरल सेवा के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी अस्पतालों के साथ समन्वय कर समुदाय और सरकार के बीच एक सेतु के रूप में कार्य किया जायेगा। जिससे लोग सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकें। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, सीएस डा. अनिल कुमार, डीएस डा. अवधेश सिंह, डीपीएम प्रवीण सिंह, सीओ कुमार मयंक भूषण, स्माइल फाउंडेशन के जनरल प्रोग्राम मैनेजर सतनाम सिंह, संदीप नायक, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अनीता दत्त, रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, आशीष अग्रवाल, सुबोध सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शिव कुमार विश्वकर्मा बने बसपा के प्रदेश सचिव

**मेराल (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड बहुजन समाज पार्टी एक तरफ संगठन की मजबूती पर कार्य कर रही है तो दूसरी तरफ कैडर कैंप की तैयारी कर रही है। पार्टी प्रदेश भर में कैडर कैंप करके कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को मिशन के साथ-साथ बहुजन समाज पार्टी विचारधारा के साथ 2024 की सियासी जमीन तैयार करेगी उक्त बातें शुक्रवार को प्रदेश के नवनियुक्त सचिव शिवकुमार विश्वकर्मा ने कही। वे अपने गृह जिला के मेराल प्रखंड मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी सुप्रीमो बहन मायावती जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए बसपा पूरी दमखम से चुनाव लड़ेगी। शिवकुमार विश्वकर्मा को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर बहुजन समाज पार्टी के गढ़वा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र साव आदि नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बधायी दी है।

**कार्यालय जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग**

**आम सूचना**

**विषय :– माल वाहक (Goods Upto 3 Ton) वाहनों पर कर एवं एकमुस्त कर जमा करने के संबंध में।**

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधान महालेखाकार, झारखण्ड रांची के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन के संदर्भ संख्या OBS-430890 द्वारा आपत्ति दर्ज किया गया है कि झारखण्ड करारोपण संशोधित अधिनियम 2018 के अनुपालन में 311 माल वाहक **03 टन तक क्षमता वाले वाहनों पर एकमुश्त कर जमा नहीं किया गया है।**

अतः उक्त वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि अपने–अपने वाहन का एकमुश्त कर की राशि पन्द्रह दिनों के अन्दर जमा करना सुनिश्चित करें।

इसे अति आवश्यक समझा जाए।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR301763 (Transport)23-24*D

## हरिहरपुर से कांवरिया देवघर के लिए हुए रवाना



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** श्रावण मास आते ही शहर हो या गांव सभी जगह भगवान भोलेनाथ की जयकारे से सारा वातावरण गुंजायमान होने लगता हैं। कांवरिया एक से एक मनमोहक अंदाज में कांवर लेकर भगवान भोलेनाथ की जलाभिषेक के लिए गांव-गांव की गलियों से कांवरियों का जत्था निकलता है। इसी क्रम में शुक्रवार की दोपहर में हरिहरपुर से कांवरियों का पहला जत्था गांव के शिवालयों व मंदिरों में मत्था टेकर कर गांव के साथ-साथ पूरे क्षेत्र की कुशल कामना मांगकर बाबा भोलेनाथ की नगरी देवघर के लिए रवाना हो गए। कांवरियों के जत्थे में ओमप्रकाश सिंह, मंटू साह, दयाशंकर सिंह, नीरज राम, राहुल सिंह सहित कई कांवरिया बम का नाम शामिल है। सभी कांवरिया गांव की गलियों में बोल-बम की जयघोष करते हुए बाबा नगरी के लिए रवाना हुए।

## ग्रामीणों ने राशन वितरण में अनियमितता बरतने का लगाया आरोप



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** सगमा प्रखंड के कटहर कला ग्राम के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर डीलर पर राशन वितरण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुये डीलर को बदलने की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि डीलर ललन उरांव द्वारा समय पर ग्रामीणों के बीच राशन वितरण नहीं किया जाता है, अंगूठा लगवाने के दो माह बीत जाने के बाद भी ग्रामीणों के बीच राशन का वितरण नहीं किया गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालो में, दया कुमार, रितेश उरांव, लालो देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, पुष्पा देवी, पुसुआ देवी, सावित्री देवी, सोशिला देवी, प्रकाश मनी, संगीता देवी, बसंती देवी, सुगनती देवी, गुड़िया देवी, अनिता देवी, ललन राम, देवंती देवी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## भूमि विवाद को लेकर मारपीट, महिलायें सहित नौ लोग घायल

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के भूमफोर गांव में गरुवार को दो पक्षो में भूमि विवाद में लाठी डंडे से मारपीट कर महिलायें सहित नौ लोग घायल हो गया था। थाना में प्राथमिक के बाद छः लोगो को गिरफ्तार कर धुरकी पुलिस ने गढ़वा जेल भेज दिया है। एक पक्ष से अरविंद यादव पिता, मथुरा यादव, अखिलेश यादव पिता अरविंद यादव दूसरा पक्ष घनश्याम यादव, उमाशंकर यादव पिता बीरबल यादव व कमलेश यादव, उमेश कुमार यादव पिता कृष्णा मोहन यादव सभी को जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि ये सभी लोग आपसी विवाद में मारपीट किया था जिसमे छः लोगो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## कटहर गढ़ के कुमार सुरेंद्र का निधन

**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना अंतर्गत कटहर कला गांव निवासी सह कटहर गढ़ के कुमार सुरेंद्र प्रताप देव का गुरुवार के करीब पांच बजे गढ़वा में निधन हो गया। सुबह करीब 2 वर्षों से गंभीर बीमारी से ग्रसित है उनका इलाज लखनऊ पीजीआइ से चल रहा था। परिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कल ही कटहर गढ़ से गढ़वा अपने क्वाटर में गए थे। आज सुबह में एकाएक उनका तबीयत बिगड़ गई, परिजनों ने तत्काल उन्हें अस्पताल में ले जाया गया। जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। देव पूर्व में 32 वर्षों तक मुखिया रह चुके थे। वह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के चचेरे चाचा थे। निधन की सूचना पाकर उनके कटहर गढ़ आवास पर बड़ी संख्या में प्रखंड क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे हैं। सामाचार लिखे जाने तक उनका शव गढ़वा में ही था।

## एक हजार पौधा लगाकर शहर में की जायेगी हरियाली: कंचन साहू

**शहर के विभिन्न संस्थान सहित शहर के वावसायी मिलकर करेंगे पौधा रोपण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** समाजसेवी संस्था लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम की ओर से गढ़वा प्रखंड के सुखवाना स्थित लहसुनिया पहाड़ के पास एक हजार पौधारोपण किया जायेगा। पौधारोपण के लिए पहाड़ के समीप एक हजार आवश्यक पौधा लगाने के लिए खुदाई भी कर दी गयी है। लायंस क्लब गढ़वा ऑफ ऑसम के अध्यक्ष कंचन साहू ने स्थानीय युवकों के साथ एक समवय स्थापित कर पहाड़ पर पौधारोपण का निर्णय लिया है। संस्था के अध्यक्ष कंचन साहू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आज जंगल का रहना काफी जरूरत है। लहसुनीया पहाड़ का भी काफी हरा भरा रहता था। लेकिन आज पहाड़ पर एक भी पेड़ पौधे नहीं है। और यह गढ़वा शहर से काफी सटा हुआ है। ऐसे में इस पहाड़ पर पेड़ पौधों को लगा देने से शहर के लोगों को घुमने और कुछ समय बिताने के लिए लहूसुनिया पहाड़ एक पर्यटक के रुप में लोग याद करेंगे। उन्होंने कहा कि यह इलाका शहर के लिए काफी महत्वपूर्ण हो जायेगा। लोग टहलने के लिए इस इलाके में आयेंगे। उन्होंने कहा कि संस्था की ओर पौधा का रख रखाव किया जायेगा। पौधे के रखरखाव व उसे सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक माली को नियुक्त कराया जाएगा। जो लगाए गए 1 हजार पौधे को प्रत्येक दिन पानी व पौष्टिक आहार के रूप में खाद आदि का छिड़काव करेगा उन्होंने कहा कि पौधा लगाना बड़ी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि इस पौधे को लगाने के लिए 1 हजार लोगों की जरूरत है। जो स्वयं पौधा लगाकर एक मिसाल कायम करेंगे। जिसके लिए वह शहर के लिए संस्थागत समूह विद्यालय, संस्थान सहित जिले के व्यवसाई व ग्रामीण लोग भी शामिल रहेंगे। मौके पर विकेश सिंह, नितेश, राजन कुमार, सोनू कुमार, सतेंद्र उराव, उपेंद्र सिंह, सतनारायण दुबे, सुरेश मेहता सहित आदि लोग उपस्थित थे।

## टीडीएम कॉलेज में सफल छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** स्थानीय ठाकुर दयाल देव मानिक राज (टीडीएम )कॉलेज में इंटरमीडिएट के 21-23 के सत्र में अव्वल दर्जा प्राप्त कर सफल हुए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम में बोलते हुए महाविद्यालय के सचिव शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि महाविद्यालय का गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना प्रथम लक्ष्य है। हमें खुशी है कि महाविद्यालय अपने इस लक्ष्य में तेजी से अग्रसर है। जिसके फलस्वरूप आज महाविद्यालय के 12वीं के परीक्षा परिणाम 92% से ऊपर रहा है साथ ही वाणिज्य संकाय के छात्र छात्राओं ने सत प्रतिशत सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय और क्षेत्र का गौरव को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आज बहुत खुशी का दिन है कि हमारे महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र अरमान चतुर्वेदी आइआइटी में क्वालीफाइ किया है। हमारे बीच से पढ़कर बच्चा अब आइआइटी पढ़ने के लिए जा रहा है ऐसे होनहार छात्रों को आज सम्मानित करते हुए हम सबों को अपार हर्ष हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि तीनों संकाय से अव्वल दर्जा प्राप्त कर सफल छात्र छात्राओं को आज महाविद्यालय परिवार की ओर से उनका सम्मानित कर उनके आगे भविष्य की शुभकामनाएं दी जा रही है। हम सबको पूर्ण विश्वास है कि आने वाले दिनों में वे अच्छे मुकाम को हाशिल करेंगे। जिससे महाविद्यालय के नाम देश-विदेश स्तर पर होगा। साथ ही वे सारे बच्चे जो आज अव्वल हुए हैं वह अपने परिवार के नाम को बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है। देव ने कहा कि महाविद्यालय निर्माण का हमारा लक्ष्य था कि यह क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में आसुविधा विहीन रहा है वहां से बच्चों को पढ़ने के लिए उनके आसपास दरवाजे पर एक उत्कृष्ट गुणवत्ता युक्त सुसज्जित महाविद्यालय होने की आवश्यकता है। इसी के अंतर्गत हमने अधौरा में जो नगर पंचायत अंतर्गत आता है शहरी क्षेत्र में आता है यह महाविद्यालय निर्माण करने का निर्णय लिया और उसका परिणाम नजर आ रहा है। यहां के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मी उसके लिए हर संभव मेहनत करते हैं छात्र-छात्राएं क्लास करने आने लगे हैं। जिससे शिक्षा का माहौल यहां बना है।

**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

52वीं औपबंधिक सूची जिला–लातेहार

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चंदवा थाना काण्ड संख्या–116 /92 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सत्येन्द्र सिंह, मनबहाल सिंह एवं रामकेश्वर सिंह द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात की संख्या पर दी गयी अनुशंसा सूची में नाम के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–379<br>2. नाम–मुटरी देवी (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 भगवान सिंह (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–चेटर (डंगमारा), पोस्ट–चेटर, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) (आश्रित पत्नी) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–06/23<br>2. नाम–ओमप्रकाश सिंह, पिता–स्व0 बाबूलाल सिंह<br>3. ग्राम–चेटर (डंगमारा), पोस्ट–चेटर, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–07/23<br>2. नाम–भृगुराज सिंह, पिता–स्व0 बिगु सिंह<br>3. ग्राम–चेटर (रखांत), पोस्ट–चेटर, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–377<br>2. नाम–बेलस टोप्पो, पिता–स्व0 चाजरस टोप्पो<br>3. ग्राम–हुटाप, पोस्ट–हुटाप, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–08/23<br>2. नाम–विश्वनाथ सिंह, पिता–सुखदेव सिंह<br>3. ग्राम–चेटर (रखांत), पोस्ट–चेटर, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–499<br>2. नाम–रामनरेश सिंह, पिता–स्व0 बह्मदेव सिंह<br>3. ग्राम–डुमारो, पोस्ट–निन्द्रा, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायीं आँख के बगल में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–09/23<br>2. नाम–रामधनी साव, पिता–काली साव<br>3. ग्राम–चेटर (रखांत), पोस्ट–चेटर, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–10/23<br>2. नाम–भोला पाहन, पिता–स्व0 डडहु पाहन<br>3. ग्राम–चेटर, पोस्ट–चेटर, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–281<br>2. नाम–सीतमोहन मुण्डा, पिता–स्व0 जयराम मुण्डा<br>3. ग्राम–जमीरा, पोस्ट–रोल, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–633<br>2. नाम–रामपाल उरांव, पिता–ठुप्पा उरांव<br>3. ग्राम–जमीरा, पोस्ट–रोल, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–330<br>2. नाम–सुरेन्द्र भगत, पिता–सोनार भगत<br>3. ग्राम–माल्हन (पुतरी टोला), पोस्ट–चेटर, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के केहुनी में काला तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–1016<br>2. नाम–रामेश्वर सिंह, पिता–स्व0 सुखदेव सिंह<br>3. ग्राम–चेटर (रखांत), पोस्ट–चेटर, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुठा का नाखुन फटा हुआ। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–383<br>2. नाम–फूलचंद गंझू, पिता–इन्द्रा गंझू<br>3. ग्राम–चेटर, पोस्ट–चेटर, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–मनिका थाना काण्ड संख्या–32/92 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मुरारी साव द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात की संख्या पर दी गयी अनुशंसा सूची में नाम के आधार पर। | |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–36<br>2. नाम–बृजलाल प्रसाद गुप्ता, पिता–स्व0 झालो साव<br>3. ग्राम–बालूमाथ गोबरी टोला, पोस्ट–बालूमाथ, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाके दाहिने तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–11/23<br>2. नाम–नागदेव उराँव पिता–स्व0 बासुदेव उराँव<br>3. ग्राम–पकरी, पोस्ट–झाबर, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–12/23<br>2. नाम–परमेश्वर प्रसाद पिता–झालो प्रसाद<br>3. ग्राम–रवि स्टील पंडरा, पोस्ट–झाबर, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–13/23<br>2. नाम–लल्लु उराँव पिता–स्व0 लक्षु उराँव<br>3. ग्राम–बनियो, पोस्ट–झाबर, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–809<br>2. नाम–शंकर उराँव पिता–स्व0 पौलु उराँव<br>3. ग्राम–जाला, पोस्ट–सेरेगाड़ा, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख में ऐला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–366<br>2. नाम–प्रमेश्वर उराँव पिता–स्व0 सधवा उराँव<br>3. ग्राम–जाला, पोस्ट–सेरेगाड़ा, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–392<br>2. नाम–शिबु उराँव पिता–स्व0 करमा उराँव<br>3. ग्राम–बालू, पोस्ट–बालू, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–641<br>2. नाम–करमा उराँव पिता–स्व0 मंगरू उराँव<br>3. ग्राम–बनियो, पोस्ट–झाबर, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–863<br>2. नाम–नामेश्वर प्रसाद गुप्ता, पिता–स्व0 झालो साव<br>3. ग्राम–बालूमाथ गोबरी टोला, पोस्ट–बालूमाथ, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–781<br>2. नाम–सावित्री गुप्ता, पति–बृजलाल प्रसाद गुप्ता,<br>3. ग्राम–बालूमाथ, गोबरी टोला, पोस्ट–बालूमाथ, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने बाँह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।
4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाशित किया जायेगा।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR301709 (Home)23-24*D

## मंत्री ने सुनी चिरौंजिया पंचायत वासियों की समस्यायें

# ग्रामीणों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट किया निदान

**मंत्री ने वादा किया पूरा, ब्रह्म बाबा स्थान खजुरी में लगेगा हाई मास्ट लाइट, बनेगा सामुदायिक शौचालय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शुक्रवार को गढ़वा प्रखंड के चिरौंजिया पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पंचायत के बघौता गांव, खजुरी स्थित ब्रह्म बाबा स्थान तथा पंचायत भवन चिरौंजिया में मंत्री ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्या सुनी। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन स्पॉट निदान किया गया। साथ ही शेष समस्याओं का यथाशीघ्र निदान के लिए मंत्री ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

इस दौरान मंत्री ने ब्रह्म बाबा स्थान खजुरी में हाई मास्ट स्ट्रीट लाईट लगाने और सामुदायिक शौचालय बनवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट वैन चिरौंजिया में भी आयेगा। यहां भी लोगों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध करायेगा। जनसंवाद में ग्रामीणों ने पेयजल, राशन, आवास, पेंशन आदि की समस्या से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समस्याओं का त्वरित निदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी ग्रामीण को कोई समस्या नहीं होने दी जायेगी। उनकी हर समस्या का निदान किया जायेगा। गढ़वा वासियों की हर समस्या दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यही कारण है कि वे पदाधिकारियों की टीम के साथ गांव-गांव जाकर ग्रामीणों की समस्या सुन रहे हैं और उसका निदान भी हो रहा है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा की बहुत सारी समस्याएं दूर हो चुकी है। शेष बची समस्याओं के निदान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। मौके पर पेयजल और स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, गढ़वा बीडीओ कुमुद कुमार झा, सीओ कुमार मयंक भूषण, सामाजिक सुरक्षा निदेशक दिनेश सुरीन, पुलिस इंस्पेक्टर के-के साहु, सीडीपीओ, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, रेखा चौबे, अनिता दत्त, दिलीप गुप्ता, चिरौंजिया मुखिया श्रीकांत दूबे, झामुमो गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद आदि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

# सभी क्रियान्वित योजनाओं को समय पर पूरा करें अधिकारी : लोबिन हेंब्रम

**योजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं प्राप्त लक्ष्यों के अनुसार काम करने का दिया निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते विधानसभा समिति के प्रतिदिधि।

**खूंटी।** झारखंड विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की बैठक शुक्रवार को खूंटी परिसदन में हुई। समिति के सभापति विधायक लोबिन हेमब्रम, सदस्य विधायक कोचे मुंडा और विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कल्याण, शिक्षा, राजस्व, समाज कल्याण, समाजिक सुरक्षा, नियोजन, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य, ग्रामीण कार्य विभाग, कल्याण, भवन प्रमंडल, लघु सिंचाई, ऊर्जा, भूमि संरक्षण, ग्रामीण विकास विभाग, खान, जिला परिषद, नगर पंचायत आदि विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा पेश प्रतिवेदनों के आलोक में संबंधित विभाग के तहत क्रियान्वित विविध योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों को योजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं प्राप्त लक्ष्य के अनुसार कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री दाल भात योजना, ग्रीन राशन कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य एवं लोगों को उपलब्ध कराए गए लाभ की जानकारी ली गई। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान राजस्व संग्रहण, मुआवजा एवं अन्य संबंधित कार्यों की जानकारी अपर समाहर्ता से ली गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन एवं परीक्षा परिणाम की जानकारी ली गई। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा आदर्श आंगनबाड़ी की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना व मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में प्री एवं पोस्ट मैट्रिक की समीक्षा की गई, साथ ही आवासीय विद्यालयों में उपलब्ध आधारभूत संरचना के संबंध में चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त जन्म मृत्यु निबंधन को लेकर चर्चा के क्रम में बताया गया कि सभी प्रखंड में जन्म मृत्यु निबंधन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन किया गया है, साथ ही विशेष अभियान का संचालन किया जाना है। समाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में सभी पात्र लाभुकों को पेंशन का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। समिति के सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी क्रियान्वित योजनाओं को समय पर पूर्ण किया जाना आवश्यक है, ताकि क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंच सके।

# सांसद संजय सेठ के प्रयास से मैक्लुस्कीगंज, खलारी व राय रेलवे स्टेशन पर नागरिक सुविधा में होगा सुधार

**एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव, आरओबी और अंडरपास का निर्माण कार्य जल्द होगा शुरू**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खलारी।** भाजपा खलारी मंडल की ओर से लगातार की जा रही खलारी, राय और मैक्लुस्कीगंज रेलवे स्टेशन पर नागरिक सुविधा में सुधार की मांग, एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव, आरओबी और अंडरपास का निर्माण कार्य अब जल्द शुरू होगा। उक्त निर्णय शुक्रवार को धनबाद में रेलवे के पूर्वी जोन के जीएम हाजीपुर के साथ रांची सांसद संजय सेठ के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में ली गई। जानकारी के मुताबिक खलारी भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि खलारी कोयलांचल के लोगों की इस मांग पर सांसद संजय सेठ लगातार प्रयास करते रहे। सांसद द्वारा पूर्व में रेल मंत्री से मिलकर लगातार उन्हें खलारी की समस्याओं से अवगत कराते रहें है। रेलवे बोर्ड की बैठक में भी वह अपनी बातों को रखते रहे। उन्होंने कहा कि सांसद संजय सेठ के प्रयास से वर्षों पुरानी मांग आज पूरा हुआ और सौगात के रूप में एक अंडर पास, एक आरओबी की स्वीकृति रेलवे द्वारा दे दी गई है। रेलवे अपने फंड से मैक्लुस्कीगंज में आरओबी का निर्माण फाटक के पास करायेगी जिसके लिये डीपीआर के लिये टेंडर कर दिया गया है। साथ ही तीन करोड़ रुपए की लागत से राय स्टेशन और फाटक के बीच में अंडर पास का निर्माण किया जाएगा जो जनवरी 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही खलारी ओवरब्रिज पर सोहराई पेंटिंग की जाएगी। बताया कि मैक्लुस्कीगंज स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस व शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव और खलारी स्टेशन पर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस और गरीब रथ एक्सप्रेस का ठहराव हो इस पर भी सकारात्मक बात हुई है। जीएम हाजीपुर की ओर से सांसद संजय सेठ को उनके द्वारा पहल की गई कार्य का प्रगति रिपोर्ट सौंपा गया। उपरोक्त सभी कार्यों की प्रगति और सांसद के अथक प्रयास से होने वाले रेलवे संबंधित विकास के कार्यों के किए सांसद संजय सेठ को भाजपा खलारी मंडल ने यहां की जनता की ओर से अभार जताते हुए बधाई दिया।

## आरपीआइ अंबेडकर ने आदिवासी युवक के साथ हुई घटना की निंदा की

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया (अंबेडकर) और एसटी/एससी/ओबीसी एकता मंच के तत्वाधान में शुक्रवार को डकरा अंबेडकर पार्क में बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता अनिता एक्का ने की। बैठक में मध्य प्रदेश के सिधि जिला के भाजपा कार्यकर्ता प्रवेश शुक्ला द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने जैसी घिनौनी हरकत की कड़ी निंदा की गयी। इस दौरान वक्ताओं ने भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की। बैठक में निर्णय लिया गया कि रविवार को डकरा अंबेडकर पार्क में भाजपा कार्यकर्ता प्रवेश शुक्ला का पुतला दहन किया जाएगा।

## राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) की बैठक में संडे कटौती का हुआ विरोध



**खलारी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) की बैठक शुक्रवार को यूनियन के डकरा आवासीय कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता सुधीर कुमार राय और संचालन अजय सिंह ने किया। बैठक में एनके प्रबंधन की नाकामयाबी पर चर्चा करते हुए कर्मियों के संडे कटौती का विरोध किया गया। साथ ही कायाकल्प मरम्मति के बाद असैनिक विभाग द्वारा कोई कार्य नहीं होने पर नाराजगी भी जताई गयी। साथ ही कहा गया कि बिजली विभाग द्वारा क्वार्टर का समय पर मरम्मतिकरण नहीं किया जा रहा है। एनके प्रबंधन की इच्छा शक्ति के अभाव के कारण उत्पादन पूरा नहीं हो रहा है और मजदूरों का संडे कटौती किया जा रहा है। मजदूरों को नाखुश कर प्रबंधन कभी भी उत्पादन लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकता है। इस दौरान स्कूल बस के संबंध में चर्चा हुई एवं बस एक से बढ़कर दो बस करने की मांग रखी गई। बैठक में यूनियन की सदस्यता बढ़ाने पर भी चर्चा किया गया। इस मौके पर सुधीर राय, अजय सिंह, राजेश परिहार, बाबूलाल सिंह, बलवंत सिंह, गोपाल सिंह, श्रीवास्तव उरांव, वशिष्ठ सिंह, कंजूलाल महतो आदि उपस्थित थे।

## बूथ कमेटी का विस्तार का कार्य जल्द पूरा करें मंडल अध्यक्ष : सत्यनारायण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय में जिलाअध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में सांगठनिक मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही सभी मंडल अध्यक्षों को बूथ कमेटी के विस्तार को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रभारी के रूप में प्रदेश मंत्री काजल प्रधान और जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह भी उपस्थित थे। सत्यानारायण सिंह ने कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष शीघ ही मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तह बूथ कमेटी के विस्तार को पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि आजीवन सहयोग निधि संग्रह अभियान के तहत रसीद काटने का विवरण भी 10 जुलाई तक पूर्ण करें। ताकि आगे की अभियानों की रूप रेखा तैयार की जाए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, जिला महामंत्री बिनोद नाग, मंडल अध्यक्ष गोविंदपुर रामध्यान सिंह, मुरहू मंउल अध्यक्ष राम बिहारी लाल, कलिंदर राम और सभी मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राहुल गांधी को इंसाफ दिलाने के लिए जायेंगे सुप्रीम कोर्ट: गुंजन सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिपरवार।** गुजरात हाईकोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका खारिज होने पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की बात कही है। उन्होंने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि गुजरात में कहीं ना कहीं असत्य का समर्थन किया जा रहा है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट से सत्य की जीत होगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी केंद्र की जन विरोधी नीतियों की समर्थक भाजपा सरकार के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। महंगाई, युवाओं को रोजगार, किसानों की भलाई, महिलाओं के हक, श्रमिकों के सम्मान के सवाल पर राहुल गांधी का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि साल 2024 लोकसभा चुनाव में जनता केंद्र की भाजपा सरकार को करारा जवाब देगी।

## विभिन्न मांगों को लेकर डीसी कार्यालय के समक्ष आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रदर्शन 10 को

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की खूंटी जिला समिति के बैनर तले 10 जुलाई को डीसी कार्यालय के समक्ष छह सूत्री मांगों को लेकर आंनाबड़ी सेविकाएं धरना-प्रदर्शन करेंगी। इसमें जिले के सभी छह प्रखंडों की आंगनबाड़ी सेविक और सहायिका भाग लेंगी। इस संबंध में झारखंड प्रदेश ऑगनबाडी वर्कर्स यूनियन की जिलाध्यक्ष रंजीता देवी ने बताया कि सेविका-सहायिका को केंद्रीय कर्मचारी घोषित करने, सेवानिवृत्ति पर एक मुस्त पांच लाख रुपये देने, आठ माह का बकाया पोषाहार राशि देने और पोषाहार राशि एडवांस देने, बाजार मूल्य से पोषाहार राशि देने, छह माह से बकाया मानदेय भुगतान करने एवं प्रत्येक माह समय पर मानदेय देने आदि मांग को लेकर 10 जुलाई को खूंटी जिला में और 12 जुलाई को रांची राजभवन के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## विस्थापितों की हर समस्या के समाधान के लिए प्रबंधन प्रयासरत है : जेके सिंह



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रोहिणी परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने शुक्रवार को विस्थापित गांव का दौरा किया। परियोजना पदाधिकारी अपने कार्यालय के समीप ढुब बस्ती गए जहां उन्होंने विस्थापितो के साथ बैठक की। विस्थापितो से गांव में घरों और परिवार संबंधित जानकारी ली। परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने बस्ती के लोगों को बताया कि रोहिणी परियोजना का विस्तारीकरण होना है, जिसमें परियोजना कार्यालय के सामने दोनों तरफ की बस्ती को हटाना है। इससे पहले घरों की मापी की जाएगी। उसके बाद उनका मेजरमेंट बनेगा और उन्हें कंपनी के आर एंड आर पॉलिसी के तहत मुआवजा एवं पुनर्वास किया जाएगा। प्रबंधन विस्थापितो की हर समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत है। विस्थापितों को जो भी नौकरी मुआवजा एवं पुनर्वास मिलना है उसे दिया जाएगा। उन्होंने विस्थापितों से खदान चलाने के लिए सहयोग करने की अपील भी की। वहीं विस्थापित नेता मुकद्दर कुमार ने कहा कि विस्थापित प्रबंधन को सहयोग करने के लिए तैयार है, लेकिन उनकी हर सुख-सुविधा का ख्याल प्रबंधन को रखना होगा। उनको जो भी नौकरी-मुआवजा पुनर्वास सहित अन्य सुविधाओं के प्रति सकारात्मक पहल करना होगा। इस दौरान प्रबंधन के लोगों ने दोनों बस्तियो में घरों का सर्वे भी किया। इस मौके पर मैनेजर दीपक कुमार, अनुराग मिंज, सतपाल सिंह, जबकि रैयत विस्थापित मोर्चा के रोहिणी शाखा सचिव अमृत भोगता, शिवनाथ भोगता, लहसन भोगता, सूरज लोहार, विश्वनाथ गंझू, छोटन भोगता, राजेंद्र गंझू, रिझु भोगता, मुरारी मेहता, संतोष, मंगरा गंझू, सोनू, मुनिया देवी आदि मौजूद थे।

## रैयत विस्थापितों को कोयला लिफ्टिंग के माध्यम से मिले रोजगार : सुनील यादव

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा के डकरा शाखा अध्यक्ष सुनील यादव ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर डकरा परियोजना में होने वाले रोड़ सेल कार्य में वहां के रैयत और विस्थापितों को कोयला लिफिटंग कार्य देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि डकरा माइन्स खोलने के लिए यहां के रैयतों ने अपना जमीन दिया और उन्हें आस थी कि कभी न कभी उन्हें रोजगार मिलेगा। सीसीएल प्रबंधन द्वारा रोड सेल कार्य को शुरू भी कराया गया, जो गत एक वर्ष से किया जा रहा है। उसमें भी रैयतों को किसी तरह का रोजगार नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि जिनका डकरा खदान में जमीन भी नहीं गया है वो आज कोल डंप से लाभ उठा रहे है और यहां के मुल रैयत और विस्थापितों का हक मार रहे है। उन्होंने सीसीएल प्रबंधन से मांग करते हुए कहा कि जब तक रैयत विस्थापितो का रोजगार सुनिशचित नहीं किया जायेगा तब तक आने वाले डीओ का कार्य शुरू नहीं होने दिया जायेगा। साथ ही डीओ होल्डर लिफ्टिंग का कार्य रैयत विस्थापितों को नहीं देंगे तो रैयत विस्थापित मोर्चा उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। इसकी पूरी जिम्मेवारी सीसीएल प्रबंधन की होगी।

## जामुन दोहर के ग्रामीणों ने रखी केडीएच पीओ से पुनर्वास स्थल की मांग

**खलारी (आजाद सिपाही)।** केडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने शुक्रवार को जामुन दोहर गांव का दौरा किया। परियोजना पदाधिकारी ने जामुन दोहर के ग्रामीणों को बताया कि खदान विस्तारीकरण में जामुन दोहर बस्ती को विस्थापित करना है। घरों का मुआवजा भी आ गया है। सभी ग्रामीण कागजात जमा करें, ताकि विस्थापन प्रक्रिया शुरू हो सके। वहीं, ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन पहले पुनर्वास करने के लिए स्थल का चयन करें।

## सफाई के लिए पहुंची कार हुई बेकाबू वाशिंग सेंटर में घुसने से संचालक घायल



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा पेट्रोल पंप के पास गाड़ियों को धोने वाले वाशिंग सेंटर पर कार धुलाई के लिए आई एक कार वाशिंग प्लेटफार्म पर चढ़ाने के दौरान कार बेकाबू होकर सेंटर के संचालक को घायल करते हुए दुकान में घुस गई। घायल सेंटर संचालक का नाम शिवकुमार सिंह है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल बचरा क्षेत्रिय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंची और कार को कब्जे में लेकर थाना ले गई। हालांकि इस संबंध में थाना में कोई आवेदन नहीं दिया गया है। जानकारी के मुताबिक वाशिंग सेंटर पर धुलने के लिए एक युवक कार लेकर पहुंचा था। वह खुद ही प्लेटफार्म पर गाड़ी चढ़ा रहा था, जिसे आगे खड़ा होकर सेंटर का संचालक निर्देश दे रहा था। हालांकि कार चालक ने ब्रेक लगाने की जगह एक्सीलेटर पर पैर दबा दिया, जिससे गाड़ी बेकाबू होकर सेंटर संचालक को धक्का मारते हुए पंप हाउस की दीवाल तोड़कर अंदर घुस गई। घायल सेंटर संचालक को छाती और सिर में गंभीर चोट आई है।

## डालसा ने विशेष मध्यस्थता अभियान के लिए चलाया जागरूकता कार्यक्रम



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झालसा रांची के निर्देशन और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में शुक्रवार को खूंटी बाजार टांड में मध्यस्थता पर आधारित विशेष मध्यस्थता अभियान के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसे संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि एक जुलाई से 30 सितम्बर तक विशेष मध्यस्थता अभियान के तहत सभी प्रकार के मामलों का निष्पादन मध्यस्थता के आधार पर किया जा रहा है। तीन माह तक चलने वाला यह विशेष मध्यस्थता अभियान है, जिसके माध्यम से आम जन अपने जमीन, जायदाद, पारिवारिक, चेक बाउंस, वाणिज्य, आपराधिक सुलहनीय मामले, वाहन दुर्घटना मुआवजा, एक्साइज , वन विभाग आदि मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से निःशुल्क एवं त्वरित निष्पादन करा सकते हैं। यही सम्पूर्ण न्याय माना जाता है। एलएडीसी डिप्टी चीफ नम्रता कुमारी ने हाट में आए लोगों को डायन प्रथा के बारे में जागरूक किया। कहा कि डायन एक अविश्वास और अपराध भी है। कार्यक्रम में डालसा के अधिवक्ता, पीएलवी अंजू कच्छप, चंदन कुमार, ज्योति भेंगरा आदि उपस्थित थे।

डीसी ने की कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को दिये निर्देश

# सभी लाभुक किसानों को केसीसी ऋण उपलब्ध करायें अधिकारी: शशि रंजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

**खूटी।** डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। इस दौरान झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना और सुखा राहत योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही किसानों को केसीसी ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। डीसी ने कहा कि केसीसी से संबंधित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विस्तृत योजना बनाकर अनुपात में सुधार लाएं। जिले के अधिसंख्यक लोग कृषि पर आश्रित हैं। इसलिए योग्य लाभुकों को शत प्रतिशत केसीसी से अच्छादित किया जाना जाना चाहिए। डीसी ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और सुखाड़ राहत योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने बीज विनिमय एवं वितरण (50 फीसदी अनुदान पर) किए गए बीज वितरण की समीक्षा की। साथ ही विभिन्न संचालित योजनाओं के माध्यम से लाभुकों को लाभ दिलाने एवं आवेदनों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं की निरन्तर समीक्षा के लिए समय-समय पर कृषक मित्रों के साथ प्रखंड स्तर पर बैठक आयोजित की जाय, जिसमें दिए गए निर्देशों का अनुपालन कराया जाना चाहिए।

## बोरी बांध बनते ही बनई नदी में आ गयी जान, भोलेनाथ के भक्तों में दिखा उत्साह

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नदियों के अंधाधुध दोहन और बालू उत्खनन के साथ ही आषाढ़ और सावन महीने में अब तक पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण बनई नदी लगभग सूखने की कगार पर है। ज्ञात हो कि इसी बनई नदी से पूरे सावन महीने में भोलेनाथ के भक्त जल लेकर बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंचते हैं और जलाभिषेक करते हैं, लेकिन नदी में पानी नहीं रहने से भक्तों को काफी परेशानी हो रही थी। इसे ध्यान में रखकर शुक्रवार को बनई नदी पर सीआरपीएफ 94वीं बटालियन, सेवा वेलफेयर सोसाइटी, विभिन्न राजनीतिक-सामाजिक संगठनों और ग्रामसभा के प्रयास से बोरी बांध का निर्माण किया गया। कुछ देर बाद ही नदी में पानी भर गया। बतातें चलें कि सावन की पहली सोमवार में अब महज दो दिन शेष हैं। प्रत्येक सोमवारी को रांची, खूंटी, चाईबासा, जमशेदपुर छत्तीसगढ़, ओडिशा सहित अन्य जगहों से 40-50 हजार श्रद्धालु बाबा को जलार्पण करने पहुंचते हैं। नदी में स्नान-पूजन के उपरांत पवित्र जल उठाकर पैदल तीन किमी दूर आम्रेश्वरधाम पहुंचकर भोलेबाबा का जलाभिषेक करते हैं, लेकिन इस वर्ष सावन के पेलौली ग्रामसभा झामुमो, भाजपा समेत पंचायत प्रतिनिधियों ने योगदान दिया। दूसरी ओर, सावन के महीने में बनई नदी में पानी की कमी को देखते हुए झाविमो के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने बनई नदी पर बोरीबांध बनाने का सुझाव दिया था। उसके बाद शुक्रवार की सुबह 6.45 बजे ही सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी पीआर मिश्रा, मृत्युंजय कुमार, उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल, संतोष कुमार, सूबेदार मेजर संजीव कुमार एवं राजेश कुमार सिंह समेत लगभग 100 जवानों के साथ बनईनदी तट पर पहुंचे। वहीं, पेलौल ग्रामसभा के सचिव प्रफुल्ल तिडू, मुखिया नरगिस प्रियंका तिडू, दिलीप मिश्रा, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष राजेश महतो, झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य सुदीप गुड़िया, रोबिन तोपनो, उप प्रमुख संतोष कर आदि ने श्रमदान किया।

# तालाब से महिला का शव बरामद

## पति ने बताया कि नशे की आदि थी पत्नी

**संभवतः तालाब में पैर फिसल जाने के कारण डूबने से हुई होगी मौत, पुलिस जांच में जुटी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली गांव में ठाकुर बागीचा स्थित तालाब से शुक्रवार की सुबह 42 वर्षीय एक महिला का शव बरामद किया गया है। उसकी पहचान जितनी उराईन के रूप में हुई है। बेड़ो पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया है। इस बाबत मृतका के पति मदन उरांव ने बेड़ो थाना में एक लिखित आवेदन दिया है। हालांकि महिला के मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस छानबीन कर रही है। इस संबंध में एक यूडी केस दर्ज किया गया है। उधर, मृतका के पति मदन उरांव ने बताया कि उसकी पत्नी नशापान करती थी। गुरुवार की शाम भोजन करने के बाद घर से निकली थी। तब से उसकी कोई खोज खबर नहीं थी। इस दिन सुबह जब वो शौच के लिए गया तो उसे सूचना मिली कि उसकी पत्नी का शव तालाब में तैर रहा है। इसके बाद उसने स्वजनों व बेड़ो पुलिस को तुरंत इसकी सूचना दी। दूसरी ओर, घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम व एएसआई जितेंद्र यादव सदल बल घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने गांव में तैराकी का प्रशिक्षण लेकर आये मनीष महली व ग्रामीणों के सहयोग से मृतका के शव को तालाब से बाहर निकाला। जबकि मृतका के पति ने आवेदन में आशंका व्यक्त की है कि शौच के बाद पैर फिसलने से तालाब में गिरने के बाद गहराई में चले जाने के कारण डूबने से उसकी पत्नी की मौत हुई होगी। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

## मृतक के परिजनों को वन विभाग ने सौंपी तत्काल 20 हजार की राहत राशि

# जंगली हाथी ने अधेड़ को कुचला, मौत

**जंगल के रास्ते जाने के दौरान हाथी ने पीछे से दौड़ाकर पकड़ा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** कुच्चू पंचायत के रासाबेड़ा गांव में शुक्रवार को दिन के उजाले में ही दोपहर 12.30 बजे एक जंगली हाथी ने 57 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति को कुचल कर मार दिया। मृतक की पहचान रामसिंह बेदिया के रूप में हुई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक किसी विशेष कार्य से रामसिंह बुढ़ाकोचा गांव जाने के लिए निकला था। जैसे ही पईना पहाड़ के समीप काकतिन टांड़ पहुंचा हाथी ने पिछे से दौड़ाकर दबोच लिया और पटक कर पैरों से कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। उधर, घटना की जानकारी डीमरा के वार्ड सदस्य संकरा बेदिया ने कुच्चू के मुखिया सहदेव बेदिया को दी। इसके बाद मुखिया ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। मौके पर पहुंच कर वनपाल नितिन गुप्ता ने मृतक के परिजनों को 20 हजार रुपए तत्काल राहत राशि मुहैया करायी। काबि की राशि कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भुगतान किए जाने की जानकारी दी। उधर, अनगड़ा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया है।



मृतक के परिजनों को राहत राशि सौंपते वन विभाग के अधिकारी।

## जंगली हाथी ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त



**इटकी (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के कुल्ली गांव में गुरुवार की रात एकल हाथी ने दो घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही घर में रखें अनाज को भी खा गया। जानकारी के अनुसार हाथी जंगल से निकलकर डहुटोली गांव पहुंचा और बासुदेव उरांव के मकान को क्षतिग्रस्त करने के बाद वहां रखें धान सहित अन्य अनाज को खा गया। ग्रामीणों के हो-हल्ला मचाने के बाद हाथी जगुआटोली पहुंचा व अकला महली के मकान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। उसके मकान की दीवार गिरने से बर्तन सहित अन्य सामान मिट्टी में दबकर बर्बाद हो गया। ग्रामीणों ने किसी प्रकार हाथी को जंगल की ओर भगाया। बतातें चलें कि अपने दल से बिछड़ा हाथी कई दिनों से कुल्ली गांव में आतंक मचा रहा है।

## सिकिदिरी के छह बच्चों का राज्य स्तरीय जूनियर व सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता के लिए चयन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** झारखंड तैराकी संघ की ओर से खेल गांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के वीर बुधु स्टेडियम में 8-9 जुलाई को होने वाले राज्य स्तरीय जूनियर व सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में गैर सरकारी संस्था जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी के आधा दर्जन बच्चे-बच्चियों का चयन होने पर संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बधाई दी है। कहा कि सिकिदीरी क्षेत्र तैराकी का गढ़ है। इस क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है बच्चों को निखारने और संवारने की। उन्होंने कहा कि हमारा संस्थान पिछले एक दशक से बच्चों को प्रशिक्षित कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वहीं, राज्य स्तरीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता तैराक अमन कुमार जायसवाल ने कहा कि संस्थान पिछले कई वर्षों से गांव के प्रतिभावान बच्चों को प्रशिक्षित कर आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। मेरे जैसे दर्जनों तैराक आज संस्थान की वजह से अपने पैरों पर खड़े हो पाए हैं। संस्थान के कारण ही मेरे जैसे गरीब परिवार से आने वाले को एक पहचान मिली है। राज्य स्तरीय जूनियर व सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में चयनित होने वालों में श्रद्धा जायसवाल, रूपाली जायसवाल, प्रकाश गांझू, ललित रजवार, हरी करमाली व मनीष करमाली शामिल हैं। वहीं, बच्चों को बधाई देने वालो में संस्थान के महासचिव सत्यपाल राउत, सचिव राजकुमार, रमण कुमार, दिलीप कुमार, सहायक अभियंता संतोष कुमार, कनीय अभियंता कृष्णा प्रसाद, रामाश्रय प्रसाद, पवन कुमार गुप्ता, संदीप कुमार वर्मा, लक्ष्मण प्रसाद सैनी, शंकर स्वामी, मुन्ना चौधरी, विजय सिंह, प्रदीप कुमार आदि शामिल हैं।

## बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने दी बधाई



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मांडर की पूर्व विधायक सह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से पूरे झारखंड में पार्टी और अधिक मजबूत होगी। वहीं, कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी एक ऊजार्वान नेता है। ऐसे में भाजपा नेता सहित कार्यकर्ताओं में वे एक नई ऊर्जा भर सकेंगें, जिससे पार्टी और सशक्त पार्टी बनेगी। वहीं झारखंड प्रदेश का चहुंमुखी विकास भी होगा।

## बेड़ो से चार धाम के लिए कांवरियों का जत्था रवाना



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** जय महादानी बाबा धाम यात्रा बोल बम कांवरियां संघ के बैनर तले श्रद्धालुओं का जत्था शुक्रवार को चार धाम यात्रा के लिए रवाना हुआ। इसके पूर्व कांवरियों ने महादानी बाबा की पूजा-आराधना की। उनके दरबार में मत्था टेककर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। वहीं जत्था का नेतृत्व कर रहे मनोज उरांव ने बताया कि यह जत्था पद्मनाभ स्वामी, रामेश्वरम, मीनाक्षी मंदिर, कांचीपुरम, रंगनाथ, मल्लिकार्जुन, अझिमाला, आदियोगी, अंजनेत स्वामी, मुरुदेश्वर, रामसेतू, तिरूपति बालाजी, श्री नरसिम्हा झरनी, तिरपराप्पू जलप्रपात व बैकवाटर्स यात्रा में जा रही है। इसमें दीपक गोप, शंकर उरांव, रवि सिंह, उत्तम गोप, किशन बड़ाईक, अशोक बड़ाईक, राधेश्याम गोप, जयराम गोप, दुर्गा गोप, बुद्धू महली, दुर्गा बड़ाईक, शंभु साहू, शेखर गोप, प्रवीण उरांव, दिलीप उरांव, राधे गोप और ओमप्रकाश गोप आदि शामिल हैं।

## फरार प्राथमिकी आरोपित के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** लोअर बाजार थाना में भादवि की धारा 406, 420 व 120(बी) के तहत दर्ज कांड संख्या 115/18 के फरार प्राथमिकी आरोपित मोहम्मद जमाल अंसारी उर्फ जमालुद्दीन उर्फ भोला के नीचे मोहल्ला स्थित आवास पर शुक्रवार को पिठोरिया पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया है। अदालत के निर्देश के आलोक में सब इंस्पेक्टर पारस मणि ने इश्तेहार चिपकवाया है।

## एबीवीपी का प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 75 वां स्थापना दिवस व अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में नौ जुलाई को बेड़ो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान वर्ष 2023 में मैट्रिक व इंटर में प्रथम श्रेणी से उतीर्ण होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा। उक्त जानकारी एबीवीपी के शिवेंद्र सौरभ व आकाश रक्षित ने दिया है।

# उग्रवादियों के छिपे होने की सूचना पर पुलिस ने की छापामारी, कारतूस और सामान बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**ठाकुरगांव।** रांची के सीनियर एसपी को मिली उग्रवादियों के जमावड़े की गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी के नेतृत्व में विभिन्न जगहों में अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस की नजर बगदा घाटी की पहाड़ी में छिपे कुछ उग्रवादी पर कड़ी। पुलिस ने पुलिस ने उन्हें घेरने का प्रयास किया, लेकिन सपल नहीं हो सकी। वहीं, सभी उग्रवादी घने जंगल की ओर भाग खड़े हुए। पुलिस ने उनका कुछ दूर पीछा किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने सर्च अभियान चलाया, तो जंगल से 7.62 एमएम के 37 और .38 एमएम के 47 कारतूस, पिट्ठू बैग, खाने के सामान व अन्य घरेलू सामान बरामद किया। विदित हो कि पुलिस को क्षेत्र में टीएसपीसी के पहाड़ी गैंग के उग्रवादियों के आने की सूचना मिली थी। अभियान में मांडर इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर, ठाकुरगांव थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, बुढ़मू थानेदार कमलेश राय समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।




## काम के दौरान एलमुनियम कास्टिंग प्लेट गिरने से दो मजदूरों की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** टाटीसिलवे थाना अंतर्गत पालरीवाल केमिकल एवं एलमुनियम वायर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में शुक्रवार की शाम चार बजे काम करने के दौरान एलमुनियम कास्टिंग प्लेट गिरने से दो मजदूरों की दबकर मौके पर ही होने का मामला प्रकास में आया है। मृतकों की पहचान महिलौंग निवासी सुरेश महतो (28) और आरागेट सीधा टोली निवासी संतोष कुमार सिंह (38) के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार संतोष कंपनी में फिटर और सुरेश सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत थे। दोनों शाम में कंपनी का समरसेबल पंप बना रहे थे। इसी दौरान पास में रखे एलमुनियम कास्टिंग का करीब 700 किलोग्राम वजनी 20 से 25 प्लेट उन पर गिर गया। जिसमें दबकर दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर कंपनी गेट पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, भाजपा महिला मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, कांग्रेस नेत्री अर्चना मिश्रा, आरा मुखिया नीता कच्छप, पूर्व मुखिया विजय टोप्पो, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, मुकेश महतो, राणा दिनकर सिंह, अमित मिश्रा, गिरिधर मिश्रा आदि मौके पर पहुंचे और परिजनों को एक करोड मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी देने की मांग की। खबर लिखे जाने तक परिजन-ग्रामीण मांग पर अड़े रहे।

## वृक्ष जीवन की धरोहर है, उनकी रक्षा करनी चाहिए : एसडी शेरखाने



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** एसएसबी 26वीं वाहिनी रांची की ओर से चलाए जा रहे **मेगा वृक्षारोपण** अभियान के तहत कमांडेंट एसडी शेरखाने के नेतृत्व में सेवा सुरक्षा बंधुत्व के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए वाहिनी मुख्यालय सहित सभी समवायों के परिसर और आसपास के गांवों में पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को सिरका विकास विद्यालय में पौधारोपण किया गया। कमांडेंट एसडी शेरखाने ने आम के पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, एसएसबी के अधिकारियों, बलकर्मियों सहित आमजनों ने मिलकर विभिन्न किस्म के करीब 500 पौधों का रोपण किया। कमांडेंट एसडी शेरखाने ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन की धरोहर है। हम सभी को उनकी रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान में विद्यार्थी एवं आमजन अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक पौधे रोपित करने और उनकी देखरेख करने की शपथ दिलायी गई। इस अभियान के तहत सिरका विकास विद्यालय में 250 एवं मेढ़ेटुंगरी में 250 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य बलराम महतो, कमांडेंट (पशु चिकित्सा) डॉ जेके शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी सचिन कुमार, उपकमांडेंट दिनेश कुमार, अनुराग सिंह, सहायक कमांडेंट संजीव कुमार, नीलेश कुमार, ग्रामीण दुर्गा महतो आदि उपस्थित थे।

## अनगड़ा के जोन्हा में डालसा ने चलाया डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम

# पोक्सो एक्ट और घरेलू हिंसा की रोकथाम पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में प्रखंड के जोन्हा गांव में डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता शिवानी सिंह एवं प्रभाकरण मुण्डा ने पोक्सो एक्ट एवं घरेलू हिंसा पर फोकस करते हुए लोगों को इसके खिलाफ जागरूक होने की अपील की। शिवानी सिंह ने महिलाओं से संबंधित कानूनी जानकारी के तहत घरेलू हिंसा अधिनियम, डायन बिसाही, बाल विवाह, बाल यौन अपराध आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं, अधिवक्ता प्रभाकरण मुण्डा ने लोगों को संविधान से जुड़े मूल अधिकारों, मानव तस्करी, बाल श्रम, दहेज उत्पीड़न आदि से संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर अधिवक्ताओं नें जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची से मिलने वाली कानूनी सहायता व अन्य सुविधाओं से भी अवगत कराया। किन-किन लोगों को डालसा निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराती है इसके बारे मे भी बताया गया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों के बीच कानूनी संबंधी पुस्तिका, पंपलेट एवं लिफलेट का वितरण किया गया तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पीएलवी बेबी सिन्हा, लता कुमारी, तारा मिंज, मुनी देवी, राजा वर्मा आदि मौजूद थे।




डालसा की ओर से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मांडर कांग्रेस ने फूंका एमपी के मुख्यमंत्री का पुतला



**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को मध्यप्रदेश में भाजपा नेता द्वारा एक आदिवासी युवक पर मूत्र विसर्जन करने के प्रतिवाद में प्रदर्शन करते हुए वहां के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। मंगा उराव ने कहा कि भाजपाई चुनाव के समय आदिवासी हितैसी बनकर वोट मांगते हैं और जब सरकार बना लेते हैं तो गरीब आदिवासियों के ऊपर अत्याचार करते हैं। भाजपा नेता के इसी दोहरे चरित्र के प्रतिवाद में आदिवासी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से आरोपित और वहां के भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर अनूप राम, जमील मल्लिक, होस उरांव, जुवेल तिग्गा, तबारक सरोफीना, बेलस टोपो, अर्जुन महतो, सुशील उरांव, सुमित उरांव, ललीत, कच्छप, इंदु तिग्गा, अमानत अंसारी, विश्वास उरांव, महाबीर उरांव, रंजीत उरांव, बंधु उरांव, सोमरा भगत, संजय तिग्गा, चिनतामनी, तेतरी उरांव, पूजा उरांव, संतोषी उरांव, असयानी तिर्की, अमानत अंसारी, समसुल, करमा उरांव, एगनेश टोपो, रिजवान, जावेद, बेरना देथ, अजुला, तसलीम, वृज उरांव आदि उपस्थित थे ।

### पुलिस ने जब्त किया अवैध बालू लदा तीन हाइवा व ट्रक

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के कोढ़ी मोड के समीप जिला प्रशासन की ओर से अवैध बालू लदे तीन हाइवा ट्रक और एक टर्बो ट्रक को जब्त किया गया। नगड़ी लोधमा रोड पर सुबह छह बजे बालू लादकर आ रहे ट्रकों को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पतड़ लिया। हालांकि पुलिस को देखते ही चालक अपनी-अपनी गाड़ियां वहीं छोड़ कर भाग गए। सभी ट्रकों को जब्त कर नगड़ी थाना लाया गया। वहीं, नगड़ी थाने में जिला खान निरीक्षक विश्वनाथ उरांव ने अवैध बालू उत्खनन को लेकर केस दर्ज कराया है। उधर, छापामारी दल में कार्यपालक दंडाधिकारी रांची सदर पवन कुमार, ओरमांझी के सीओ विजय कुमार केरकेट्टा, बुढ़मू के सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी आदि शामिल थे।

### आरटीसी स्कूल में सेनेटरी नैपकिन को लेकर छात्राओं के बीच चला जागरूकता अभियान




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को सरोज देवी फाउंडेशन की ओर से छात्राओं के बीच सेनेटरी नैपकिन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्राओं को सेनेटरी नेपकिन के उपयोग एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। फाउंडेशन की निरजरा हेमंती देवी ने कहा कि पीरियड की अवधि में स्वच्छता के प्रति सजग नहीं रहने से जान को भी खतरा हो सकता है। असुरक्षित और हाइजिन रहित नैपकिन या कपड़ा का उपयोग असमय ही महिलाओं के गर्भाशय में संक्रमण का कारण बन जाता है। जो कभी-कभी कैंसर का रूप भी धारण कर लेता है। वहीं, सुशीला देवी ने कहा कि अगर हमें स्वस्थ रहना है तो स्वच्छता जरूरी है। इस मौके पर प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो, मेघलाल महतो, शिक्षिका स्नेहा शालिनी सहित अन्य उपस्थित थे।

### विनोद सिंह बने आरजेडी के प्रदेश महासचिव



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम स्टेशन पुरुलिया रोड के समीप यश राज धर्मकांटा निवासी विनोद सिंह यादव को राष्ट्रीय जनता दल का प्रदेश महासचिव मनोनित किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने यह दायित्व उन्हें सौंपा है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती, संघर्ष व रचनात्मक कार्यक्रम में इनका सक्रिय योगदान अपेक्षित है। वहीं, प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर विनोद सिंह यादव ने कहा कि इस भरोसे का मैं ईमानदारी पूर्वक पार्टी के हित के लिये काम करूंगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी, कमलेश यादव, अनिल शर्मा, सीपी सोलंकी, राजेश रोशन, शिल्पी यादव, राजू सिंह, दीपक सिंह आदि आरजेडी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### अनगड़ा डाक बंगला में हुई आजसू की बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** डाक बंगला में शुक्रवार को आजसू की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जगरनाथ महतो ने की। इसमें पार्टी के केंद्रीय सचिव सह जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा भी थे। बैठक में 14 जुलाई को पार्टी द्वारा आहूत प्रखण्ड स्तरीय हल्ला बोल कार्यक्रम की सफलता की तैयारियों पर चर्चा की गई। खिजरी विस के पूर्व आजसू प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि पूरे झारखण्ड में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। बिना वगैर रिश्वत के कोई काम नहीं होता है। इन्हीं सभी मुद्दों को लेकर हल्ला बोल कार्यक्रम होगा। मौके पर विरेंद्र सिंह भोगता, जलनाथ चौधरी, आसाराम महतो, विक्रम ठाकुर आदि थे।

# डेढ़ करोड़ की लागत से होगा पुलिस पिकेट भवन का निर्माण

विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पिकेट को निजी भूमि दान किया है
भवन निर्माण से पुलिस कर्मियों के साथ साथ आम लोगों को भी होगी सुविधा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के कामगरपुर पुलिस पिकेट के भवन का निर्माण डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से शीघ्र कराया जायेगा। इस आशय की जानकारी हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विज्ञप्ति के मध्यम से कही। उन्होंने कहा कि अब कामगारपुर का पुलिस पिकेट स्थाई होगा। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में सुरक्षा सबसे आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 2008 में उनके घर पर हुए उग्रवादी घटना के बाद सरकार ने कामगरपुर में पुलिस पिकेट की स्थापना की थी। पुलिस पिकेट की स्थापना के बाद से इस क्षेत्र में कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। आगे भी शांति बहाल रहे इसके लिए जपला-छतरपुर मुख्य पथ स्थित कामगरपुर में पिकेट के लिए उन्होंने कीमती जमीन दान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पिकेट के पास पर्याप्त भवन नहीं रहने की वजह पुलिस कर्मियों के साथ साथ ग्रामीणों को भी दिक्कत होती है। श्री सिंह ने बताया कि कामगारपुर पुलिस पिकेट के निर्माण की निविदा निकल गई है। जल्द ही डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से पुलिस पिकेट भवन का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण हो जाने से पिकेट के पुलिस कर्मियों को काफी लाभ मिलेगा। भवन निर्माण की निविदा प्रकाशित होने से पुलिस कर्मियों और ग्रामीणों में खुशी है।

# प्रखंड स्तरीय खरीफ फसल पर कार्यशाला आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड सभागार में प्रमुख कमला देवी के अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ फसल कर्मशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के जन प्रतिनिधि सहित विभिन्न पंचायतों के कृषक मित्र तथा किसान शामिल हुए। मौके पर प्रमुख कमला देवी ने किसानों को समय पर बिज उपलब्ध नहीं होने पर सवाल करते हुए कहा कि हरिहरगंज प्रखंड के किसान अधिकतर कृषि पर निर्भर करते हैं। और इन्हें गुणवतापूर्ण तथा समय पर बिज उपलब्ध नहीं होना चिंता का विषय है। इन्हें समय पर बिज उपलब्ध करायें। इस दौरान सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रवीण जहां के द्वारा लाइंग सोइंग से बाजरा, धान, मक्का, अरहर सहित खरीफ फसल की खेती करने की विधि बतायी गई। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित पीएम किसान निधि योजना, झारखण्ड ऋण माफी योजना, केसीसी, कुशुम योजना सहित कई महत्वाकांक्षी योजना के बारे में जानकारी दी गई।मौके पर प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी निरंजन कुमार, कटैया पंसस शैलू कुमार सिंह, कृषक मित्र अनिल कुमार यादव, प्रवेश यादव,रंजीत पासवान, मोहन यादव, रंजय कुमार वर्मा, किरण देवी, लालदेव कुमार यादव, शिवपूजन मेहता, किसान मनोज कुमार सिंह, ललन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, कपिल कुमार यादव सहित कई लोग शामिल थे।

# 13वीं जूनियर, सब जूनियर झारखंड तैराकी प्रतियोगिता शनिवार से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के एक्वेटिक स्टेडियम में शनिवार से दो दिवसीय 13वीं जूनियर, सब जूनियर बालक/बालिका झारखंड तैराकी प्रतियोगिता शुरू हो रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री मनोज कुमार, सचिव(खेल, पर्यटन और कला संस्कृति) झारखंड सरकार के द्वारा शनिवार को 5 बजे संध्या में किया जायेगा। दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान 250 से ज्यादा तैराकों के भाग लेने की संभावना है जो विभिन्न स्पधाओं में पदक जीतने के लिए मशक्कत करेंगे। लगभग 40 तकनीकी पदाधिकारी प्रतियोगिता के संचालन में अपनी भूमिका निभाएंगे। उद्घाटन के अवसर पर जानी मानी एथलीट पुष्पा हंसा, गिरीश राठौर और अर्चित आनंद (उपाध्यक्ष) झारखंड ओलंपिक संघ, विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा। उक्त जानकारी झारखंड तैराकी संघ के सचिव उपेंद्र तिवारी ने दी।

## हुसैनाबाद में मनायी गयी स्व. दिनेश बाबू की 18वीं पुण्यतिथि

# स्व. दिनेश बाबू के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है: आलोक सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** समाजवादी नेता स्व दिनेश कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को शहर के दिनेश चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनके प्रतिमा पर मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष अलोक कुमार सिंह, कर्नल संजय कुमार सिंह, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, राजद नेता विनय कुमार सिंह यादव, झामुमो नेता छेदी खान, पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम, उपाध्यक्ष गयासुद्दिन अंसारी, श्रवण अग्रवाल, लवकेश कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह, मशरूर साहब, कमलेश प्रसाद सिंह आदि ने मल्यार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक कुमार और संचालन भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि दिनेश बाबू जेपी जी के आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी और बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया करते थे। दिनेश बाबू व्यक्ति नही विचार थे। गरीबो लिए हमेशा लड़ाई लड़ते रहते थे।उन्होंने जात पात की राजनितिक कभी नहीं किया। वे हर समय गरीब असहाय की मदद करते रहते थे। हमलोगों को उनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर लोजपा जिला अध्यक्ष विक्रमा सिंह, राजेश्वर सिंह, भाजपा नेता भुनेश्वर सिंह, समिति बद्री सिंह, वार्ड पार्षद अखिलेश यादव, सुधीर सिंह, वरुण सिंह सहित लोग मौजूद थे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वन-महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वन - महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डां एके सिंह ने संस्कृत श्लोक के माध्यम से वृक्ष की उपयोगिता का वर्णन करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किये।

छायामअन्यस्य कुर्वन्ति तिष्ठन्ति स्वयम आतपे। फलानि अपि परार्थाय वृक्षाः सत्पुरुषा इव।। अर्थात- जो स्वयं धूप में रहकर दूसरों को छाया प्रदान करते हैं तथा जिसके फल भी दूसरों के लिए होते हैं। वृक्ष सज्जन पुरुषों के समान हैं। उन्होंने आगे हिन्दी कवि के कवितांश की दो पंक्ति सुनाई-

आओ अपनी भूल सुधारें, पर्यावरण का रुप सुधारें। कहते हैं सब वेद-पुराण, बिना वृक्ष के नहीं कल्याण।

बढ़ती जनसंख्या और आधुनिकीकरण का सीधा प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है, जिसके चलते वनों की कटाई हो रही है। वनों के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए देशभर में वन महोत्सव मनाया जाता है। वन महोत्सव को एक राष्ट्रीय त्योहार घोषित किया गया है। वन महोत्सव की शुरूआत सन 1950 ई. में देश के कृषि मंत्री कन्हैयालाल मणिकलाल मुंशी द्वारा की गई थी। वन महोत्सव भारत सरकार द्वारा वृक्षारोपण को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिवर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में मनाया जाता है। उन्होनें बताया कि वृक्ष ऑक्सीजन उत्सर्जित करते हैं तथा कार्बन-डाई-ऑक्साईड अवशोषित करते हैं। मानव सहित अन्य जीव-जंतुओं के लिए वृक्ष बहुत लाभकारी है। अतः पृथ्वी पर जीवन तथा पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए वृक्ष लगाना जरूरी है। वृक्षों के पत्ते, फूल, फल, छाया, मूल, छाल, लकड़ी, गंध, गोंद सहित राख तक को शरीर में लगाकर अपनी कामनाओं को पूर्ण करते हैं तो ऐसे वृक्षों की हमें सदैव वंदना करनी चाहिए न कि कटाई। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में वृक्षारोपण जागरुकता हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित हुए। जो 06 जुलाई से 10 जुलाई तक चलेगी।

समूह ए- कक्षा प्रथम और तृतीय के लिए स्लोगन, नृत्य, कला और भाषण।

समूह बी - कक्षा चतुर्थ से कक्षा दशम् तक के लिए स्लोगन, नृत्य, कला, निबेंध, भाषण और पोस्टर मेकिंग। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

# राहुल गांधी के सर्मथन में पलामू कांग्रेस ने निकाला संघर्ष मार्च




मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। राहुल गांधी को गुजरात हाई कोर्ट से सजा बरकरार होने पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस भवन के कार्यालय से स्थानीय छःमुहान चौक तक संघर्ष यात्रा निकाला गया। कांग्रेस जनों ने संघर्ष यात्रा में जमकर नारा लगाते हुए कहा राहुल जी संघर्ष करें हम आपके साथ हैं,राहुल जी के सम्मान में कांग्रेस है मैदान में, राहुल गांधी संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं। सविधान बचाओ देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ, डरो मत संघर्ष करो, डरेंगे नहीं झुकेंगे ना देश के खातिर लड़ेंगे।

संघर्ष यात्रा में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह,ओमप्रकाश अमन, सुरेश पाठक, भिकारी राम, विद्या सिंह चेरो, महिला जिला अध्यक्ष इंदु भगत, सच्चिदानंद मिश्रा, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, नसीम खान, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, सोनू खान, मिट्ठू सुनील पासवान,आलोक सिंह,अमित यादव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ को मिला दो दिवसीय प्रशिक्षण



हरिहरगंज/ पलामू(आजाद सिपाही)। उपायुक्त पलामू के निर्देश पर निर्वाचन पदाधिकारी बांसुदेव राय ने राष्ट्रीय मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 की तैयारी एवं बीएलओ की भागीदारी बढ़ाने को लेकर प्रखण्ड सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया।प्रशिक्षण के दौरान सीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी बांसुदेव राय ने प्रखण्ड के सभी बीएलओ के साथ जानकारी साझा करते हुए कहा कि मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 का काम शुरू हो गया है।इसके तहत 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा और युवतियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ना है।उन्होंने सभी बीएलओ से अपील करते हुए कहा कि इस कार्य को अपने तरीके से पूर्ण करना है ताकि सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके।साथ ही पुराने वोटरों का नाम पता सहित अन्य त्रुटियों में सुधार, बुथ परिवर्तन, मृत वोटरों के नाम हटाने का काम करना है।इसके लिए सेविका और एएनएम को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मोबाईल फोन पर बीएलओ ऐप डाउनलोड करा कर फार्म नंबर 6,7 और 8 की भी जानकारी दी गयी है।


## जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/14/2023-24

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुरहू | मुरहू बाजार में शेड एवं चबुतरा का निर्माण कार्य।(भाग–क) | 24,93,900.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | मुरहू | मुरहू बाजार में शेड एवं चबुतरा का निर्माण कार्य।(भाग–ख) | 23,01,900.00 | 47,000.00 | 5000.00 | 3 माह |

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 10.07.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि 17.07.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 18.06.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक। जो समय पर अभिलेख जमा नही करेंगे उनकी निविदा को खोला नही जायेगा।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 19.06.2023 अपराह्ण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी के पक्ष, जो आई०डी०बी०आई०,बैंक, खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।
8. जिला परिषद, खूँटी/RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 301731 (District)23-24*D



## प्रपत्र VII
## समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या 529/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 06/07/2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना कदवा मोड़ (**MDR-140** पर) डंडई ब्लॉक–टहले–चकला–रबदा–रंका (रंका–चिनियाँ पथ **ODR** पर) (कुल लम्बाई 35.565 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण हेतु ग्राम–सिगसिगा खुर्द, थाना–चिनियाँ, थाना सं0–58, अंचल–चिनियाँ, जिला–गढ़वा में कुल :– **1.292** एकड़ भूमि अपेक्षित है।
इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **1.292** एकड़ है और जो ग्राम–सिगसिगा खुर्द, थाना–चिनियाँ, थाना सं0–58, अंचल–चिनियाँ, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 70 | 44 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.079 | मनधारी साह वो नग साह पिता–घुटन | 43 | 41 | 45 | 41 |
| 2 | 86 | 45 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.205 | रामगहन साह पिता–खदेरन साह जाति–तेली | 49 | 34 | 60 | 41 |
| 3 | 70 | 49 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.061 | मनधारी साह वो नग साह पिता–घुटन साह | नदी | 45 | 47 | 43 |
| 4 | 70 | 52 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.128 | सुरेश साव पिता–स्व0 लंगा साव | नदी | 53 | 347 | 58 |
| 5 | 62 | 58 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.110 | सुरेश साव पिता–स्व0 लंगा साव | 51 | 64 | 52 | 60 |
| 6 | 103 | 60 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.269 | अनबुझ महरा पिता–बुधु राम | 50 | 59 | 48 | 45 |
| 7 | 24 | 354 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.128 | फजीहत कोरवा पिता–स्व0 विनेश्वर कोरवा | 353 | 352 | 466 | 351 |
| 8 | 81 | 359 | रैयती | धान 2 | 0.015 | सुरेश विश्वकर्मा पिता–सरजु विश्वकर्मा | 358 | 347 | 156 | 360 |
| 9 | 3 | 362 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.003 | सुकन कोरवउ पिता–स्व0 चमरू कोरवा | 364 | 361 | 360 | 347 |
| 10 | 7 | 402 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.156 | रामनाथ कोरवा पिता–ललु कोरवा | 401 | 403 | 403 | 400 |
| 11 | 74 | 404 | रैयती | धान 2 | 0.027 | राम किशुन सिंह पिता–स्व0 केवट सिंह | 396 | 453 | 405 | 454 |
| 12 | 43 | 417 | रैयती | टॉड़ दो नई परती एक साल | 0.076 | गंगा सिंह पिता–स्व0 बेचन सिंह | 419 | 419 | 415 | 418 |
| 13 | 106 | 418 | रैयती | धान 2 | 0.035 | विश्वनाथ सिंह पिता–करमन सिंह जाति–खरवार | 407 | 451 | 417 | 405 |
| | | | | कुल :– | 1.292 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,
जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–सिगसिगा खुर्द, थाना–चिनियाँ, थाना सं0–58, अंचल–चिनियाँ, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।
पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

PR.NO.301744 Land Reforms(23-24):D

उपायुक्त, गढ़वा।



## प्रपत्र VII
## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या 522/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 06/07/2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **कदवा मोड़ (MDR-140 पर) डंडई ब्लॉक–टहले–चकला–रबदा–रंका (रंका–चिनियाँ पथ ODR पर) (कुल लम्बाई 35.565 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण** हेतु ग्राम–कुण्डील उर्फ डोल, थाना–चिनियाँ, थाना सं0–01, अंचल–चिनियाँ, जिला–गढ़वा में कुल :– **3.327** एकड़ भूमि अपेक्षित है।
इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **3.327** एकड़ है और जो ग्राम–कुण्डील उर्फ डोल, थाना–चिनियाँ, थाना सं0–01, अंचल–चिनियाँ, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 21 | 2011 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.005 | मुसन साह एक अंश जाति–तेली, निवासी–निज ग्राम, पत्रालय–रानीचेरी। | 2110 | 2023 | 2025 | 2020 |
| 2 | 21 | 2016 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.113 | अलोक कुमार गुप्ता, पिता–स्व0 गया साह कुलमतीया देवी, पति–सुमन साव। | 20007 | 2020 | 2012 | 2014 |
| 3 | 21 | 2020 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.218 | अलोक कुमार गुप्ता, पिता–स्व0 गया साह कुलमतीया देवी, पति–सुमन साव। | 2013 | 2021 | 2011 | 2016 |
| 4 | 21 | 2021 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.112 | अलोक कुमार गुप्ता, पिता–स्व0 गया साह कुलमतीया देवी, पति–सुमन साव। | 2020 | 2022 | 2023 | 2017 |
| 5 | 21 | 2023 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.308 | अलोक कुमार गुप्ता, पिता–स्व0 गया साह कुलमतीया देवी, पति–सुमन साव। | 2011 | 2315 | 2035 | 2021 |
| 6 | 224 | 2283 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.074 | फोनवा देवी, पति–ललू राम व दशरथ ठाकुर, पिता–स्व0 मोती ठाकुर व कोदू विश्वकर्मा, पिता–स्व0 रामवृक्ष विश्वकर्मा। | 2294 | 2292 | 2294 | 2043 |
| 7 | 284 | 2299 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.071 | सत्येन्द्र साव, पिता–हरि साव। | रास्ता | 2297 | 2300 | 2296 |
| 8 | 280 | 2304 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.072 | कईल यादव, पिता–स्व0 नन्हकु यादव। | रास्ता | 2303 | 2305 | 2302 |
| 9 | 288 | 2314 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.211 | अन्तु यादव वो पिता–रामकेश्वर यादव। | 2354 | रास्ता | चदर 4 | 2316 |
| 10 | 115 | 2316 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.096 | प्यारी पनीका, पिता–प्रभू पनीका व अमृत पनीका, पिता–प्रभु पनीका। | 2353 | रास्ता | 2354 | 2317 |
| 11 | 94 | 2320 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.019 | रामप्रसाद साह, पिता–महावीर साह अंश समान, जाति–कलवार। | 2351 | रास्ता | 2317 | 2322 |
| 12 | 284 | 2323 | रैयती | धनहर 2 | 0.032 | हरी साव, पिता–स्व0 तुलसी साव। | बांध | रास्ता | 2322 | 2277 |
| 13 | 60 | 2570 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.129 | भगत महतो वो खईल महतो, पिता–धुखु महतो, जाति–कुम्हार, निवासी–निज ग्राम। | 2569 | 2573 | 2571 | 2564 |
| 14 | 191 | 2575 | रैयती | धनहर 2 | 0.015 | मनोज कुमार चौबे, पिता–स्व0 रामाधार चौबे। | 2574 | 2551 | रास्ता | 2553 |
| 15 | 253 | 2587 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.004 | गिरवर प्रसाद साव, पिता–स्व0 जिवोधन साव। | 2577 | 2588 | रास्ता | 2588 |
| 16 | 254 | 2592 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.017 | शिव प्रसाद, पिता–स्व0 जिबोधन साव। | बांध | 2593 | रास्ता | 2594 |
| 17 | 171 | 2620 | रैयती | टॉड़ 3 | 0.018 | अन्तु यादव वगै0, पिता–स्व0 रामकेशव यादव। | 2619 | 2507 | रास्ता | चदर 3 |
| 18 | 2 | 2636 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.036 | राम चरित्र यादव, पिता–स्व0 माना यादव। | 2639 | 2635 | 2637 | रास्ता |
| 19 | 2 | 2639 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.049 | गुलाबचंद यादव वो पिता–अर्चज महतो। | 2640 | 2636 | 2638 | रास्ता |
| 20 | 2 | 2640 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.046 | विश्वनाथ यादव, पिता–स्व0 जोकी यादव। | 2643 | 2639 | 2641 | रास्ता |
| 21 | 187 | 2648 | रैयती | धनहर 2 | 0.033 | हरि साव वगै0, पिता–स्व0 रामकेश साव। | 2649 | 2647 | 2651 | रास्ता |
| 22 | 89 | 2757 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.024 | गोपाल साव, पिता–स्व0 रामकेश साव। | 2749 | 2756 | 2760 | रास्ता |
| 23 | 236 | 2758 | रैयती | म्कानमय सहन कीता | 0.009 | मुंशी कोरवा, जाति–कोरवा, निवासी–निज ग्राम। | रास्ता | 2759 | 2760 | रास्ता |
| 24 | 236 | 2759 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.039 | मुंशी कोरवा, जाति–कोरवा, निवासी–निज ग्राम। | रास्ता | 2757 | 2760 | रास्ता |
| 25 | 191 | 2760 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.072 | रूकमनी देवी, पति–कमेश्वर साव, बिरेन्द्र गुप्ता, पिता–शिवशंकर प्रसाद गुप्ता, मनोहर गुप्ता, पिता–मुनमहेश प्रसाद गुपता, बिजनारायण यादव, पिता–गौतम गुपता व मुकेश कुमार गुपता, पिता–चन्द्रिका गुपता मनोज कुमार चौबे, पिता–स्व0 रामाधार चौबे। | रास्ता | 2755 | 2761 | 2759 |
| 26 | 163 | 2771 | रैयती | मकानमय सहन | 0.009 | उपाध्या प्रजापति, पिता–स्व0 जगदीश प्रजापति। | रास्ता | 2770 | 2772 | 2766 |
| 27 | 163 | 2772 | रैयती | धनहर 2 | 0.019 | उपाध्या प्रजापति, पिता–स्व0 जगदीश प्रजापति। | रास्ता | 2770 | रास्ता | 2771 |
| 28 | 239 | 2774 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.015 | रघुनाथ प्रसाद गुप्ता वो पिता–स्व0 श्यामलाल साहु। | 2781 | 2775 | 2776 | रास्ता |
| 29 | 239 | 2775 | रैयती | मकानमय सहन | 0.003 | विनोद प्रसाद गुप्ता, पिता–स्व0 श्यामलाल साहु। | 2774 | रास्ता | 2776 | रास्ता |
| 30 | 239 | 2776 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.056 | विनोद प्रसाद गुप्ता, पिता–स्व0 श्यामलाल साहु। | 2777 | रास्ता | 2778 | 2775 |
| 31 | 86 | 2788 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.009 | शिव दयाल कोरवा, पिता–ढुराई कोरवा, अंश समान, जाति–कोरवा, निवासी–निज ग्राम। | 2787 | 2789 | 2790 | 2776 |
| 32 | 86 | 2789 | रैयती | धनहर 2 | 0.038 | ढुराई कोरवा अंश समान, जाति–कोरवा, निवासी–निज ग्राम। | 2788 | रास्ता | 2790 | 2776 |
| 33 | 86 | 2790 | रैयती | धनहर 2 | 0.033 | नरेश कोरवा, पिता–शिवदयाल कोरवा। | 2787 | रास्ता | 2791 | 2788 |
| 34 | 261 | 2791 | रैयती | मकानमय किता | 0.002 | पंचु कोरवा, पिता–स्व0 सोमारू कोरवा। | 2792 | रास्ता | 2792 | 2790 |
| 35 | 261 | 2792 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.023 | पंचु कोरवा, पिता–स्व0 सोमारू कोरवा। | 2786 | रास्ता | 2793 | 2787 |
| 36 | 60 | 2800 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.032 | केशव यादव, पिता–स्व0 ढुराई यादव। | 2799 | रास्ता | 2801 | रास्ता |
| 37 | 250 | 2801 | रैयती | धनहर 2 | 0.013 | रामपृत प्रजापति, पिता–वेलु महतो एवं विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता, पिता–रामराज साव। | 2810 | रास्ता | 2802 | 2800 |
| 38 | 239 | 2802 | रैयती | धनहर 2 | 0.009 | रामपृत प्रजापति, पिता–वेलु महतो एवं विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता, पिता–रामराज साव। | 2810 | रास्ता | 2803 | 2801 |
| 39 | 60 | 2803 | रैयती | धनहर 2 | 0.006 | रामपृत प्रजापति, पिता–वेलु महतो एवं विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता, पिता–रामराज साव। | 2810 | रास्ता | 2804 | 2802 |
| 40 | 60 | 2804 | रैयती | धनहर 2 | 0.011 | लखमनीया कुंवर वो पति–जगदेश प्रजापति। | 2810 | रास्ता | 2805 | 2803 |
| 41 | 291 | 2805 | रैयती | धनहर 2 | 0.014 | वनासी प्रजापति वो पिता–विगु प्रजापति। | 2809 | रास्ता | 2806 | 2804 |
| 42 | 51 | 2807 | रैयती | धनहर 2 | 0.006 | जयप्रकाश कोरवा वो पिता–देवनाथा कोरवा। | 2825 | रास्ता | 2825 | 2808 |
| 43 | 114 | 2826 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.061 | जयप्रकाश कोरवा वगै0 पिता–स्व0 देवनाथ कोरवा व वंशी सोनी पिता–हरिहर सोनी एवं श्रवण कुमार राम, पिता–सुकर राम। | 2823 | रास्ता | 2848 | 2825 |
| 44 | 82 | 2849 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.080 | जगु कोरवा, पिता–स्व0 हेवल कोरवा। | 2848 | रास्ता | 2850 | 2848 |
| 45 | 6 | 2850 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.079 | अवध बिहारी साव, पिता–स्व0 गया साव व विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता, पिता–रामराज साव एवं विनोद प्रसाद गुप्ता, पिता–श्यामलाल साव। | 2860 | रास्ता | 2862 | 2849 |
| 46 | 50 | 2890 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.170 | रामरध्या सिंह, पिता–स्व0 गटैरी सिंह व बहौनी कुंवर, पति–स्व0 बकलु सिंह। | रास्ता | रास्ता | सिवाना | 2889 |
| 47 | 50 | 2892 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.196 | मुन्द्रिका सिंह, पिता–चिखुरी सिंह। | रास्ता | 2893 | थ्सवाना | 2922 |
| 48 | 290 | 2925 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.033 | शिव ठाकुर, पिता–श्री त्रिवेणी ठाकुर। | रास्ता | 2927 | 2923 | 2726 |
| 49 | 60 | 2926 | रैयती | टॉड़ एक | 0.037 | साधु महतो वो पिता–स्व0 हिरा महतो। | रास्ता | 29255 | 2927 | 2955 |
| 50 | 60 | 2958 | रैयती | टॉड़ एक | 0.015 | साधु महतो वो पिता–स्व0 हिरा महतो। | रास्ता | 2960 | 2956 | 2983 |
| 51 | 183 | 2982 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.128 | विनोद प्रसाद गुप्ता, पिता–स्व0 रघुनन साव। | रास्ता | रास्ता | 2998 | रास्ता |
| 52 | 50 | 2995 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.009 | रामवली सिंह, पिता–स्व0 गटौरी सिंह। | रास्ता | 2994 | रास्ता | 2297 |
| 53 | 60 | 2997 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.020 | साधु महतो वो पिता–स्व0 हिरा महतो। | रास्ता | 2994 | 2995 | 2998 |
| 54 | 52 | 3000 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.012 | शिवनन्द प्रजापति वो पिता–स्व0 चुटाई महतो। | रास्ता | 2999 | 2996 | 3001 |
| 55 | 142 | 3001 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.007 | रामप्रित प्रजापति वो पिता–स्व0 बेलु महतो। | रास्ता | 3011 | 3000 | 3002 |
| 56 | 142 | 3002 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.007 | सूर्यदेव प्रजापति, पिता–विगु महतो। | रास्ता | 3011 | 3001 | 3003 |
| 57 | 250 | 3003 | रैयती | धनहर 2 | 0.015 | बनारसी प्रजापति वो पिता–स्व0 विगु महतो। | रास्ता | 3006 | 3002 | 3004 |
| 58 | 250 | 3004 | रैयती | धनहर 2 | 0.001 | रामजश प्रजापति, पिता–स्व0 नागेश्वर प्रजापति। | रास्ता | 3006 | 3003 | 3028 |
| 59 | 264 | 3028 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.018 | साधु महतो वो पिता–स्व0 हिरा महतो। | रास्ता | 3027 | 3004 | 3029 |
| 60 | 51 | 3033 | रैयती | धनहर 2 | 0.006 | वेलु महतो, पिता–जासो महतो, समान जाति–कुम्हार, निवासी निज ग्राम। | रास्ता | 3032 | 3029 | 30234 |
| 61 | 250 | 3034 | रैयती | धनहर 2 | 0.020 | साधु महतो वो पिता–स्व0 हिरा प्रजापति। | रास्ता | 3032 | 3033 | 3032 |
| 62 | 60 | 3039 | रैयती | धनहर 2 | 0.013 | साधु महतो वो पिता–स्व0 हिरा महतो व शिवचन्द्र प्रजापति, पिता–स्व0 चुटाई महतो। | रास्ता | 3038 | 3035 | 3040 |
| 63 | 60 | 3040 | रैयती | धनहर 2 | 0.013 | साधु महतो वो पिता–स्व0 हिरा महतो व शिवचन्द्र प्रजापति, पिता–स्व0 चुटाई महतो। | रास्ता | 3043 | 3039 | 3042 |
| 64 | 60 | 3042 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.017 | साधु महतो वो पिता–स्व0 हिरा महतो व शिवचन्द्र प्रजापति, पिता–स्व0 चुटाई महतो। | रास्ता | रास्ता | 3040 | 3041 |
| 65 | | 3307 | रैयती | | 0.191 | अज्ञात | 2620 | रास्ता | रास्ता | चादर 3 |
| 66 | | 3332 | रैयती | | 0.059 | अज्ञात | रास्ता | 2278 | 2293 | 2279 |
| | | | | कुल :– | 3.327 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,
जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–कुण्डील उर्फ डोल, थाना–चिनियाँ, थाना सं0–01, अंचल–चिनियाँ, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।
पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 301740 (Land Reforms) 23-24 (D)

## चिकित्सकों पर इलाजे में लापरवाही बरतने का आरोप, पुलिस के हस्तक्षेप से मामला हुआ शांत

# देव क्लिनिक में 72 घंटे में तीन नवजातों की मौत, नाराज परिजनों का हंगामा

**परिजन लिखित शिकायत करते हैं, तो जांच कर की जाएगी उचित कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



हंगामा कर रहे नाराज परिजनों को समझाती पुलिस।

**कतरास।** बाघमारा थाना क्षेत्र के बड़ा पांडेयडीह स्थित देव क्लिनिक में पिछने तीन दिनों (72 घंटों) में तीन नवजात शिशुओं की मौत के बाद नाराज परिजनों ने शुक्रवार को अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने का का आरोप भी लगाया। यही नहीं, परिजन क्लिनिक प्रबंधन के साथ मारपीट पर भी उतारू हो गए थे। हालांकि सूचना पाकर मौके पर पहुंची बाघमारा पुलिस ने समझा बुझा कर परिजनों को शांत कराया। जबकि पीड़ित परिजनों का आरोप है कि क्लिनिक के प्रबंधक डॉ एमएम सिंह ने तीनों प्रसूताओं का गलत तरीके से डिलीवरी करायी है। क्लिनिक में नवजात के इलाज के लिए किसी तरह की सुविधा नहीं होने के कारण बच्चों की हालत बिगड़ गयी थी। जिससे एक-एक कर तीनों नवजातों ने दम तोड़ दिया। हालांकि डॉ एमएम सिंह का कहना है कि तीनों प्रसूता का डिलीवरी गायनी चिकित्सक की देखरेख में ऑपरेशन के जरिए कराया गया था। तीनों के शिशु भी स्वस्थ थे। अचानक उनकी तबियत बिगड़ने पर उन्हें दूसरे अस्पताल रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान मौत हुई है। इसके विपरीत परिजनों का आरोप है कि यहां की नर्स और चिकित्सकों को बच्चों के इलाज के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं है। पूछे जाने पर वे कुछ भी नहीं बता रहे थे। इसके अलावा यहां कोई शिशु रोग विशेषज्ञ भी नहीं है। अगर होता तो उनके बच्चों की सही देख भाल होती और उन्हें समय रहते इलाज मिल जाता, तो जान नहीं जाती। दूसरी ओर, बाघमारा थाना के सअनि प्रेम प्रकाश पांडेय ने बताया कि परिजन अगर लिखित शिकायत देते हैं तो जांच पड़ताल कर क्लिनिक प्रबंधन के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि खरियो निवासी नुरेशा खातून ने मंगलवार को ऑपरेशन से नवजात को जन्म दिया था। हालांकि कुछ समय बाद धीरे-धीरे उसका ऑक्सीजन स्तर कम होने लगा। चिकितकों ने उसे रेफर कर दिया। शुक्रवार को बोकारो ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी। वहीं दूसरी घटना छाताटांड़ खरियो निवासी भवानी कुमारी और तीसरी घटना डुमरा दास टोला निवासी लक्ष्मी देवी के साथ घटित हुई है।

# पत्नी की हत्या और दो महिलाओं पर चाकू से हमला कर युवक फरार

## पुलिस ने साइको युवक पर रखा 10 हजार का इनाम

**पांच दिनों में दिया तीन घटनाओं को अंजाम, सीसीटीवी में कैद हुई करतूत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंद्रपुरा/बेरमो।** चंद्रपुरा थाना अंतर्गत पश्चिम पल्ली में अजय रविदास नामक एक सनकी व्यक्ति द्वारा शोभा पांडेय नामक महिला को चाकू मारकर घायल करने के बाद फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। महिला शुक्रवार की सुबह घर के सामने झाड़ू लगा रही थी। तभी अजय रविदास उसके पास पहुंचा और उस पर चाकू से हमला कर दिया। उधर, गंभीर रूप से घायल महिला को डीवीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने हालत नाजुक देख बोकारो रेफर कर दिया। उधर, महिला पर हमला करने के बाद भागते हुए साइको अजय की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। इसके पूर्व उसपर गोमिया थाना क्षेत्र में अपनी ही पत्नी की हत्या करने का आरोप है। इसके अलावा एक अन्य महिला को भी घायल कर चुका है। चंद्रपुरा सहित कई थानों की पुलिस उसकी तलाश कर रही है। उधर, चंद्रपुरा थाना प्रभारी कार्तिक महतो ने कहा कि साइको अजय रविदास पिछले पांच दिनों में तीन महिलाओं पर जानलेवा हमला कर चुका है। इसमें एक की मौत भी हो चुकी है, जबकि दो का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस साइको का कोई लाभदायक जानकारी देता है तो उसे 10 हजार रुपए इनाम स्वरूप दिया जाएगा।

### पत्नी की हत्या के बाद चाची पर किया जानलेवा हमला

**गोमिया थाना क्षेत्र के स्वांग न्यू माइनर्स कॉलोनी में पांच जुलाई को पवन रविदास की पत्नी गुड़िया देवी (34) को चाकू मार कर घायल कर चुका है। महिला उसकी चाची बतायी जा रही है। उसे रांची अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां हालत गंभीर बतायी जा रही है। उसके पति ने घटना को लेकर थाने में मामला दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस अजय रविदास की तलाश में उसके आवास पहुंची, तो दंग रह गयी। क्योंकि वहां उसकी पत्नी का शव पड़ा मिला। आशंका है कि सनकी अजय रविदास ने तीन जुलाई को ही अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। पत्नी का शव मिलने के बाद पुलिस सरगर्मी से उसकी खोजबीन में जुट गई थी। उधर, शुक्रवार को उसी सनकी ने चंद्रपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला पर हमला कर दिया है।**

## रोजगार आधारित कौशल विकास के लिए आगे आयें युवा, हौसलों को लगेंगे पंख



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग और डालमिया भारत फॉउंडेशन के सौजन्य से **बोकारो दीक्षा** के नाम से संयुक्त उद्यम के रूप में अल्पावधि तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र का संचालन सेक्टर 01/सी में शुरू किया गया है। जिसका उद्देश्य बोकारो के परिक्षेत्रीय गांवों के युवाओं का कौशल विकास कर उन्हें सम्मानजनक स्व रोजगार एवं रोजगार के लिए तैयार करना है। इस योजना के अंतर्गत आने वाले पाठयक्रम में सहायक इलेक्ट्रीशियन, सोलर पैनल टेक्नीशियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट और सिलाई मशीन ऑपरेटरशामिल है। कालांतर में वेल्डिंग, प्लम्बिंग और आटोमोबाइल टेक्नीशियन से जुड़े शॉर्ट टर्म तकनीकी पाठयक्रम भी शुरू किए जायेंगें। महिलाओं और दिव्यांगजनों के लिए सभी पाठयक्रम निःशुल्क रखा गया है। सभी प्रकार के कौशल विकास पाठयक्रमों के लिए उच्च गुणवत्ता एवं योग्यता वाले प्रशिक्षकों की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। योजना का पाठयक्रम राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के पाठयक्रम अनुसार रखा गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित छात्रों के रोजगार सृजन में स्नाइडर फाउंडेशन और नाबार्ड जैसी संस्थाओं का अहम सहयोग है। बोकारो के परिक्षेत्रीय गांव महुआर, बालीडीह, भर्रा बस्ती के आस-पास के अभी तक कुल 80 प्रशिक्षु अपना नामांकन करा चुके हैं। उनके कौशल विकास का प्रशिक्षण भी शुरू हो चुका है।

## डीएवी-6 की छात्रा आकांक्षा ने कराटे में जीता स्वर्ण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में प्रार्थना सभा में कराटे प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। पश्चिम बंगाल राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन 28 मई को बर्दमान में जेकेए इंडिया की ओर से किया गया था। जिसमें डीएवी-6 की छात्रा कुमारी आकांक्षा को प्रथम स्थान मिला था, जबकि श्रुति महतो तीसरे स्थान पर रही थी। कराटे प्रतियोगिता महिला वर्ग के लिए आयोजित था। इन दोनों प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर गोल्ड और ब्रांच मेडल जीता। प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने दोनों प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उन्होंने ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है।

# धनबाद रेल मंडल संसदीय समिति की हुई बैठक में सांसदों ने रखे जनहित से जुड़े मुद्दे

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के मंडल संसदीय समिति की बैठक शुक्रवार को डीआरम कार्यालय में हुई। जिसमे धनबाद मंडल के अंतर्गत आने वाले सांसदों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सांसद पीएन सिंह किया। वहीं, महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने सभी सांसद और प्रतिनिधियों का स्वागत किया। बैठक में मौजूद सभी सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्र की जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेलवे के विकास से जुड़े अपने-अपने सुझावों को रखा। इसके अलावे रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में कीमती सुझाव दिया। बैठक में आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने कहा कि धनबाद मंडल द्वारा यात्री सुविधा की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे किये गए हैं। 13 स्टेशनों पर ठहराव, 17 स्टेशनों के प्लेटफॉर्म का उंचीकरण, दो स्टेशनों के प्लेटफॉर्म का विस्तार, 14 स्टेशनों पर दिव्यांग शौचालय की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में धनबाद मंडल द्वारा माल लदान एवं इससे प्राप्त आय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यात्री सुविधा के क्षेत्र में रांची और पटना के मध्य विश्वस्तरीय अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त वंदे भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया गया है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, पलामू सांसद बीड़ी राम, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, रांची सांसद संजय सेठ तथा राज्य सभा सांसद राम शकल एंव दीपक प्रकाश मौजूद थे। जबकि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के प्रतिनिधि कामाख्या नारायण सिंह, सांसद अजय प्रताप सिंह के प्रतिनिधि विक्रम सिंह चंदेल, गया सांसद विजय कुमार के प्रतिनिधि नागेन्द्र यादव, हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा के प्रतिनिधि चंद्र भूषण प्रसाद, सांसद हरदीप सिंह पुरी एवं पकौड़ी लाल के प्रतिनिधि श्रीकृष्ण गौतम, सांसद समीर उरांव के प्रतिनिधि अरूण जोशी, सांसद धीरज साहू के प्रतिनिधि सुखैर भगत, सांसद महुआ मांझी के प्रतिनिधि लाखी सोरेन व सांसद आदित्य प्रसाद के प्रतिनिधि चंद्रशेखर सिंह उपस्थित थे। वहीं पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा के अलावा धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जल सहियाओं को मिला जल गुणवत्ता निगरानी एवं अनुश्रवण का प्रशिक्षण

**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत होसिर पूर्वी पंचायत भवन में मुखिया सावित्री देवी एवं होसिर पश्चिमी मुखिया पार्वती देवी की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल तेनुघाट की ओर से जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता, निगरानी एवं अनुश्रवण व पेयजल रख रखाव को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एसीई संस्था के मुकेश कुमार ने उपस्थित सभी वार्ड सदस्य, जलसहिया, सेविकाओ और जेएसएलपीएस की दीदियों को फील्ड टेस्ट किट से जल से संबंधित 11 प्रकार के रसायनिक जांच के बारे में बताया।

# दहेज मामले में युवक को ढ़ाई साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने दहेज मामले में दोषी पाए जाने के बाद शुक्रवार को अनीश अनुराग नामक एक युवक को ढ़ाई साल की सजा सुनाई है। गौरतलब हो कि चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के तेलो निवासी सूचिका जिमी कुमारी ने एक मार्च 2017 को बयान दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व गिरिडीह जिले के अनीश अनुराग के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुराल में कुछ दिन ठीक से रही। लेकिन उसके बाद उसे पति एवं ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। मांग करने लगे कि दहेज में दो लाख रुपये और एक गाड़ी मायके से मांग कर लाये। ऐसा नहीं करने पर गाली गलौज, मारपीट करने लगे। कई बार जान से मारने का भी प्रयास किया। इसे लेकर पंचायती भी हुई। इसके बाद वह दो महीने से मायके में रही थी। इसके बाद उसका पति उसे अपने साथ इलाज करने के लिए हरिद्वार ले जाने आया। वहां से वापस लौटने के दौरान 27 फरवरी 2017 को हरिद्वार स्टेशन पर ही छोड़कर भाग गया। जब वह कोडरमा स्टेशन पहुंची तो उसका पति अनीश वहां मौजूद था। उसे वहीं से मायके जाकर दहेज के दो लाख लेकर ही घर (ससुराल) आने को कहा। मना करने पर जान से मारने की नीयत से गला दबाने लगा। पर स्टेशन पर आरपीएफ जवान ने उसे बचाया और उसके पिता को सूचना दी। तब परिवादी मायके पहुंची और चंद्रपुरा थाना में मामला दर्ज कराया। दूसरी ओर, सजा के खिलाफ अपील में जाने के लिए अनीश को जमानत मिली है।


**झारखण्ड सरकार**
**(उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग)**
**राजकीय पोलिटेकनिक, कोडरमा–825410**
मो0 नं0 9934519595, Email – gmti.koderma@rediffmail.com

**"निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु सूचना"**

झारखण्ड सरकार उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अन्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक, कोडरमा में विश्वविख्यात सिमेन्स कम्पनी द्वारा स्थापित तकनीकी कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र (t-SDI) में राज्य के स्नातक/अभियांत्रिकी /पोलिटेकनिक/आई0टी0आई0 एवं मैट्रिक उतीर्ण युवक/युवतियों, पुरूष/महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
इच्छूक उम्मीदवार अपना आवेदन दिनांक 20.07.2023 तक संस्थान में जमा कर सकते है। दिनांक 25.07.2023 को उम्मीदवारों के चयन हेतु साक्षात्कार लिया जायगा।
सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त सिमेन्स कम्पनी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ नियोजन की भी व्यवस्था की जायगी।
प्रशिक्षण संबंधी विशेष जानकारी केन्द्र प्रमुख आकाश कुमार गुप्ता दूरभाष सं0 7004590780, 8317026598 7050205717 एवं ई0मेल tsdi.koderma@gmail.com पर प्राप्त की जा सकती है। अवकाश को छोड़कर कृप्या जानकारी के लिए सुबह 10:00 से शाम 4:00 बजे तक कॉल करें। अधिक जानकारी के लिए संस्थान में आकर संपर्क करें।
विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायगा।

**प्रशिक्षण ट्रेड की सूचीः**
1. टू व्हीलर ऑटोमोबाईल मरम्मति
2. फोर व्हीलर ऑटोमोबाईल मरम्मति
3. इलोक्ट्रोनिक्स (होम अप्लाएन्सेस प्रशिक्षण)
4. इलोक्ट्रोनिक्स ऑफिस अप्लाएन्सेस प्रशिक्षण)
5. कम्प्यूटर डिजाइन प्रशिक्षण (CAD/CAM)
6. सी0एन0सी0 (लैथ मशीन) लैब
7. वेल्डिंग टेक्नोलॉजी लैब

**नोटः**
1. आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष।
2. न्यूनतम योग्यता मैट्रिक उतीर्ण।
3. झारखण्ड का स्थायी निवासी प्रमाण–पत्र।

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक, कोडरमा

PR 301705Higher Education,Technical Education and Skill Development Department(23-24)#D


# नदी के पानी पर आश्रित है हजारों की आबादी, बहाव रुकने से खदान को भी खतरा

# आउटसोर्सिंग के ओबी का पत्थर गिरने से एकड़ा नदी के अस्तित्व पर मंडराया खतरा

**आउटसोर्सिंग कंपनी के चक्कर में समाप्त हो चुका है सेंद्रा नदी का अस्तित्व**

**अब एकड़ा नदी भी संकट में**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** एकड़ा नदी के अस्तित्व से छेड़छाड़ शुरू हो गया है। शुरूवाती दौर में ही नई आउटसोर्सिंग कंपनी एसएनआर की ओर से ओबीआर डंपिंग का पत्थर एकडा नदी में गिरना शुरू हो गया। यही हाल रहा तो नदी भरते देर नहीं लगेगा। एकड़ा नदी के किनारे ओबी डंपिंग होने के कारण ही उसमें पत्थर गिराये जा रहे हैं। नदी में ओबी का पत्थर गिरते रहा तो नदी के पानी का बहाव रुक जाएगा, जिससे त्राहिमाम शुरू होगा। बतातें चलें कि नदी के पानी पर ही आसपास की बस्तियां आश्रित है। खदान का जलस्तर भी बढ़ने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। आउटसोर्सिंग का पत्थर एकड़ा नदी के पूर्वी और दक्षिणी छोर पर डंपिंग हो रहा है। यह इलाका गोपालीचक कोलियरी में आता है। इस संबंध में पक्ष लेने के लिए पुटकी बलिहारी के जीएम अरुण कुमार और आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधक प्रमोद सिंह को कई बार फोन भी किया गया, लेकिन उन्होंने फोन ही नहीं रिसीव किया। गोपालीचक कोलियरी के पीओ एके वर्मा से इस बाबत पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि वह मौके पर खुद जा कर देखेंगे। नदी में ओबीआर गिरने नहीं दिया जाएगा। वहीं, लोयाबाद कोलियरी पीओ अनिल सिंह ने कहा कि गोपालीचक के मैनेजर को इस बात से अवगत करा दिया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नदी में ओबीआर नहीं गिरने दिया जाएगा। नदी को सुरक्षित रखा जाएगा।

### विधायक पूर्णिमा निरज सिंह ने विधानसभा में उठाया था मुद्दा

बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग कंपनी के चक्कर में सेंद्रा नदी का अस्तित्व समाप्त हो गया है। ओबी डंपिंग और खनन से सेंद्रा नदी की पहचान मिट गयी है। सेंद्रा नदी के अस्तित्व को लेकर झरिया की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने विधानसभा में आवाज भी उठाई और जांच की मांग भी की थी। लेकिन जांच में क्या निकला यह अबतक कुछ सामने नहीं आया। अब एकड़ा नदी भी ओबी और खनन के चक्कर में बर्बाद होने के शुरूआती दौर में है।

## समस्याओं के निदान को लेकर झामुमो नेता ने नगर आयुक्त को मांगपत्र सौंपा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नगर निगम के विभिन्न वार्डों में व्याप्त सड़क, नाली, विवाह भवन, स्ट्रीट लाइट कि समस्या को लेकर झामुमो धनबाद जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ने शुक्रवार को नगर आयुक्त से मुलाकात कर जनसमस्याओं से अवगत कराया। मुकेश सिंह द्वारा जनसमस्याओं के निदान के लिए एक मांगपत्र नगर आयुक्त को सौंपा गया। जिसके माध्यम से शांति कॉलोनी स्टील गेट में पीसीसी रोड़, नाली एवं स्ट्रीट लाइट, वार्ड 13 में धुर्वे साव के सब्जी दुकान से तुलसी रजक के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण और सोहन चौहान के घर से प्राथमिक विद्यालय तक स्ट्रीट लाइट लगाने सहित अन्य कई जनसमस्याओं से अवगत कराया। इस पर नगर आयुक्त ने सभी मांगों पर संबंधित पदाधिकारी को एक हफ्ते के अंदर निविदा जारी करने का आदेश दिया।


**Office of the Executive-Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division Khunti, Jharkhand**
**Email- eedwsd.khunti@gmail.com**

**Very Short e-Procurement Notice- 5th Call**
**Tender reference No- DWSD/KH-16(MVS)/2022-23, Date- 06.07.2023**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1) | Sindari, Purnanagar, Norhi and adjoining Village Rural Pipe Water Supply Scheme Under D.W. & S. Division Khunti on turnkey basis. | 3345.91 | 33.45 | 10,000.00 | 18 Months+3 Month Trial & run |
| A | Date of Publication of Tender on Website | 08.07.2023 up to 05.00 PM | | | |
| B | Last date /Time for receipt of Bid (Online) | 15.07.2023 up to 05.00 PM | | | |
| C | Last date /Time for receipt of Bid (Hard Copy) | 17.07.2023 up to 02.00 PM | | | |
| D | Place of receipt of Bid (Hard Copy) | 1. Office of the Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone. 2. Office Of the Superintending Engineer, D.W.&S. Ranchi Circle, Ranchi 3. Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti | | | |
| E | Date of opening of Tender | 18.07.2023 /11.00 AM | | | |
| F | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti | | | |
| G | Contact no of Procurement office | 06528-299928 | | | |
| H | Helpline no of e-procurement cell | 07717776462 | | | |
| | SAVE WATER::SAVE LIFE | | | | |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Drinking water & Sanitation Division
Khunti, Jharkhand.

PR 301692 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

## भ्रष्ट अधिकारियों पर सीएम नवीन पटनायक की कार्रवाई

# तीन अधिकारी हुए बर्खास्त छह की पेंशन बंद की गयी

- अब तक 197 अधिकारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भ्रष्टाचारियों और निकम्मों के खिलाफ मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का सख्त रवैया जारी है। उन्होंने नौ अधिकारियों पर कार्रवाई की है। तीन लोगों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि छह लोगों की पेंशन स्थायी रूप से बंद कर दी गयी है। अब तक 197 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। इस भ्रष्टाचारियों और निकम्मों कर्मचारीयों में से कार्यकारी अभियंता, ओएएस अधिकारी, कृषि विभाग अधिकारी, सामाजिक शिक्षा अधिकारी, एडिटर (लेखा परीक्षक), कनिष्ठ अभियंता प्रमुख जैसे विभिन्न क्षेत्रों के अधिकारी शामिल हैं। इन 9 लोगों में से कटक जिला आरडब्ल्यूएसएस डिवीजन-।। के पूर्व कार्यकारी अधिकारी शिवराम विशाल पर भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी पाया गया है। उनकी पेंशन स्थाई रूप से बंद कर दी गयी है।

### इन अधिकारियों पर गिरी गाज

कलाहांडी जिले कार्लमुंडा ब्लाक के पूर्व बीडीओ (सेवानिवृत्त ओपीएस अधिकारी) गंडाराम खमारी की पेंशन और ग्रेच्युटी को भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी पाये जाने के बाद स्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। नबरंगपुर जिले उमरकोट के पूर्व सहायक कृषि अधिकारी गोकुल चंद्र नायक पर दुर्निती के मामले में आरोप पाया गया है, उन्ही कारण से उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया है। उदयगिरि के पूर्व सहायक कृषि अधिकारी कृष्णचंद्र गौड़ को दुर्निती के मामले में दोषी ठहराये जाने के कारण उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी स्थायी रूप से बंद की गयी है। मलकानागिरी जिले के पूर्व भूमि (मूर्तिका) संरक्षण अधिकारी दाशरथी त्रिपाठी की पेंशन और ग्रेच्युटी स्थायी रूप से बंद किया गया है। बरगड जिले के सोहेला आरडब्ल्यूएसएस के पूर्व कनिष्ठ अभियंता उपेंद्रभंज नायक एक सरकारी अधिकारी होने के बावजूद अपने काम में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा बनाये रखने में विफल रहे, उनके खिलाफ कार्रवाई की गयी और उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। इसी तरह सुंदरगढ़ जिला लोकल फंड एडिटर विभाग के पूर्व एडिटर सुशील कुमार मेहेर को भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी पाया गया है। भ्रष्टाचार और अकुशलता के कारण उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया है। मयूरभंज उदला के पूर्व सामाजिक शिक्षा अधिकारी आनंद चंद्र नायक को भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराये जाने के कारण उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी स्थायी रूप से बंद कर दी गयी है। नयागढ़ जिले के चांदपुर के पूर्व डीएमएसएन अधीक्षक डॉ सुरेंद्र नाथ पति को भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी पाया गया है। उनकी पेंशन को स्थाई रूप से बंद कर दी गयी है। अब तक 197 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।

## वर्चुअल रियलिटी आधारित कौशल विकास कार्यक्रम शुरू

# 17,000 श्रमशक्ति को सुरक्षा और परिचालन की ट्रेनिंग देगा एमसीएल

आजाद सिपाही संवाददाता




**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने वर्ष 2026 तक 17,000 श्रमशक्ति को सुरक्षा और परिचालन प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आभास पटल पर (वर्चुअल रियलिटी) आधारित कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया है। कंपनी ने खनन 4.0 के तहत एक आदर्श बदलाव पहल के रूप में कोयला खनिकों के कार्य कौशल में वृद्धि लाने के लिए 6.5 करोड़ रुपये का बजट रखा है। सुरक्षित और उत्पादक खनन कार्यों की कुंजी के रूप में कुशल श्रमशक्ति पर बल देते हुए अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि खनन क्षेत्र में प्रगति और नयी तकनीक का प्रयोग करते हुए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाते हुए नियमित प्रशिक्षण और कौशल विकास करने की आवश्यकता है। श्री सिंह ने कहा कि हमने 2026 तक सफलतापूर्वक 300 मीलियन टन कोयला उत्पादन करने की लक्ष्य हासिल करने तथा कोल इंडिया को 1 बिलियन टन लक्ष्य हासिल करने में सक्षम होने के लिए ठेकेदारों के श्रमिकों समेत खनन परिचालन गतिविधियों में शामिल श्रमशक्ति के तकनीकी कौशल को उन्नत करने की योजना बनायी है। श्रमिकों को वीआर-आधारित प्रशिक्षण को लागू किये जाने से लागत और समय की बचत होने के साथ-साथ प्रशिक्षुओं द्वारा प्राप्त कौशल पर अपनी मतामत जाहिर करेंगे तथा दूसरे श्रमिक इससे प्रेरित होंगे। व्यावसायिक प्रक्रियाओं में डिजिटलीकरण की दिशा में एक व्यापक कदम उठाते हुए केशव राव, निदेशक (कार्मिक) ने कहा कि लगभग 17,000 विभागीय और ठेकेदारों के कर्मचारियों के लिए वीआर-आधारित प्रशिक्षण की शुरुआत की गयी जिससे वे इस आधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए 18 प्रशिक्षण मॉड्यूल पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

श्री राव ने यह भी कहा कि एमसीएल व्यावसायिक प्रक्रियाओं में नयी प्रौद्योगिकियों की लागू करने वाली कोल इंडिया में पहली कंपनी है, जो अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और उद्योग विशेषज्ञों के साथ समन्वित प्रयासों और ज्ञान-साझाकरण के माध्यम से व्यवसाय संचालन को आधुनिक बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वार्षिक सुरक्षा सम्मेलनों की सिफारिशों के अनुरूप श्री राव ने कहा कि विभागीय और ठेकेदारों के कर्मचारियों दोनों को प्रशिक्षण देने पर बल दिया जायेगा।

एमसीएल के इनोवेशन सेल, सुरक्षा और बचाव, विद्युतिक एवं यांत्रिकी, उत्खनन और इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार विभागों द्वारा संयुक्त रूप से की गयी इस पहल के तहत 3डी सिम्युलेटेड वीआर-प्लेटफॉर्म पर निर्बाध प्रशिक्षण दिया जायेगा एवं कोयला खदानों या कार्यशालाओं में नौकरियां करने से पहले कर्मचारियों को सुरक्षित प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। कर्मचारियों को कार्य प्रारंभ करने से पहले ही खदान की सभी जोखिम संबंधी गतिविधियों की जानकारी लेंगे एवं बचाव क्रियाकलाप के विषय में भी ज्ञान प्राप्त करेंगे ।

मेसर्स कॉनकोक्ट ह्यूमन रिसोर्स प्रैक्टिशनर्स (सीएचआरपी-इंडिया) प्रा. लिमिटेड, एक हैदराबाद स्थित वर्चुअल रियलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी को सिम्युलेटेड वातावरण के विकास और ब्लास्टिंग, खदान निरीक्षण, इलेक्ट्रिकल सुरक्षा, ऊंचाई पर काम करना, एचइएमएम संचालन, यातायात सिमुलेशन, इंजन/ट्रांसमिशन रखरखाव, आदि क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के लिए सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीइएम) पर प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से काम सौंपा गया है।

एमसीएल कोल इंडिया की सर्वश्रेष्ठ कोयला उत्पादक कंपनी है, जिसका कार्यक्षेत्र ओड़िशा के सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा और अंगुल जिलों में खनन कार्यों चल रहा है। एमसीएल ने पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में 193 मिलियन टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया था। इसने पिछले साल बिजली संयंत्रों को रिकॉर्ड 148 मिलियन टन कोयला भेजा।

# प्रो. अच्युत सामंत को मिली मानद डॉक्टरेट की डिग्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, श्रीविहार, पुरी ने 7 जुलाई को हर्षोल्लास के साथ अपना 9वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया। समारोह के मुख्य अतिथि तथा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ओड़िशा के राज्यपाल प्रो गणेशीलाल ने आमंत्रित सम्मानित अतिथि किट-किस के प्राणप्रतिष्ठाता तथा कंधमाल लोकसभा सांसद प्रो अच्युत सामंत को श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी की ओर से पहली बार मानद डॉक्टरेट की डिग्री 'प्रज्ञा वाचस्पति' प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। यह मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रो अच्युत सामंत की कुल 53वीं डॉक्टरेट उपाधि है। समारोह की मुख्य अतिथि प्रख्यात ओडिया लेखिका एवं शिक्षाविद् डॉ प्रतिभा राय ने कहा कि प्रो अच्युत सामंत द्वारा शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे असाधारण कार्यों के लिए हर विश्वविद्यालय से उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया जाना चाहिए। प्रो अच्युत सामंत ने इस सम्मान के लिए जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों, विश्वविद्यालय के संकाय-सदस्यों और शिक्षा-परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रो सामंत ने कहा कि पुरी में अपनी शैक्षिक यात्रा शुरू करना और यहां से मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करना बडे ही सौभाग्य की बात है। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रवींद्र कुमार पंडा और कुलसचिव सुमित्रा पटनायक मंचासीन थीं।

# कर्मजीबी पत्रकारों के लिए डिजिटल स्वास्थ्य बीमा पोर्टल लॉन्च किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कर्मजीबी पत्रकारों के लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने वर्चुअली मोड़ में डिजिटल स्वास्थ्य बीमा पोर्टल http://owjws.odisha.gov.in लॉन्च किया गया। कार्यक्रम का प्रसारण विभागीय यूट्यूब चैनल पर किया गया है। वेबसाइट लॉन्च कार्यक्रम सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि पोर्टल लॉन्च करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। पोर्टल को 5-टी सिद्धांतों पर जोर देते हुए प्रस्तुत किया गया है। इससे प्रदेश के पत्रकारों को लाभ होगा। पत्रकारों के कल्याण के लिए गोपबंधु स्वास्थ्य बीमा की योजना बनायी गयी है, जो पत्रकार के परिवार को 2 लाख तक स्वास्थ्य बीमा कवर करेगा। पत्रकार की मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाती है। पत्रकार एक जागरूक समाज के निर्माण के लिए काम करते रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपको हर तरह का सहयोग देगी। इससे सभी कार्यरत पत्रकारों को लाभ होगा।

इस वेबसाइट पर पत्रकार घर बैठे अपना नाम ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं और उन्हें अलग-अलग कार्यालयों में भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

# अच्छे रिश्ते में शादी का वादा कर यौन संबंध बनाना दुष्कर्म नहीं होता : ओड़िशा हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर, कटक।** दुष्कर्म को लेकर ओड़िशा हाइकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। हाइकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि अच्छे रिश्ते में शादी का वादा करके यौन संबंध बनाना दुष्कर्म नहीं होता है। अदालत ने कहा कि अच्छे रिश्ते में रहते हुए शादी का वादा करके यौन संबंध बनाना और बुरे उद्देश्य के लिए झूठा वादा करके यौन संबंध बनाने के समान नहीं है। भुवनेश्वर के लक्ष्मी सागर इलाके की एक युवती ने अपने पुरुष मित्र के खिलाफ थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। बाद में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ 376 दुष्कर्म का मामला दर्ज किया, जिसे चैलेंज करते हुए आरोपी का पुरुष मित्र हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट के बिचारपति जस्जटिस राधाकृष्ण पटनायक ने निर्देश दिया कि एफआइआर के मुताबिक ऐसा नहीं लगता कि किसी भी प्रकार का झूठा वादा करके पुरुष मित्र ने शारीरिक संबंध बनाये हों। अगर पुरुष मित्र ने किसी बुरे इरादे से शारीरिक संबंध बनाये होते तो आइपीसी की धारा 376 के तहत मामला दर्ज होता। काफी समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद दोनों के बीच किसी वजह से अनबन हो गयी। हाइकोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगर अच्छी दोस्ती से शुरू हुआ रिश्ता किसी भी कारण से टूट जाता है, तो पुरुष मित्र के नाम पर बलात्कार का मामला दर्ज करना ग्रहणीय नहीं है।

# मां बूढ़ी ठकुरानी मंदिर नया रूप लेगा, 18 करोड़ होंगे खर्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ब्रह्मपुर के प्रसिद्ध मां बूढ़ी ठाकुरानी मंदिर को 5 टी उपक्रम में नया रूप देगा। ब्रह्मपुर के प्रसिद्ध मां बूढ़ी ठाकुरानी मंदिर की विकास योजना को मुख्यमंत्री ावीन पटनायक की मंजूरी मिल गयी है। यह काम दो चरणों में होगा और इस पर 18.91 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने समय पर काम पूरा करने का आदेश दिया है। ब्रह्मपुर की आराध्य देवी मां बूढ़ी ठाकुरानी न केवल गंजाम या ओड़िशा में बल्कि पड़ोसी आंध्र प्रदेश में भी प्रसिद्ध हैं। ओड़िशा और आंध्र प्रदेश से कई भक्त हर दिन मां की पूजा करने आते हैं। इसलिए राज्य सरकार ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण की योजना तैयार की है। मुख्य मंदिर के विकास के साथ-साथ मंदिर की दीवारों और चटान पर पत्थर बिखेरे जायेंगे। मंदिर को कलिंग स्थापत्य में यज्ञ कुंड, मंदिर कार्यालयों, दीवारों, उद्यानों के पुनर्निर्माण, सुंदर प्रवेश द्वार चित के साथ सुंदर बनाया जायेगा। इसी प्रकार श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए हाथ धोने के लिए पानी की व्यवस्था, सभागार आदि का निर्माण कराया जायेगा। इसके साथ ही विभिन्न कार्यों में उपयोग के लिए हॉल, पूजक के लिए घर, मंदिर की रसोई घर, भोग मंडप का भी निर्माण किया जायेगा। मंदिर को और आकर्षक बनाने के लिए लाइटिंग भी की जायेगी। बताया गया है कि मंदिर तक जाने वाली सड़क की उर्नती करण, पार्किंग व्यवस्था, शौचालय, पौधरोपण के साथ सुधार के उपाय किये जायेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर 5टी सचिव वीके पांडियन ने मां बूढ़ी ठाकुरानी के मंदिर का दौरा किया और पूजक स्थानीय समुदाय, जन प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के साथ मंदिर के विकास पर चर्चा की।
























| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**